आज का तापमान

	अधिकतम	न्यूनतम
लखनऊ	31°C	21°C

इनसाइड न्यूज

सीएम योगी के नेतृत्व में यूपी के गांवों में खुली रोजगार की नई राह

उत्तर प्रदेश पेज : 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

जन एक्सप्रेस

शनिवार 09 नवंबर, 2024 | पेज : 12 | मूल्य : ₹3.00/- लखनऊ | वर्ष : 16, अंक : 28 | www.janexpresslive.com/epaper

सुप्रीम कोर्ट ने पलटा 1967 का फैसला 12

एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे : मोदी

- कांग्रेस पहले धर्म के नाम पर लड़ाती थी, अब जातियों के नाम पर लड़ा रही
- देश को बांटने का काम करना ही कांग्रेस का एकमात्र एजेंडा : पीएम नरेन्द्र मोदी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार की शुरुआत की। धुले में 50 मिनट में भाषण में मोदी ने महा विकास अघाड़ी, कांग्रेस के अलगाववाद, महाराष्ट्र के विकास, आदिवासी और महिलाओं पर बात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। पहले वे धर्म के नाम पर लड़ाते थे। इसी के चलते देश का बंटवारा हुआ। अब वे जातियों को लड़ाने का काम कर रहे हैं। ये भारत के खिलाफ साजिश है। मोदी ने ये भी कहा कि महाअघाड़ी की गाड़ी में न पहिए हैं, न ब्रेक है और ड्राइवर की सीट पर बैठने के लिए झगड़ा हो रहा है। चारों तरफ से अलग-अलग हॉर्न सुनाई दे रहे हैं। महाराष्ट्र की 288 सीटों में एक फेज में 20 नवंबर को चुनाव होंगे। रिजल्ट 23 नवंबर को आएगा। भाजपा महायुति गठबंधन के साथ चुनाव लड़ रही है। बीजेपी ने 148, शिंदे गुट ने 80, अजित गुट ने 53 उम्मीदवार उतारे हैं।

महाराष्ट्र की प्रगति को नई ऊंचाई पर ले जाएंगे

उन्होंने आगे कहा, पूरा महाराष्ट्र देख रहा है कि कांग्रेस और अघाड़ी वाले लोग अब महिलाओं को किस तरह गाली देने पर उतर आए हैं। कैसी-कैसी अभद्र भाषा, कैसे-कैसे कमेंट, महिलाओं को नीचा दिखाने की कोशिश। महाराष्ट्र की कोई माता-बहन कभी भी अघाड़ी वालों के इस कृत्य को माफ नहीं कर सकती। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि पिछले ढाई साल में महाराष्ट्र के विकास की जो गति मिली है, उसे रुकने नहीं दिया जाएगा। अगले 5 साल महाराष्ट्र की प्रगति को नई ऊंचाई पर ले जाएंगे। महाराष्ट्र को जिस सुशासन की जरूरत है, वह महायुति सरकार ही दे सकती है। दूसरी तरफ, महाअघाड़ी की गाड़ी में न पहिए हैं, न ब्रेक और ड्राइवर की सीट पर बैठने के लिए भी झगड़ा हो रहा है।

2019 की तुलना में भाजपा कम सीटों पर लड़ रही

2019 के विधानसभा चुनाव की तुलना में भाजपा इस बार कम सीटों पर लड़ रही हैं। भाजपा ने पिछली बार 164 सीटों पर अपने प्रत्याशी उतारे थे। इस बार 16 उम्मीदवार कम उतारे हैं। वहीं, शिवसेना-शिंदे ने 80, एनसीपी-अजित ने 53 के लिए पार्टी में बगावत के बाद यह पहला विधानसभा चुनाव है। पिछले चुनाव में शिवसेना (अविभाजित) और एनसीपी (अविभाजित) 124-124 सीटों पर लड़ी थीं। इन सबके अलावा इस बार महायुति ने 5 सीटें सहयोगी पार्टियों के लिए छोड़ी हैं।

जब भी मांगा दिल खोलकर मिला : पीएम

महाराष्ट्र से मैंने जब भी कुछ मांगा है, महाराष्ट्र के लोगों ने दिल खोलकर मुझे अपना आशीर्वाद दिया है। 2014 के विधानसभा चुनाव में मैं आपके बीच यहां धुले आया था। मैंने आपसे महाराष्ट्र में भाजपा सरकार के लिए आग्रह किया था। आपने महाराष्ट्र में 15 साल के सियासी कुचक्र को तोड़कर भाजपा को अभूतपूर्व जीत दिलाई थी। आज मैं एक बार फिर यहां धुले की धरती पर आया हूं। धुले से ही मैं महाराष्ट्र में चुनाव अभियान की शुरुआत कर रहा हूं।

'महिलाओं को सशक्त बनाना जरूरी'

पीएम मोदी ने कहा, महाराष्ट्र की जनता-जनार्दन ने विधानसभा चुनाव में भाजपा नित एनडीए की विजय का शंखनाद कर दिया है। विकसित महाराष्ट्र-विकसित भारत के लिए हमारी बहनों-बेटियों का जीवन आसान बनाना, उन्हें सशक्त करना बहुत जरूरी है। जब महिलाएं आगे बढ़ती हैं, तो पूरा समाज तेजी से प्रगति करता है। इसलिए, पिछले 10 वर्षों में केंद्र सरकार ने महिलाओं को केंद्र में रखकर बड़े फैसले लिए हैं। उन्होंने कहा, भाजपा ने हमेशा सबका साथ-सबका विकास की नीयत से काम किया है। इस संकल्प का प्रमुख हिस्सा हमारा आदिवासी समाज भी है। ये वो समाज है, जिनका देश की आजादी में, देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। लेकिन कांग्रेस और उसके साथियों ने कभी आदिवासी गौरव, आदिवासी स्वाभिमान पर ध्यान नहीं दिया।

अघाड़ी वालों से सतर्क रहना होगा

पीएम ने कहा, महाराष्ट्र की हर महिला को इन अघाड़ी वालों से सतर्क रहना होगा। ये लोग कभी भी नारी शक्ति को सशक्त होते नहीं देख सकते। पूरा महाराष्ट्र देख रहा है कि कांग्रेस, अघाड़ी के लोग अब महिलाओं को गाली देने लगे हैं। किस तरह की अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया जा रहा है। महाराष्ट्र की कोई भी माता-बहन अघाड़ी वालों के इस कृत्य को माफ नहीं कर सकती। उन्होंने आगे कहा, कांग्रेस ने कश्मीर को आर्टिकल 370 के जरिए देश की मुख्य धारा से अलग किया। कांग्रेस ने कश्मीर में बाबा साहब आंबेडकर का संविधान 75 साल तक लागू नहीं होने दिया। इन्हें जवाब देना होगा। यह परिवार सालों तक राज करता रहा फिर भी संविधान लागू नहीं हुआ। देश में दो संविधान चलते थे। फिर मोदी आया, तब जाकर बाबा साहेब का संविधान जम्मू कश्मीर में लागू हुआ।

बाबासाहेब दलितों और वंचितों के लिए आरक्षण चाहते थे

जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, आजादी के समय बाबासाहेब दलितों और वंचितों के लिए आरक्षण चाहते थे लेकिन नेहरू जी इस बात पर अड़े थे कि दलितों, पिछड़ों और वंचितों को आरक्षण नहीं दिया जाना चाहिए। बड़ी मुश्किल से बाबासाहेब दलितों और आदिवासियों के लिए आरक्षण का प्रावधान कर पाए थे... नेहरू जी के बाद इंदिरा जी आईं और उनका भी आरक्षण के खिलाफ यही रवैया था। ये लोग चाहते थे कि एससी, एसटी, ओबीसी हमेशा कमजोर रहें। राजीव गांधी ने भी ओबीसी आरक्षण का खुलकर विरोध किया था... राजीव गांधी के बाद अब इस परिवार की चौथी पीढ़ी, इनका युवराज इसी खतरनाक भावना के साथ काम कर रहा है। कांग्रेस का एकमात्र एजेंडा एससी, एसटी, ओबीसी समाज की एकता को किसी भी तरह से तोड़ना है... कांग्रेस चाहती है कि एससी, एसटी, ओबीसी समाज अलग-अलग जातियों में बंटा रहे... कांग्रेस आदिवासी समाज की पहचान, एसटी की एकता को तोड़ने में लगी हुई है। कांग्रेस को आदिवासियों की एकता पसंद नहीं है। जब कांग्रेस ने धर्म के नाम पर ऐसी साजिश रची थी, जब देश का बंटवारा हुआ था, अब कांग्रेस एससी, एसटी, ओबीसी की एक जाति को दूसरी जाति के खिलाफ खड़ा कर रही है। इससे बड़ी साजिश भारत के खिलाफ नहीं हो सकती...।

महाअघाड़ी के लोगों के धोखे से बनी सरकार के ढाई साल आपने देखे : प्रधानमंत्री

हर किसी का राजनीति में आने पर अपना लक्ष्य होता है। हम जैसे लोग जनता की सेवा करने के लिए राजनीति में आए हैं, जबकि कुछ लोगों के लिए राजनीति का आधार लोगों को लूटना है। जब लोगों को लूटने की नीयत रखने वाले महाअघाड़ी जैसे लोग सत्ता में आते हैं, तो वे विकास को रोकते हैं और हर योजना में भ्रष्टाचार करते हैं। महाअघाड़ी के लोगों के धोखे से बनी सरकार के ढाई साल आपने देखे हैं। इन लोगों ने पहले सरकार को लूटा और फिर महाराष्ट्र के आप लोगों को भी लूटना शुरू कर दिया। इन लोगों ने मेट्रो परियोजनाओं को रोका, वधावन पोर्ट के काम में बाधा डाली... महाआघाड़ी के लोगों ने हर उस योजना को रोका जो महाराष्ट्र के लोगों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने वाली थी। उन्होंने आगे कहा, महिला सशक्तिकरण के लिए हमारी सरकार जो कदम उठा रही है, वह कांग्रेस और उसके गठबंधन को बर्दाश्त नहीं हो रहा है। महायुति सरकार की लाडकी बहन योजना की चर्चा सिर्फ़ महाराष्ट्र में ही नहीं बल्कि पूरे देश में हो रही है, लेकिन कांग्रेस इसे रोकने के लिए तरह-तरह की साजिशें रच रही है। कांग्रेस के इकोसिस्टम के लोग इस योजना के खिलाफ़ कोर्ट भी जा चुके हैं। कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने ठान लिया है कि अगर उन्हें सत्ता मिली तो वे इस योजना को बंद कर देंगे।

घर में भीषण विस्फोट : फिल्मी स्टाइल में उड़ी छत, फट गईं दीवारें, कारोबारी की मौत

- एसडीएम सदर ने सिलेंडर फटने से धमाका होने की बात कही है

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

सुल्तानपुर में शुक्रवार को एक घर में भीषण विस्फोट हुआ। धमाके में कमरे की दीवारें धाराशायी हो गईं। छत गिर गई। हादसे के बाद कमरे में मौजूद पटाखा कारोबारी उछलकर दूर जा गिरा। पत्नी और भाभी मलबे में दब गईं। तीनों को मेडिकल कॉलेज लाया गया। मेडिकल कॉलेज में पटाखा कारोबारी की मौत हो गई। दोनों महिलाओं को मेडिकल कॉलेज से लखनऊ ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। एसडीएम सदर ने सिलेंडर फटने से धमाका होने की बात कही है। जबकि, ग्रामीण पटाखा विस्फोट की बात कह रहे हैं।

कमरे में रखा सामान दूर-दूर बिखर गया

मामला कुड़वार थाना क्षेत्र के सरैया पूरे बिसेन गांव की है। सरैया पूरे बिसेन निवासी नूर हसन (28) पटाखा व्यवसायी था। उसके घर के एक कमरे में शुक्रवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे अचानक विस्फोट हो गया। धमाका इतना जोरदार था कि कमरे की छत ही गिर पड़ी। दीवार की ईंटें और कमरे में रखा सामान दूर-दूर बिखर गया।

धमाके की आवाज सुनकर गांव वाले दौड़े

धमाका होते ही नूर हसन दूर जा गिरा। उसकी पत्नी नाजिया बानो (25) और भाभी अनीशा बानो (32) मलबे में दब गईं। धमाके की आवाज सुनकर गांव वाले मदद के लिए दौड़े। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत करके घायलों को बाहर निकाला और एंबुलेंस से मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां नूर हसन की मौत हो गई।

विस्फोट के बाद लगातार फूटते रहे पटाखे

एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी ने बताया कि सिलेंडर फटने के कारण विस्फोट हुआ है, न कि पटाखों की वजह से। वहीं विस्फोट के बाद भी घटनास्थल पर लगातार पटाखे फूटते रहे। इससे ये साफ है कि कमरे में पटाखों का भंडारण किया गया था। पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा भी देर शाम जांच करने पहुंचे। विस्फोट की असल वजह पता करने के लिए बम निरोधक दस्ता भी बुलाया गया है।

यूपी विधानसभा के विशेष सचिव की सड़क हादसे में मौत, बेटा गंभीर रूप से घायल

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

अयोध्या के पटरंगा थाना क्षेत्र के गनौली के पास सड़क हादसे में उत्तर प्रदेश विधानसभा के विशेष सचिव बृजभूषण दुबे (52) की मौत हो गई। जबकि उनके बेटे कृष्णा दुबे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना गुरुवार रात 12:30 बजे उस समय हुई, जब वे बस्ती से अयोध्या होते हुए लखनऊ जा रहे थे। पटरंगा व भेलसर प्रतिनिधि के अनुसार बृजभूषण दुबे का बेटा कृष्णा कार चला रहा था। गोरखपुर-लखनऊ हाईवे पर गनौली के पास ओवरटेक करने के दौरान कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर पार करते हुए दूसरी लेन में आ गई। इसी दौरान सामने से आ रहे एक ट्रक से उनकी कार की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर पटरंगा पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को सीएचसी रुदौली पहुंचाया। यहां डॉक्टरों ने बृजभूषण दुबे को मृत घोषित कर दिया। जबकि गंभीर रूप से घायल उनके बेटे कृष्णा का उपचार शुरू किया। रात में ही सीएचसी रुदौली पर एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी, एसडीएम प्रवीण यादव, सीओ आशीष निगम, पटरंगा थाना प्रभारी शशिकांत यादव व रुदौली कोतवाल संजय मौर्य पहुंच गए।

परिवार में शोक की लहर

सीओ आशीष निगम ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिवार को घटना की सूचना दे दी गई है। बृजभूषण बस्ती जिले के पैकोलिया थाना क्षेत्र स्थित सुरेखा खास गांव के निवासी थे। हादसे की खबर से परिवार में शोक की लहर है। पटरंगा थाना प्रभारी शशिकांत यादव ने बताया कि मृतक विशेष सचिव बस्ती के पैकोलिया थाना क्षेत्र के सुरेखा खास गांव से अपने बेटे कृष्णा दुबे के साथ अयोध्या होते हुए लखनऊ जा रहे थे। गनौली के पास हादसे का शिकार हो गए।

कार में लगे एयर बैग भी नहीं बचा सके विशेष सचिव की जान

लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर पटरंगा थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में विशेष सचिव बृजभूषण दुबे की जान कार में लगे एयर बैग भी नहीं बचा पाए। हादसा इतना भीषण था कि कार का बायां हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इसके दोनों तरफ लगे एयर बैग खुले पड़े हुए थे। इसके बाद भी वे कार में सवार विशेष सचिव को सुरक्षित करने में नाकाम रहे।

अखाड़ा परिषद ने बढ़ाई योगी सरकार की परेशानी

- अखाड़ा परिषद चाहती है कि कुंभ मेले में गैर-हिंदुओं की कोई दुकान न हो
- प्रशासनिक अमला सकते में आ गया, उन्हें अखाड़ा परिषद को बोली प्रक्रिया का हवाला देना पड़ा है
- बताया,जो भी बोली के मानदंडों को पूरा करता है, उसे आवंटन मिलता है
- अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के साधु अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

महाकुंभ की तैयारी के बीच अखाड़ा परिषद ने योगी सरकार की परेशानी बढ़ा दी है। अखाड़ा परिषद चाहती है कि कुंभ मेले में गैर-हिंदुओं की कोई दुकान न हो। इस पर प्रशासनिक अमला सकते में आ गया है। उन्हें अखाड़ा परिषद को बोली प्रक्रिया का हवाला देना पड़ा है। मेला अधिकारी विजय किरण आनंद के अनुसार ÷कुंभ में दुकानों का आवंटन प्रतिस्पर्धी बोली प्रक्रिया के माध्यम से किया जा रहा है। जो भी बोली के मानदंडों को पूरा करता है, उसे आवंटन मिलता है। इसके अलावा किसी और चीज का सवाल ही नहीं है। प्रयागराज में महाकुंभ मेला क्षेत्र में गैर-हिंदुओं को दुकानें आवंटित न करने की अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद की मांग ने अधिकारियों को असमंजस में डाल दिया है, क्योंकि आवंटन प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से किया जाता है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के साधु अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी ने गुरुवार को प्रयागराज में कहा, पूरे भारत में सनातनी लोगों-हिंदू, साधु और उनकी जातियों को भ्रष्ट करने का चलन देखा गया है, चाहे वे ब्राह्मण हों या ठाकुर। कुछ कट्टरपंथी हमारे धर्म को भ्रष्ट करना चाहते हैं। इसलिए, यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारा धर्म भ्रष्ट न हो, हम यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि मेला क्षेत्र में गैर-हिंदुओं की कोई दुकान न हो।

न तो हलवाई की दुकानें मिलनी चाहिए, न ही जूस या चाय की दुकानें और न ही कोई ढाबा...

अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी ने कहा, उन्हें (गैर-हिंदुओं को) न तो हलवाई की दुकानें मिलनी चाहिए, न ही जूस या चाय की दुकानें और न ही कोई ढाबा। तभी हम अपने धर्म को बचा पाएंगे। इसलिए, अपने धर्म और सनातन को बचाने के लिए हमने यह मुद्दा उठाया है।

स्नान की शुरुआत कौन करेगा इस मुद्दे पर अखाड़ों के बीच मतभेद

इस बीच, मेला क्षेत्र के आवंटन के साथ-साथ स्नान की शुरुआत कौन करेगा, इस मुद्दे पर अखाड़ों के बीच मतभेद पैदा हो गया है। पुरी ने कहा, हमने आज मेला क्षेत्र का सर्वेक्षण किया। हमारी मांग है कि सभी अखाड़ों के संत कुंभ में आएं। इसलिए उन्हें साधुओं के लिए भूमि आवंटित की जानी चाहिए और शेष भूमि गैर सरकारी संगठनों और अन्य को आवंटित की जानी चाहिए।उन्होंने यह भी कहा कि जूना अखाड़े के साधुओं को पहले स्नान की तिथि मिलनी चाहिए, क्योंकि 'उनकी संख्या अधिक है।' जब उनसे कहा गया कि यह परंपरा रही है कि महानिर्वाणी अखाड़ा स्नान की शुरुआत करता है, तो पुरी ने कहा, 'हमने परंपरा बनाई है। संन्यासी परंपरा बनाते हैं और वे इसे बदल भी सकते हैं।'

एक अखाड़े को जमीन आवंटन को लेकर गरमागरम बहस के बाद झड़प

प्रयागराज में अखाड़ा परिषद की बैठक में विभिन्न अखाड़ों के साधुओं के बीच झड़प की खबरें आईं। सूत्रों ने बताया कि एक अखाड़े को जमीन आवंटन को लेकर गरमागरम बहस के बाद झड़प शुरू हुई क्योंकि दो समूहों के बीच असहमति थी।

जून 2025 तक पूरा नहीं हो पाएगा राम मंदिर का निर्माण, तीन महीने और लगेंगे

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक के तीसरे दिन निर्धारित समय के अनुसार सभी निर्माण और रामजन्मभूमि परिसर में सुंदरीकरण का काम पूरा करने पर चिंतन-मंथन हुआ। समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि मंदिर के परकोटा में 8.5 लाख घन फीट वंशीपहाड़पुर लाल पत्थर की आवश्यकता है। श्रमिकों की संख्या कम होने से काम प्रभावित हो रहा है। 200 श्रमिक कम हैं। उन्होंने कहा कि जून 2025 तक सभी काम पूरा करने का लक्ष्य अब पूरा होता नहीं दिख रहा है। तीन माह और लगेगा। सभी परियोजनाओं पर काम चल रहा है। हजारों श्रद्धालुओं के जूता-चप्पल रखने के लिए स्थान चयनित कर लिया गया है, उस पर भवन का निर्माण इसी सप्ताह शुरू कर दिया जाएगा। रामनगरी अयोध्या स्थित राम मंदिर के प्रथम तल पर कुछ पत्थर ऐसे लग गए हैं, जिनकी मोटाई कम है।

एक्शन में डिप्टी सीएम, सीएचसी कर्मियों पर गिराई गाज वेतन रोका, जवाब किया तलब, मुकदमा भी होगा दर्ज

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर काफी संजीदा नजर आ रहे हैं। शुक्रवार को उन्होंने सीतापुर के हरगांव सीएचसी के वायरल वीडियो का संज्ञान लिया। सीएचसी कर्मियों का वेतन रोकने के साथ ही स्पष्टीकरण मांगा। साथ ही इनको वहां से हटा दिया गया है। इनके खिलाफ मुकदमा भी दर्ज होगा। मामला सीतापुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, हरगांव के ओटी कक्ष का है। यहां एक महिला का नसबंदी से संबंधित वीडियो सामने आया। इसका डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने संज्ञान लिया है। संबंधित स्वास्थ्यकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। डिप्टी सीएम ने कहा कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

स्पष्टीकरण मांगा

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि केंद्र अधीक्षक डॉ. नीतेश वर्मा को वहां से हटाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, एलिया भेज दिया गया है। एक माह का वेतन रोका गया है। तीन दिन में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. गोविंद का भी एक माह का वेतन रोकते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है।

मुकदमा दर्ज करके की जा रही वैधानिक कार्रवाई

साथ ही स्टाफ नर्स राधा वर्मा, वार्ड आया कल्पना को हरगांव केंद्र से हटा दिया गया है। उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कसमंडा भेजा गया है। साथ ही एक माह का वेतन रोका गया है। इनसे भी स्पष्टीकरण मांगा गया है। ट्रेनी फार्मासिस्ट सत्यप्रकाश एवं अतुल अवस्थी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराकर दोनों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

विभागीय कार्रवाई भी की जाएगी

डिप्टी सीएम ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रकरण की चार दिन में विस्तृत रिपोर्ट प्रेषित करने के निर्देश मुख्य चिकित्साधिकारी को दिए गए हैं। रिपोर्ट प्राप्त होने पर शासन स्तर से भी दोषियों के विरुद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

सीएम योगी बोले, अब दंगा नहीं विकास होता है मुजफ्फरनगर वालों को जल्द मिलेगी रैपिड रेल

- भारत के लिए 85 प्रतिशत कच्चा माल चीन से आता है, भारत में 15 फीसद बनता है

जन एक्सप्रेस । मुजफ्फरनगर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि रैपिड ने मेरठ से दिल्ली तक का सफर तय कर लिया है। जल्द ही मुजफ्फरनगर को इस सुविधा का लाभ मिलेगा। यूपी पुलिस के 60,244 पदों पर भर्ती का रिजल्ट जल्द आएगा। उपचुनाव की तिथियों पर चुनाव आयोग के फैसले का विरोध कर सपा पूरी तरह एक्सपोज हो चुकी है। महर्षि शुकदेव इंटर कॉलेज मोरना में भाजपा-रालोद गठबंधन की प्रत्याशी मिथलेश पाल के समर्थन में आयोजित जनसभा में सीएम ने कहा कि चुनाव की तारीख बदलकर आयोग ने जन आस्था का सम्मान किया है। मेजर ध्यानचंद खेल यूनिवर्सिटी बन जाने से खिलाड़ियों को अभ्यास के लिए यूरोप नहीं जाना पड़ेगा। मां शाकुंभरी विवि की स्थापना की गई। पिछले 22 साल में जितना गन्ना भुगतान हुआ, उससे कहीं ज्यादा भाजपा सरकार ने सात साल में कर दिया। मार्च 2023 के बाद किसानों की निजी ट्यूबवेलों के बिल सरकार चुका रही है। बैल, भैंसे और मोटर चुराने वाले जानते हैं कि उन्हें क्या कीमत चुकानी पड़ेगी। अब पश्चिमी यूपी में दंगा नहीं, कैराना में पलायन नहीं है। अब एक्सप्रेस वे बन रहे हैं। लोग अपना रोजगार शुरू कर रहे हैं। दंगों की आंच में झुलसने वाला मुजफ्फरनगर अब गन्ने की मिठास को दुनिया में पहुंचाने का काम कर रहा है।

चौधरी चरण सिंह को दिए भारत रत्न का किया जिक्र

सीएम योगी ने कहा कि भाजपा सरकार ने चीनी मिलों के सुधार की प्रक्रिया किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह की कर्मस्थली छपरौली से की। वहां से मोरना तक लगातार प्रयास जारी हैं। सीएम ने अपने भाषण में कई बार चौधरी चरण सिंह और उन्हें दिए गए भारत रत्न का जिक्र किया।

सीएम बोले, बारूद के ढेर पर पड़ेगा हैंडपंप का पानी

सीएम ने मुजफ्फरनगर दंगे और सपा प्रत्याशी का जिक्र भी छेड़ा। बोले कि दंगे के दौरान हथियारों का जखीरा मिला था, उस जखीरे को हम तबाह करने वाले हैं। यह भी कहा कि उस बारूद के ढेर पर पानी हैंडपंप का पड़ेगा।

एसपी ने ली परेड की सलामी, किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने शुक्रवार को पुलिस लाइन्स चित्रकूट में परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। साथ ही पुलिस लाइन का भ्रमण कर निरीक्षण भी किया तथा सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाईन में परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों व कर्मचारीगण का टर्न आउट चेक किया। साथ ही परेड ग्राउण्ड में उपस्थित सभी टोलियों की ड्रिल देखी एवं सुधार के लिए प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन को निर्देशित किया। परेड ग्राउंड में आर्मोरर द्वारा दंगा नियंत्रण शस्त्रों का खोलने, जोड़ने व हैन्डलिंग की भी जानकारी दी गयी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने परिवहन शाखा में जाकर थानों से आयी समस्त चार पहिया वाहनों, 112 पीआरवी वाहनों तथा परिवहन शाखा में रखे वाहनों का निरीक्षण कर प्रभारी परिवहन शाखा को मरम्मत के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने पुलिस लाइन्स परिसर का भ्रमण करते हुए आरक्षी बैरिक, सीपीसी कैंटीन, भोजनालय का निरीक्षण किया। एसपी ने क्वार्टर गार्द का निरीक्षण कर सलामी ली तथा आदेश-कक्ष में जाकर पुलिस कर्मियों का अर्दली रुम किया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी लाइन्स राजेश द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु फहद अली, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ प्रदीप कुमार पाल सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

25 नवम्बर से 06 दिसम्बर तक होगा टीकाकरण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने बताया कि जनपद के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शिवरामपुर एंव पहाडी में 0-5 वर्ष तक के बच्चो को मिजिल्स टीकाकरण कैच अप अभियान 25 नवम्बर से 06 दिसम्बर तक चलाया जाएगा। जिसके तहत दिसम्बर तक पूरे प्रदेश में मिजिल्स रूबेला केसो की रोकथाम के लिए 95 प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिससे प्रदेश में खसरा एंव रूबेला से सम्बन्धित केसो की रोकथाम करते हुए सम्बन्धित बीमारी को समाप्त किया जा सके।

मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि टीकाकरण अभियान के सफल संचालन के लिए जनपद स्तर पर शासन द्वारा निर्धारित विभिन्न गतिविधियों के अन्तर्गत 1-5 वर्ष तक के एमआर वैक्सीन से छूटे हुए बच्चो का एएनएम द्वारा टीकाकरण किया जायेगा एंव विटामिन ए की दवा भी पिलायी जायेगी।

बताया कि अभियान के दौरान लक्षित बच्चो का निःशुल्क टीकाकरण कार्ययोजना में चिन्हित क्षेत्रो में सोमवार, मगंलवार, गुरूवार एंव शुक्रवार को सत्र संचालित करते हुए तथा अन्य वैक्सीन से छूटे हुए बच्चो का टीकाकरण नियमित टीकाकरण के अन्तर्गत बुधवार एंव शनिवार को आगनबाडी केन्द्रो, इकाईयो के अन्तर्गत संचालित उपकेन्द्र, सीएचसी/पीएचसी के टीकाकरण सत्रो में किया जायेगा। बताया कि इस सम्बन्ध में बीते गुरुवार को जिला प्रतिरक्षण अधिकारी, डीएमसी यूनीसेफ, वीसीसीएम यूएनडीपी तथा डब्लूएचओ के ब्लॉक प्रतिनिधियो द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शिवरामपुर एंव पहाडी में एमआर कैचअप अभियान की तैयारियों से सम्बन्धित बैठक सीएचसी के ब्लाक स्तरीय बीपीएम, बीसीपीएम, आईओ तथा समस्त एएनएम के साथ की गयी। पर्यवेक्षण के लिए ब्लॉक से चिन्हित पर्यवेक्षको द्वारा आयोजित सत्रो का पर्यवेक्षण तथा जनपद स्तर से डब्लूएचओ, यूनीसेफ, यूएनडीपी के प्रतिनिधियो एवं अपर मुख्य चिकित्साधिकारी/नोडल अधिकारी सीएचसी/पीएचसी द्वारा अभियान के दौरान किया जायेगा। उन्होंने अपील की है कि सभी जनपद वासी एमआर कैचअप टीकाकरण में बच्चों का टीकाकरण कराकर अभियान को सफल बनाए।

मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि बच्चो में बुखार, खॉसी, बहती नॉक, लाल ऑखे, शरीर पर चकत्ते दिखते है, तो इसे खसरा का संकेत माना जाता है, यह सांस के माध्यम से एक से दूसरे बच्चो में फैलता है। खसरा होने के कारण बच्चो में अंधापन, इंसेफेलाइटिस, गंभीर अतिसार और निमानिया जैसी बीमारी भी होने का खतरा बना रहा है।

एसपी ने साप्ताहिक परेड की ली सलामी, किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । उरई

एसपी ने पुलिस लाइन में शुक्रवार को होने वाली साप्ताहिक परेड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों के अभ्यास को देखा और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इसके बाद उन्होंने पुलिस लाइन स्थित अन्य विभागों का भी निरीक्षण किया।

एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार ने शुक्रवार की सुबह पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड पहुंचकर परेड की सलामी ली, और वहीं पुलिस कर्मियों की परेड भी कराई। इसके बाद उन्होंने डायल 112 का निरीक्षण कर उपकरण देखे। इस दौरान एसपी ने मेस, आर्मरी, बैरक आदि का बारीकी से निरीक्षण कर साफ सफाई व्यवस्था देखी और सफाई रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों से समस्याएं भी पूछी, और यातायात पुलिस को नियमों का पालन कराने की बात कही। निरीक्षण के दौरान एसपी ने पुलिस लाइन के अन्य पटलों को भी परखा। उन्होंने प्रतिसार निरीक्षक पारस चौधरी व सीओ को भी सुधार आदि के निर्देश दिए। परेड के दौरान प्रतिसार प्रभारी समेत कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय छठ पर्व का समापन

जन एक्सप्रेस । उरई

उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही चार दिवसीय छठ पर्व का समापन हो गया। छठ पर्व का मुख्य आयोजन रामकुंड पर हुआ। महिलाओं ने छठा गीत गाये %उगा ना सूर्य देव, भइला अर्थ की बेर% गाया। हम करेली छठ चिरतिया उनके सागी जैसा गीत। पर्व को लेकर महिलाएं रात से ही तैयारियां में जुट गई थीं। शुक्रवार सुबह चार बजे रामकुंड के लिए सिर पर पूजा का सूप लेकर रवाना हुई। रामकुंड के जल में खड़े होकर सूर्य देवता के उगने का इंतजार करने लगीं। जैसे ही सूर्यदेव ने लालिमा बिखेरी। वैसे ही श्रद्धालुओं के चेहरे पर मुस्कान आ गई और वे सूर्यदेव और छठ मैया को स्तुति करने लगे। इसके बाद बारी-बारी सूर्यदेव को अर्घ्य देकर प्रार्थना की गई। इसके बाद व्रत का पारण किया गया। छठ पूजा समिति के अध्यक्ष संजय साहनी ने बताया कि छठ पर्व सूर्य उपासना का पर्व है। इसके माध्यम से आप अपनी माटी और घर परिवार से जुड़े रहे और बुजुगों का आशीर्वाद लेते रहने का संदेश दिया जाता है। यह तन और मन दोनों को शुद्ध करने का पर्व है। छठ पूजा को लेकर बच्चों ने आतिशवाजी भी की। स्टाल लगाकर लोगों को चाय वितरित की। इस दौरान पारसनाथ चौधरी, दीनानाथ तिवारी, आराधना सिंह आदि मौजूद रहे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया मानसिक स्वास्थ्य मेले का आयोजन

जन एक्सप्रेस । मऊ, चित्रकूट

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊ में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सक अधीक्षक डॉ मोहम्मद हारून के नेतृत्व में मेला लगाकर क्षेत्र के मरीजों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। मानसिक स्वास्थ्य मेले कार्यक्रम में सैकड़ों मरीजों ने करवाया इलाज।

इस कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी ने उपस्थित मरीजों को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि जीवन के लिए स्वास्थ्य सेवाएं अत्यंत महत्वपूर्ण है। कहा कि जनपद में डॉक्टरों का अभाव है। उन्होंने सभी डॉक्टरों व कर्मचारियों को पूरी ईमानदारी के साथ स्वास्थ्य सेवा का कार्य करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सदस्य विनीत द्विवेदी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भाजपा की सरकार लगातार कार्य कर रही है। भाजपा सरकार का उद्देश्य प्रत्येक जरूरतमंद को स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना है। चिकित्सक अधीक्षक डॉ मोहम्मद हारून ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य मेला का प्रमुख उद्देश्य जरूरतमंद गरीबों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं देना है। इस मौके पर हन्नाविनैका प्रधान दीपक तिवारी, बीपीएम धर्मवीर, आरओ रामसेवक यादव, डॉ धर्मेंद्र कुमार, अनूप कुमार, डॉ शिरोमणी आर्य, कॉर्डिनेटर बरगढ़ रीना, पीएचसी बरगढ़ कार्यकत्री रीता देवी सहित सीएचओ, पीएचसी, एनम, आशा बहू, आंगनवाड़ी, टीवी चैंपियन आदि मौजूद रहे।

पिता की डांट से क्षुब्द इकलौते पुत्र ने ट्रेन से कटकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस/उरई। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शहपुरा रेलवे फाटक के पास युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पहचान होने के बाद शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कपासी निवासी मधुर पटेल 19 वर्ष पुत्र सत्यप्रकाश पटेल गुरुवार को दोस्तों के साथ गांव में सिगरेट पी रहा था। तभी सिगरेट पीता देख पिता ने उसकी डांट लगा दी थी। पिता की डांट से क्षुब्ध होकर वह गुरुवार की शाम को घर से निकल गया था। देर रात तक वह घर न पहुंचने पर परिजनों को उसकी चिन्ता हुई, जिस पर उन्होंने उसकी खोजबीन शुरू कर दी, लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। तब परिवार के लोगों ने सूचना पुलिस को दी। शुक्रवार की सुबह घर के लोगों को सूचना मिली कि एक युवक का शव शहपुरा फाटक के पास पड़ा हुआ है। खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और उन्होंने उसकी शिनाख्त अपने लापता पुत्र के रूप में की। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लिया। फिलहाल पुत्र की मौत के बाद से मां बेटी राजा व पिता सहित अन्य परिजनों का का रो-रोकर बुरा हाल है।

सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत करें आवेदन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया ने बताया कि समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग एवं सामान्य वर्ग के गरीब व्यक्तियों के पुत्रियों की शादी के लिए वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जा रहे हैं। सामूहिक विवाह योजना का लाभ उठाने के लिए बेवसाइट में ऑनलाइन आवेदन करें। बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदक उत्तर प्रदेश का मूल निवासी हो, आवेदक के परिवार की वार्षिक आय दो लाख रुपए से अधिक न हो, कन्या की आयु 18 वर्ष व वर की आयु 21 वर्ष से कम न हो। बताया कि आवेदन के समय पोर्टल पर आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, वर-वधू का आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज फोटो व कन्या का हस्ताक्षर अपलोड करना अनिवार्य है। बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत विभाग द्वारा प्रत्येक जोड़े पर 51 हजार रुपए की धनराशि व्यय की जाएगी। जिसमें से कन्या के बैंक खाते में 35 हजार रुपए भेजो जाएंगे व 10 हजार रुपए की विवाह संस्कार के लिए आवश्यक गृह उपयोगी सामग्री दी जाएगी तथा 6 हजार रुपए विवाह कार्यक्रम में व्यय होंगे। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन आगामी 29 नवंबर के शुभ मुहूर्त में प्रस्तावित है तथा प्रथम आवत प्रथम पावत के आधार पर लाभार्थियों का चयन किया जाना है। उन्होंने आम जनमानस से अपील की है कि कि पोर्टल की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करते हुए योजना का लाभ उठाएं और अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास भवन चित्रकूट अथवा संबंधित विकासखंड, नगर निकाय कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

आर्थिक तंगी व कर्जदाताओं से परेशान वर्कशॉप संचालक ने की खुदकुशी

जन एक्सप्रेस । जालौन

- मृतक ने कर्जदाताओं के नाम का लिखा सुसाइड नोट

आर्थिक तंगी व कर्जदारों से तंग कार वर्कशॉप संचालक ने रस्सी का फंदा गले में डालकर खुदकुशी कर ली। इससे पूर्व उसने सुसाइड नोट भी लिखकर रखा। जिसमें उसने कर्जदाताओं के नाम भी लिखे हैं। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। वहीं, पुलिस सुसाइड नोट की भी जांच कर रही है। जनपद कानपुर देहात के सिकंदरा निवासी निसार अली (45) हाल निवास मोहल्ला तोपखाना लगभग दो वर्ष पूर्व परिवार के साथ जालौन आ गए थे। वह अनस गेस्ट हाउस के पास किराए के मकान में रह रहे थे। साथ ही औरैया रोड पर चुंगी नंबर चार के आगे एमए मोटर्स मल्टी ब्रांड वर्कशॉप खोला था। जहां वह कारीगरों से डेंटिंग पेंटिंग और अन्य कार्य कराते थे। लेकिन जैसी उम्मीद उन्हें वर्कशॉप के चलने की थी वैसा वह चला नहीं।

जिसके चलते उन पर काफी कर्ज हो गया था। यह कर्ज बढ़ता ही जा रहा था। मोहल्ले के लोगों के अनुसार शुक्रवार की सुबह वह घर से नमाज पढ़ने के लिए निकले थे। नमाज पढ़कर वह सीधे वर्कशॉप चले गए। जहां उन्होंने रस्सी से फांसी का फंदा बनाकर टिन शैड पर बांध दिया। इसके बाद गले में फंदा डालकर वह उस पर लटक गए। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह जब काम के लिए कुछ लोग वर्कशॉप पर पहुंचे तो उनके शव को फांसी के फंदे पर लटका देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सीओ शैलेंद्र बाजपेई, कोतवाल वीरेंद्र पटेल पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां पुलिस को एक सुसाइड नोट मिला। जिसमें लिखा था कि वह आर्थिक रूप से परेशान हैं। उन पर कर्जदारों का बोझ है। वर्कशॉप का काम नहीं चलने की वजह से वह कर्ज चुका नहीं पा रहे हैं और भविष्य में भी वर्कशॉप के चलने की उम्मीद नजर नहीं आ रही है। ऐसे में उन्होंने लिखा कि उनके वर्कशॉप का सामान बेचकर कर्जदारों का कर्ज चुका दिया जाए। बाकी जो रुपये बचें तो वह उनके बच्चों को दे दिए जाएं।

मायके पक्ष ने ससुरालियों पर लगाए आरोप, सीओ को दिया शिकायती पत्र

जन एक्सप्रेस/माधौगढ़। बहन की मौत के बाद भाई ने सीओ को शिकायती पत्र दिया। जिसमें ससुरालियों पर उसे भूखा रखने व आय दिन प्रताड़ित करने के कारण हुई मौत होने का आरोप लगाया है।

हैदलपुरा निवासी राहुल ने सीओ राम सिंह को शिकायती पत्र दिया। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि उसने अपनी बहन संध्या की शादी हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार माधौगढ़ निवासी शिवम के साथ की थी। शादी के दो माह बाद बहन संध्या को सास रानी, ससुर संतोष पति शिवम व देवर सोनू प्रताड़ित करने लगे और आए दिन बहन के साथ मारपीट शुरू हो गई। बताया कि सूचना पर रिश्तेदारों के साथ बहन के घर गए। जहां पर ससुराल पक्ष के लोगों ने संध्या के साथ भविष्य में मार-पीट न करने की बात कही। इसके बाद बहन गर्भवती हो गई और ससुराल पक्ष के लोग बहन को भूखा रखने के साथ साथ प्रताड़ित करने लगे। जिसके चलते उसकी मौत हो गई। पीड़ित भाई ने मामले की जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। फिलहाल सीओ राम सिंह ने कोतवाल पप्पू सिंह यादव को जांच सौप दी हैं।

शोभा यात्रा निकालकर किया नगर भ्रमण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जायसवाल-शिवहरे समाज के सर्ववर्गीय एकता और स्वाभिमान कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को कुल देवता भगवान सहस्त्रबाहु के जन्मोत्सव अवसर पर शोभा यात्रा निकाली गई। इसके बाद हवन-पूजन भी किया गया। साथ ही समाज के 71 लोगों को स्वजातीय रत्न से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में भारतीय कल्चुरी जायसवाल सर्ववर्गीय महासभा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष दयाराम राय ने कहा कि हम संख्या बल, धन, बल और शक्ति बल में पिछड़े नहीं हैं। हालांकि हमारे संकल्प और शक्ति को समय पर पवनपुत्र की तरह जामवंत स्मरण की आवश्यकता पड जाती है। यह कार्यक्रम हमारी एकता की दिशा में बढ़ा हुआ, पढ़ा हुआ एक निर्णायक कदम होगा। गौरेंद्र शिवहरे ने कहा कि हमारा समाज हजारों साल साधना का फल है। हमने अपने जातीय उद्भव और विकास के क्रम को पर करते हुए वर्तमान कलेवर को प्राप्त किया है। इस दौरान जिलाध्यक्ष एम पी जायसवाल, युवा मंच अध्यक्ष अर्पित जायसवाल, उमेश जायसवाल व भगवानदीन जायसवाल ने भी विचार व्यक्त किए।

इस मौके पर राजेश जायसवाल, नरेंद्र जायसवाल, भगवानदीन शिवहरे, रघुनाथ प्रसाद जायसवाल, मोनज शिवहरे, शयम जायसवाल, अशोक जायसवाल, नत्थू जायसवाल, अरविन्द शिवहरे, श्रीप्रकाश आर्य, सुनील जायसवाल, गणेश जायसवाल, शैलेंद्र शिवहरे, संजय जायसवाल, रोहित जायसवाल, डॉ प्रदीप जायसवाल, महेश जायसवाल, मनोज जायसवाल, ललित जायसवाल, शेशू जायसवाल, श्याम जायसवाल आदि मौजूद रहे।

छत के रास्ते घर में घुसे चोरों ने पार की नकदी

जन एक्सप्रेस/उरई। रात के अंधेरे में चोरों ने बोहरा गांव के एक घर में घुसकर नकदी पार कर दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है। कोंच तहसील में तैनात कलेक्शन अमीन चंद्रप्रकाश गुप्ता का पैतृक घर कैलिया थाना क्षेत्र के बोहरा गांव में है। फिलहाल वह मालवीय नगर कोंच में परिजनों संग किराए से रहते हैं। गुरुवार/शुक्रवार की रात्रि में चंद्रप्रकाश के बोहरा स्थित घर में छत के रास्ते चोर नीचे उतर गए और कमरे का ताला तोड़कर अलमारी में रखे 20 हजार रुपये और चांदी के 3 सिक्के चोरी कर ले गए। चोरों ने चंद्रप्रकाश के घर के मेन गेट और घर के ही एक हिस्से में रहने वाले भाई राकेश के मेन गेट की कुंडी लगा दी थी। सुबह कुंडी लगी देख राकेश ने जब घर में देखा तो सामान अस्त व्यस्त पड़ा हुआ था। जिससे चोरी की घटना का पता चल सका। चंद्रप्रकाश ने बताया कि सोने चांदी के आभूषण वह अपने साथ कोंच में रखे हुए थे। जिससे चोरी की बड़ी घटना बच गई। वहीं घटना की सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष राजीव कुमार ने मौका मुआयना कर चोरों को जल्द पकड़ लेने का दावा किया है।

आबकारी विभाग ने भारी मात्रा में नष्ट किया लहन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के विरुद्ध जिला आबकारी विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को आबकारी टीम ने कर्वी कोतवाली अंतर्गत मंदाकिनी नदी के तटवर्ती इलाके में दबिश दी। इस दौरान कच्ची शराब बरामद कर भारी मात्रा में लहन नष्ट किया। जिला आबकारी अधिकारी अखिलेंद्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन में आबकारी निरीक्षक प्रफुल्ल कुमार सिंह ने अपनी टीम के साथ मंदाकिनी नदी के तटवर्ती पर स्थित टिकुरा गांव में दबिश दी। जहां पर कुल 45 लीटर कच्ची शराब बरामद की। इस दौरान बारह कुंटल लहन और अवैध शराब बनाने के उपकरण भी नष्ट किए गए। साथ ही आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा में मामले दर्ज किए गए है। उन्होंने बताया कि जिला आबकारी विभाग द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इस मौके पर प्रधान आबकारी सिपाही धर्मेंद्र कुमार, आबकारी सिपाही शिव सागर, लालचंद्र, सागर, दीपक, दुष्यंत, महिला सिपाही रंजना सिंह, सुमित्रा, शोभा आदि मौजूद रहे।

जल संचय दिवस के तहत किया गया जागरूक

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

नीति आयोग और जल जीवन मिशन के सहयोग से शुक्रवार को रामनगर ब्लॉक में जल संचय दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को वर्षा जल संचयन और जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। यह अभियान आगामी 20 नवम्बर तक चलेगा।

जल संचय दिवस के आयोजन कार्यक्रम में रामनगर ब्लॉक में वर्षा जल संचयन संरचनाओं की मरम्मत और सुधार का कार्य किया गया। जिसके तहत सभी संबंधित विभागों ने खराब बोरवेल्स को सुधारकर उन्हें क्रियाशील किया और गंदे पानी को शुद्ध करने वाले संयंत्रों की आंशिक सफाई भी की। खण्ड विकास अधिकारी दिनेश मिश्रा, सहायक अभियंता शोभित गुप्ता और एबीएफ धर्मेन्द्र ने क्षेत्र का भ्रमण कर जल उत्सव के तहत किए जा रहे कार्यों में प्रतिभाग किया। साथ ही ग्राम पंचायत खजुरीहा कला स्थित विद्यालय में बच्चों के साथ वर्षा जल संचयन, जल प्रबंधन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जल उत्सव दृष्टिकोण पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी एन. पी. सिंह के नेतृत्व में सभी विद्यालयों में हैंडवॉश और जल संरक्षण पर विशेष कार्यशालाए भी आयोजित की गईं। कार्यक्रम में एलएंडटी टीम द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया गया।

अवैध शराब बरामद, एक गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिह के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना रैपुरा के उपनिरीक्षक रामप्रीत सिंह व उनके हमराही उत्तम सिंह द्वारा आरोपी राजू निवासी बगरेही थाना रैपुरा को 20 क्वार्टर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में आरोपी के विरुद्ध सम्बन्धित धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किए गए।

अगर मैंने किसी का दिल दुखाया हो...

सीजेआई चंद्रचूड़ 10 नवंबर 2024 को रिटायर हो जाएंगे, लेकिन उससे पहले 8 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट में उनका आखिरी वर्किंग डे था। सीजेआई चंद्रचूड़ की विदाई के लिए सेरेमोनियल बेंच बैठी। जिसकी लाइव स्ट्रीमिंग हुई। इसमें उनके साथ जस्टिस मनोज मिश्रा... पढ़ें पेज 12 पर...

सीएम योगी के नेतृत्व में यूपी के गांवों में खुली रोजगार की नई राह

- चालू वित्तीय वर्ष में अबतक 60.17 लाख परिवारों को मिला रोजगार
- रोजगार सृजन में बस्ती जिला प्रदेश में अव्वल, आजमगढ़ का दूसरा स्थान
- सीएम योगी की 100 दिन के रोजगार की गारंटी, एक लाख से अधिक परिवारों को मिला लाभ
- रोजगार के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं का हो रहा सशक्तिकरण

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रतिबद्धता और प्रशासनिक सजगता से उत्तर प्रदेश का ग्रामीण परिवेश तेजी के साथ विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। मनरेगा योजना के माध्यम से सीएम योगी ने ग्रामीण क्षेत्रों को रोजगार उपलब्ध कराने, महिलाओं का सशक्तिकरण करने और बुनियादी सुविधाओं में सुधार लाने के लिए कई तरह के प्रयासों को मूर्तिरूप दिया है। सीएम योगी की अगुवाई में प्रदेश में 2024-25 के चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 60.17 लाख परिवारों को गांव में रोजगार से जोड़ा गया है।

रोजगार सृजन में बस्ती जिला प्रदेश में नंबर वन

प्रदेश के बस्ती जिले ने मनरेगा के तहत रोजगार सृजन में प्रदेश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। बस्ती में अब तक 1,95,717 मांगों के सापेक्ष 1,95,714 परिवारों को गांव में रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है, जिससे 79,40,929 मानव दिवस का सृजन हुआ है। इस प्रयास के लिए बस्ती को प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त हुआ है, जबकि आजमगढ़ और जौनपुर क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट निर्देश है कि मनरेगा के तहत अधिक से अधिक मानव दिवस सृजित किए जाएं ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अपने गांव में ही रोजगार मिल सके। ग्राम्य विकास आयुक्त जीएस प्रियदर्शी ने संबंधित अधिकारियों को यह निर्देश दिए हैं कि मनरेगा योजनाओं का क्रियान्वयन और बेहतर तरीके से हो ताकि ग्रामीण लोगों के लिए रोजगार के अवसर सुनिश्चित किए जा सकें।

ग्रामीण विकास में बहुआयामी योजनाओं का समावेश

मनरेगा के अंतर्गत न केवल रोजगार बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास के लिए कई योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। इनमें रोजगार के साथ-साथ आवास, पेयजल, महिला सशक्तिकरण, सिंचाई, सड़क निर्माण और पौधरोपण जैसी महत्वपूर्ण योजनाएं शामिल हैं। इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की समग्र प्रगति और लोगों के जीवन स्तर में सुधार करना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने मनरेगा को ग्रामीण विकास का महत्वपूर्ण साधन बना दिया है। उनके नेतृत्व में, उत्तर प्रदेश के गांवों में न केवल लोगों को रोजगार मिल रहा है बल्कि गांवों का ढांचा भी सशक्त हो रहा है। रोजगार के साथ-साथ बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता और सशक्तिकरण की दिशा में हुए प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्र नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर हैं।

महिला सशक्तिकरण में मनरेगा का योगदान

प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी मनरेगा का विशेष योगदान है। गांव की महिलाएं इस योजना के अंतर्गत न केवल रोजगार प्राप्त कर रही हैं, बल्कि उन्हें आर्थिक स्वतंत्रता भी मिल रही है। सरकार द्वारा महिलाओं को विशेष अवसर प्रदान किए जा रहे हैं ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और अपने परिवारों के लिए आर्थिक योगदान दे सकें। मनरेगा के तहत महिलाओं को रोजगार मिलने से उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं।

100 दिन के रोजगार का लक्ष्य

इस वर्ष मनरेगा योजना के तहत एक लाख से अधिक परिवारों को 100 दिन का रोजगार उपलब्ध कराया जा चुका है। अब तक 1,00,371 ऐसे परिवार हैं, जिन्होंने 100 दिनों का रोजगार प्राप्त कर अपनी आजीविका को स्थिर बनाया है। योगी सरकार का उद्देश्य है कि अधिक से अधिक परिवारों को 100 दिनों का रोजगार मिले, ताकि उनके जीवन में आर्थिक सुरक्षा हो। योगी सरकार के इस ऐतिहासिक प्रयास से ग्रामीण लोगों का जीवन बदल रहा है। सरकार की ओर से मनरेगा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन का लगातार निरीक्षण किया जा रहा है ताकि इस योजना का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंच सके। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सभी जिलों में अधिकारियों को इस योजना के सफल क्रियान्वयन का जिम्मा सौंपा गया है।

कृषि मंत्री ने की रबी फसल के लिए उर्वरक उपलब्धता की समीक्षा

- अधिकारियों को उर्वरक वितरण की निगरानी और कालाबाजारी रोकने के निर्देश
- किसानों न करें फॉस्फेटिक उर्वरकों का अग्रिम भंडारण - शाही

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने प्रदेश में रबी फसल के लिए आवश्यक उर्वरकों की उपलब्धता एवं वितरण व्यवस्था की समीक्षा सरकारी आवास, 8 कालिदास मार्ग पर की। उन्होंने जिलों में डीएपी एन-18, पी-46 जैसे फॉस्फेटिक उर्वरकों की आपूर्ति प्राथमिकता से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि रबी फसल की बुवाई में किसी प्रकार की बाधा न हो।उन्होंने कहा कि मैनपुरी, हाथरस, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, मुजफ्फरनगर और आगरा जिलों के लिए उर्वरक रैक शीघ्र पहुँचने वाले हैं और इन जिलों में गत वर्ष की खपत के आधार पर उर्वरक की प्राथमिकता तय कर आवश्यकतानुसार सीधे निकटतम जिलों में आपूर्ति के निर्देश दिए गए हैं। मंत्री ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि उर्वरक वितरण व्यवस्था को फील्ड में जाकर स्वयं निगरानी करें। कालाबाजारी, ओवर रेटिंग और किसानों द्वारा आवश्यकता से अधिक मात्रा में उर्वरक खरीदजैसी गतिविधियों पर सख्त रोक लगाई जाए ताकि सभी किसानों को समय पर उचित मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हो सके। सहकारी क्षेत्र में भी तुरंत उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने और उन क्षेत्रों में प्राथमिकता पर आपूर्ति करने के निर्देश दिए जहाँ फसलों की बुवाई चल रही है। कृषि निदेशक को उर्वरक निर्माताओं और प्रदायकों के साथ बैठक करते हुए अधिक से अधिक उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्री ने किसानों से आग्रह किया कि फॉस्फेटिक उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता हो रही है, इसलिए बिना आवश्यकता के अग्रिम भंडारण न करें। गेहूं की बुवाई के लिए भी उर्वरक समय पर उपलब्ध रहेगा।बैठक में दिए गए आँकड़ों के अनुसार सहारनपुर मंडल में डीएपी 5190 मीट्रिक टन और एनपीके 5289 मीट्रिक टन उपलब्ध हैं। मेरठ मंडल में डीएपी 7509 मीट्रिक टन और एनपीके 8116 मीट्रिक टन है। इसी प्रकार, आगरा मंडल में डीएपी 6822 मीट्रिक टन और एनपीके 12311 मीट्रिक टन उपलब्ध है। अलीगढ़ मंडल में डीएपी 9089 मीट्रिक टन और एनपीके 10505 मीट्रिक टन है। बरेली मंडल में डीएपी 13660 मीट्रिक टन और एनपीके 23435 मीट्रिक टन है, जबकि मुरादाबाद मंडल में डीएपी 8446 मीट्रिक टन और एनपीके 23837 मीट्रिक टन उपलब्ध है। कानपुर मंडल में डीएपी 12260 मीट्रिक टन और एनपीके 26606 मीट्रिक टन है। प्रयागराज मंडल में डीएपी 9687 मीट्रिक टन और एनपीके 21603 मीट्रिक टन उपलब्ध है।

एक्सप्रेस खबरें...

सपा के कार्यकर्ता ही अखिलेश को हराएंगे चुनाव: भूपेंद्र चौधरी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव के ट्वीट पर हमला करते हुए कहा कि जो प्रदेश की जनता के बीच ही नहीं जाते है, उन्हें भला कैसे उत्तम उत्तर प्रदेश की उपलब्धि के बारे में पता चलेगा। जिन्हें विदेश घूमने से ही फुर्सत नहीं है तो प्रदेश में क्या हो रहा है, उन्हें कैसे पता चलेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा उपचुनाव की सारी नौ की नौ सीटें जीत रही है। प्रदेश की जनता ने भाजपा प्रत्याशी को चुनाव से पहले ही जीत का सेहरा पहना दिया है।सपा प्रमुख को अगर ये देखना है तो उन्हें जनता के बीच जाना पड़ेगा, लेकिन उनके पास परिवारवाद के अलावा किसी के लिए समय नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने अखिलेश यादव पर करारा हमला करते हुए कहा कि जो जनता के बीच नहीं जाता, वही असली डरा हुआ इंसान है क्योंकि वह जनता के सवालों के जवाब नहीं दे सकता। अखिलेश यादव जानते हैं कि वह जनता के बीच जाएंगे तो उन्हें उनकी पार्टी के नेताओं द्वारा किये जा रहे कुकृत्यों का जवाब उन्हें जनता को देना होगा, जो उनके पास नहीं है। इस उपचुनाव में सपा प्रमुख को उनके ही कार्यकर्ता चुनाव हराएंगे। वह इस बार लगातार उनकी अनदेखी का हिसाब करेंगे। जनता भी सपाई गुंडों को जवाब देने के लिए बेताब है। वह वोट के जरिये समाजवादी पार्टी से हिसाब चुकता करेगी। सपा के कार्यकर्ता प्रदेश की बेटियों की इज्जत के साथ खिलवाड़ करने से बाज नहीं आ रहे हैं। भाजपा सरकार बेटियों की सुरक्षा के लिए पूरी दृढ़ता से काम कर रही है। इसे जनता बखूबी जानती है।

बीकेटी एसडीएम ने धान क्रय केन्द्र का किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। लखनऊ जिले के बख्शी का तालाब तहसील क्षेत्र के कुंडापुर धान क्रय केन्द्र का उपजिलाधिकारी सतीश चन्द्र त्रिपाठी ने औचक निरीक्षण किया। बता दें कि निरीक्षण के दौरान एसडीएम सतीश चंद्र त्रिपाठी ने संबंधित कर्मचारियों को सख्त निर्देश दिए कि किसानों के क्रय किए गए धान का 48 घंटे में भुगतान किया जाये तथा उन्होंने यह भी कहा कि मात्र किसानों का ही धान खरीदा जायें और जो व्यापारी हैं उनका का धान क्रय केन्द्रों पर न खरीदा जायें। वहीं कुंडापुर धान क्रय केन्द्र पर मात्र 40 कुंटल धान क्रय किया गया है।

मनरेगा खेल मैदानों से निखर रही युवा प्रतिभाएं

जन एक्सप्रेस। लखनऊ। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में उत्तर प्रदेश में खेल को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण इलाकों में खेल मैदान बनाए जा रहे हैं। इससे गांवों में नई प्रतिभाएं तो निखर ही रही है। मनरेगा के तहत इन मैदान का निर्माण होने की वजह से श्रमिकों को निरंतर रोजगार भी मिल रहा है। इस पहल का उद्देश्य बेहतर स्वास्थ्य और गांवों के समग्र सामुदायिक विकास के लिए स्कूली छात्रों और गांव के अन्य सदस्यों के बीच खेलों को प्रोत्साहित करना है।ग्राम्य विकास विभाग की ओर से बनाई गई कार्य योजना से खेल मैदानों का निर्माण हो रहा है। बीते वर्षों से प्रदेश में लगातार खेल मैदानों का निर्माण किया जा रहा है। बात करें अगर वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 की तो इस वर्ष 2700 से ज्यादा खेल मैदानों का निर्माण किया जा चुका है जबकि 15 हजार से ज्यादा व्द ळवपदह कंडीशन में हैं।ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार 2017-18 से अब तक 18 हजार से ज्यादा खेल मैदान बनाये जा चुके हैं। बाते करें अगर वर्षवार तो वर्ष 2017-18 में 375, वर्ष 2018-19 में 370, वर्ष 2019-20 में 708, वर्ष 2020-21 में 1706, वर्ष 2021-22 में 2288, वर्ष 2022-23 में 4893, वर्ष 2023-24 में 5015 एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 2703 खेल मैदान पूर्ण किये जा चुके हैं।रनिंग ट्रैक बनने से युवा आर्मी, पैरा मिलिट्री फोर्स, पुलिस, सीआरपीएफ इत्यादि की तैयारी अपने गांव में रहकर कर रहे हैं। खेल मैदान बनने से गांव के युवक मैदान में ही दौड़ लगाने के साथ शारीरिक अभ्यास करने में भी मदद मिल रही है।

बीमा संबंधी शिकायत बीमा लोकपाल कार्यालय में निशुल्क दर्ज कराएं

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

बीमालोकपाल लखनऊ अतुल सहाय ने बताया कि किसी व्यक्ति की यदि बीमा सम्बन्धी शिकायतों जिनका निपटारा बीमा कंपनियों के द्वारा न किया गया हो या वह अपनी शिकायत के निपटारे से संतुष्ट न हो तो उनके द्वारा बीमा कंपनियों के विरूद्ध बीमालोकपाल नियमावली, 2017 के नियम 14 के अंतर्गत अपनी शिकायत बीमालोकपाल कार्यालय में निशुल्क दर्ज कराई जा सकती है। शिकायतों का निपटारा अधिकतम 90 दिनों के भीतर हो जाता है। विस्तृत सूचना वेबसाइट उपलब्ध है। बीमालोकपाल अतुल सहाय ने बताया कि भारत सरकार के वित्त मंत्रालय तथा भारत के राजपत्र भाग 11खंड-3 उपखंड (प) स. 439 दि0 11 नवम्बर, 1998 के द्वारा बीमालोकपाल की स्थापना सामान्य जनता को बीमा संबंधी शिकायतों का निःशुल्क निस्तारण करने हेतु की गयी है। बीमा लोकपाल कार्यालय प्रत्येक वर्ष 11 नवम्बर को 'बीमा लोकपाल दिवस' मनाता है।

योगी सरकार ने लिया संज्ञान तो समस्या का हुआ समाधान, 35 हजार बीसी सखियों के एल-0 डिवाइस दोबारा हुए एक्टिवेट

- यूआईडीएआई ने टेक्नोलॉजी का हवाला देकर 10 कंपनियों की 19 डिवाइस को कर दिया था बंद
- सीएम योगी के निर्देश पर मुख्य सचिव ने यूआईडीएआई से बात कर समस्या का किया समाधान
- डिवाइस से बंद होने से 35 हजार बीसी सखी सहित प्रदेश के 3 करोड़ लोग हुए थे प्रभावित

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेशवासियों की खुशहाली को लेकर हमेशा संवेदनशील रहते हैं। उनकी यह संवेदना अक्सर देखने को भी मिलती है। ऐसा ही एक मामला हाल में सामने आया है, जिसमें यूनिक आईडीफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) ने फिंगरप्रिंट सेंसिंग मशीन की एल-0 डिवाइस को बंद करने का निर्देश दिया, लेकिन उसकी जगह दूसरा ऑप्शन नहीं दिया। इस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को यूआईडीएआई से बातचीत कर जल्द जल्द से मामले को निस्तारित करने के निर्देश दिये। सीएम योगी के निर्देश पर मुख्य सचिव ने विभाग के उच्च अधिकारियों से बात कर दोबारा डिवाइस को शुरू कराया। बता दें कि यूआईडीएआई के फैसले से प्रदेश की 35 हजार से अधिक बीसी सखी समेत कुल 3 करोड़ लोग प्रभावित हुए थे।

प्रभावित हो गया था बीसी सखियों का लेनदेन

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से 35 हजार से अधिक बीसी सखियां जुड़ी हुई हैं, जो रोजाना 40 करोड़ से अधिक का वित्तीय लेनदेन करती हैं। उन्हे लेनदेन के लिए यूआईडीएआई द्वारा फिंगरप्रिंट डिवाइस एल-0 दी गयी है। इसके जरिये बीसी सखी लेनदेन के लिए आधार प्रमाणीकरण करती है, लेकिन यूआईडीएआई ने एक आदेश जारी करते हुए एल-0 डिवाइस का इस्तेमाल करने वाली 10 कंपनियों के 19 मॉडल पर 31 अक्टूबर को रोक लगा दी। यूआईडीएआई के आदेश पर इन डिवाइस को 31 अक्टूबर को बंद कर दिया गया। वहीं इनकी जगह एल-1 डिवाइस का इस्तेमाल किया जाना था, लेकिन इनकी ट्रेनिंग ही नहीं दी गयी। इसकी वजह से 35 हजार से अधिक बीसी सखियों का लेनदेन प्रभावित हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मामले की जानकारी हुई तो उन्होंने मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह से यूआईडीएआई के अधिकारियों से बात करके समस्या का हल निकालने के निर्देश दिये।

6 नवंबर को दोबारा पुरानी डिवाइस से शुरू हुआ लेनदेन

सीएम योगी के निर्देश पर मुख्य सचिव ने यूआईडीएआई के अधिकारियों से बात की। उन्होंने बताया कि अभी तक एल-1 के संचालन की ट्रेनिंग नहीं दी गयी है, जिसके वजह से बीसी सखियों को लेन देन प्रभावित हो रहा है। साथ ही बीसी सखी नई मशीन को खरीदने में फिलहाल सक्षम नहीं हैं। ऐसे में पुरानी डिवाइस को दोबारा शुरू करने का आग्रह किया। यूआईडीएआई के अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को समझते हुए 6 नवंबर को दोबारा पुरानी डिवाइस को शुरू कर दिया, जिसके बाद लेनदेन शुरू हो गया। बीसी सखियों को पुरानी डिवाइस के दोबारा शुरू होने की जानकारी होने पर सीएम योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह सीएम योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी सोच से ही संभव हो पाया है।

जनजातीय गौरव दिवस के रूप में 15 से 26 नवम्बर तक मनाई जायेगी बिरसा मुंडा जयंती: मुकेश मेश्राम

- देशभर के जनजातीय कलाकार करेंगे कला और कौशल का प्रदर्शन- हरिओम

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

उत्तर प्रदेश लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान, पर्यटन विभाग, जनजातीय विकास विभाग अनुसूचित जाति एवं जनजाति, शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा इफ्को नई दिल्ली एवं संगीत नाटक अकादमी लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में बिरसा मुण्डा जी की जयन्ती के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय जनजाति भागीदारी उत्सव का आयोजन 15 से 20 नवम्बर तक संगीत नाटक अकादमी, गोमतीनगर लखनऊ के परिसर में किया जायेगा। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश मेश्राम तथा प्रमुख सचिव समाज कल्याण डा हरिओम ने बताया कि पर्यटन विभाग तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान, समाज कल्याण विभाग तथा भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद नई दिल्ली व इफ्को टोकियो इस कार्यक्रम के प्रायोजक रहेंगे।प्रेस कान्फ्रेंस में प्रमुख सचिव पर्यटन ने बताया कि इस अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी उत्सव में गुजरात, जम्मू कश्मीर, महाराष्ट्र, सिक्किम, उड़ीसा, राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, मिजोरम, अरूणांचल प्रदेश, गोवा, केरल, हिमांचल प्रदेश, असम, त्रिपुरा, झारखंड, पंजाब तथा उ0प्र0 सहित 22 राज्यों के 600 से अधिक कलाकार अपने पारम्परिक नृत्य, संगीत, परिधान, वादयंत्रों का प्रदर्शन करेंगे।श्री मेश्राम ने बताया कि इस आयोजन में हस्त शिल्प के 100 से अधिक स्टॉल लगाये जा रहे हैं। इसमें उत्तराखंड से इम्ब्रायडरी, हैंडलूम चादर, मध्य प्रदेश से बीडज्वैलरी, लेदरशिल्प, चंदेरी साड़ी तथा यूपी से खुर्दा पाट्री, ब्रास वर्क, बनारसी साड़ी, सुपारी के खिलौने तथा गाय के गोबर से बने उत्पाद व प्रधानमंत्री वनधन केन्द्रों में निर्मित उत्पाद आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। आयोजन में देशी व्यंजन के स्टॉल भी लगाये जायेंगे। इस उत्सव में स्लोवाकिया तथा वियतनाम के कलाकारों को आमंत्रित किया गया है।प्रमुख सचिव समाज कल्याण डा. हरिओम ने बताया कि वर्ष 2022 में भारत सरकार द्वारा लोक नायक बिरसा मुण्डा के जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में घोषित किया गया है। इसके आयोजन हेतु सभी जिलों में 15 से 26 नवम्बर तक जनजाति गौरव पखवाड़ा मनाया जायेगा, जिसके लिए सभी जिलाधिकारियों को पत्र लिखा गया है। प्रधानमंत्री जी द्वारा 02 अक्टूबर को प्रारम्भ किये गये ''धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान'' के तहत प्रदेश के 517 जनजाति बाहुल्य ग्रामों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इस अवसर पर हरी झंडी दिखाकर वैन को रवाना किया।डा हरिओम ने बताया कि इस अवधि में 22 राज्य, 38 लोकनृत्य प्रस्तुत करेंगे। इस आयोजन में शिल्प मेला, चाय चौपाल, पारम्परिक देशी खेल, पोथी घर जनजाति पुस्तकों की बिक्री आदि भी की जायेगी। उन्होंने बताया कि इस आयोजन का प्रमुख उद्देश्य देश की जनजातीय लोक परम्परा, लोक गायन, समृद्ध गौरवशाली इतिहास, भेष-भूषा व्यंजन तथा पारम्परिक मूल्यों से भावी पीढ़ी को परिचित कराया जा सके ताकि आज की युवा पीढ़ी अपनी समृद्धशाली विरासत पर गौरव महसूस कर सके। इस अवसर पर विशेष सचिव पर्यटन ईशा प्रिया एवं लोक जनजाति संस्थान के अध्यक्ष अतुल द्विवेदी तथा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

15 जनवरी 2025 तक किए जा सकते हैं पूर्वदशम् और दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना में आवेदन

- ओबीसी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करने के लिए योगी सरकार की पहल
- पूर्वदशम् और दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनाओं की समय सारिणी का दूसरा चरण शुरू
- कक्षा 9 से 12 तक के ओबीसी विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ, ऑनलाइन कर सकेंगे आवेदन

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

योगी सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। सरकार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों के लिए पूर्वदशम् और दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनाओं की समय सारिणी का दूसरा चरण शुरू कर दिया है। इस योजना का उद्देश्य पिछड़े वर्ग के छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहन देना और उनके आर्थिक बोझ को कम करना है।

ओबीसी छात्रों के लिए व्यापक छात्रवृत्ति योजना

पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि राज्य में कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों और अन्य उच्च कक्षाओं के लिए छात्रवृत्ति योजनाओं का द्वितीय चरण जारी कर दिया गया है। इसके तहत छात्रों को ऑनलाइन आवेदन करने और जल्द से जल्द आर्थिक सहायता प्रदान करने की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। इस पहल का उद्देश्य राज्य के ओबीसी छात्रों को उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि वे बिना आर्थिक बाधाओं के अपनी पढ़ाई जारी रख सकें।

ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया और समय सीमा

निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण, डॉ. वंदना वर्मा ने जानकारी दी कि छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए आवेदन प्रक्रिया को पूरी तरह से डिजिटाइज्ड कर दिया गया है, जिससे पारदर्शिता और त्वरित वितरण सुनिश्चित हो सके। ओबीसी छात्रों को द्धह्लह्लश्चह्य-//ह्यष्द्धश्youह्लड्ड्रश्.ह्व

श्च.द्धश्1.द्बठु पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। द्वितीय चरण की समय सारिणी के अनुसार 31 दिसंबर 2024 तक सभी शिक्षण संस्थानों को मास्टर डाटा में सम्मिलित किया जाएगा। इसके बाद 5 जनवरी 2025 तक विश्वविद्यालय, एफिलिएटिंग एजेंसियों और जिला विद्यालय निरीक्षकों द्वारा फीस आदि का सत्यापन पूरा किया जाएगा।

आवेदन और सत्यापन की तिथि

इस योजना के तहत कक्षा 9-10 के छात्रों के लिए पूर्वदशम् छात्रवृत्ति और कक्षा 11-12 के छात्रों के लिए दशमोत्तर छात्रवृत्ति के आवेदन 15 जनवरी 2025 तक किए जा सकते हैं। इसके बाद 18 जनवरी 2025 तक शिक्षण संस्थानों को छात्रों के आवेदन सत्यापित करने और आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। इस पूरी प्रक्रिया का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि छात्रों को समय पर वित्तीय सहायता मिल सके और उनकी पढ़ाई में कोई रुकावट न आए।

छात्रवृत्ति का भुगतान और अंतिम समय सीमा

सरकार ने यह भी सुनिश्चित किया है कि छात्रवृत्ति की राशि छात्रों के बैंक खातों में प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के माध्यम से भेजी जाए। 25 फरवरी 2025 तक सभी पात्र छात्रों को पीएफएमएस (पब्लिक फाइनेंशियल मैनेजमेंट सिस्टम) के माध्यम से छात्रवृत्ति की राशि वितरित कर दी जाएगी। इस त्वरित प्रक्रिया से राज्य में शिक्षा के स्तर को और बेहतर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति होगी।

योगी सरकार का शिक्षा के प्रति समर्पण

निदेशक पिछड़ा वर्ग कल्याण, डॉ. वंदना वर्मा ने बताया कि योगी सरकार शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत है। पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए इस छात्रवृत्ति योजना का उद्देश्य न केवल उनकी आर्थिक मदद करना है, बल्कि उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाना और उच्च शिक्षा के अवसर प्रदान करना भी है। यह योजना राज्य के पिछड़े वर्ग के छात्रों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार की यह पहल राज्य के युवाओं के भविष्य को उज्जवल बनाने में सहायक सिद्ध होगी। इस योजना से लाखों छात्रों को लाभ होगा और उनके लिए शिक्षा की राह को और भी सुगम बनाया जाएगा।

यातायात माह के अंतर्गत जनता को जागरूक करने के लिए पंपलेट, स्टीकर बांट कर किया जागरूक

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। पुलिस अधीक्षक रायबरेली के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक महोदय के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व में यातायात माह के आठवें दिवस जनपद रायबरेली यातायात पुलिस द्वारा बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु यातायात जागरूकता अभियान के अंतर्गत जनपद रायबरेली के थानों एवं यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का प्रचार प्रसार करते हुएआमजनताकोयातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए पंपलेट हैंडबिल व स्टिकर वितरित किए गए

एवं सार्वजनिक स्थानों पर होर्डिंग तथा बैनर लगवाए गए तथा निर्धारित गति से अधिक तेज चलने वाले वाहनों की गति की चेकिंग स्पीड राडार के माध्यम से की गई,निर्धारित गति से तेज चलते हुए पाए जाने वाले वाहनों पर प्रवर्तन कार्यवाही की गईशीत ऋतु में कोहरे में दृश्यता के अभाव होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के निर्मूलन हेतु वाहनों, ट्रैक्टर ट्रालियों में निशुल्क रेट्रो रिफ्लेक्टर टेप लगवाए गए तथा राजमार्गों पर सड़क के किनारे वाहन खड़ा करके दुर्घटना का कारण बनने वाले वाहनों को राजमार्ग के किनारो से हटवाया गया, शहर में रोड़वेज बस स्टैंड तथाभिन्न-भिन्न स्थानों पर वाहन चालकों को जागरुक करते हुए सुरक्षित वाहन चलाने हेतु प्रशिक्षित किया गया, साथ ही शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से चेकिंग की गई शराब पीकर वाहन चलाते पाए गए वाहन चालकों पर मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई इसके अतिरिक्त रायबरेली शहर में बाजार तथा सार्वजनिक मार्गों स्कूलों एवं सड़कों के किनारे वाहन खड़ा करके जाम का कारण बनने वाले वाहनों को हटवाया गया चेतावनी दी गई साथ ही उनके विरुद्ध प्रवर्तन की कार्रवाई भी की गई,तथा यातायात नियमों अनुपालन न करने वालों के विरुद्ध प्रवर्तन कार्रवाई करते हुए कुल 342 चालान करते हुए 503000 रुपए का जुर्माना योजित किया गया।

रेलवे के हाइटेंशन लाइन के खंभे पर लटका मिला महिला का शव

जांच में जुटी पुलिस

जन एक्सप्रेस । अमेठी

जनपद के मुसाफिरखाना रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार को एक अज्ञात महिला का शव बिजली के खंबे से लटका पाया गया।पुलिस के मुताबिक महिला ने अपनी साड़ी को फंदे के रूप में इस्तेमाल किया था। जिससे संकेत मिलता है,कि यह आत्महत्या का मामला हो सकता है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार घटनास्थल के पास चप्पलें भी बरामद हुई है।मुसाफिरखाना पुलिस ने बताया कि महिला का शव रेलवे लाइन के बिजली के खंबे से लटका पाया गया।शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। साथ ही सोशल मीडिया और अन्य स्रोतों से महिला की पहचान के प्रयास किया जा रहा है।

रेलवे ट्रैक के किनारे हाइटेंशन लाइन के खंभे से साड़ी के सहारे अज्ञात महिला का शव लटकता मिलने की घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने आसपास के लोगों से महिला के शव की शिनाख्त करवाने की कोशिश की।लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी।जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है।महिला की पहचान बताने के लिए पुलिस ने थाने का फोन नंबर भी जारी किया है।बताते चले कि मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के मुसाफिरखाना रेलवे स्टेशन के पास रेलवे स्टेशन के नजदीक रेलवे ट्रैक के किनारे हाई टेंशन लाइन के खंभे से साड़ी के सहारे लटकता एक अज्ञात महिला का शव देखा गया। शौच लिए गए ग्रामीणों की नजर जब शव पर पड़ी तो बड़ी संख्या में आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हुए और पुलिस को सूचना दी गई। वहीं सूचना मिलते ही मुसाफिरखाना एसएचओ विवेक सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को उतरवाकर शिनाख्त करवाने की कोशिश की।लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच शुरू कर दी है।पूरे मामले पर मुसाफिरखाना एसएचओ विवेक सिंह ने कहा कि अज्ञात महिला का फांसी के फंदे लटका शव मिला था।शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है।

विशेष सचिव की सड़क हादसे में मौत, बेटा घायल

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

अयोध्या के पटरंगा थाना क्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे में उत्तर प्रदेश विधानसभा के विशेष सचिव बृजभूषण दुबे की मौत हो गई। हाइवे पर उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर दूसरी लेन में आ गई। इसी दौरान सामने से आ रही एक ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। अयोध्या के पटरंगा थाना क्षेत्र के गनौली के पास सड़क हादसे में उत्तर प्रदेश विधानसभा के विशेष सचिव बृजभूषण दुबे (52) की मौत हो गई। जबकि उनके बेटे कृष्णा दुबे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना गुरुवार रात 12ः30 बजे उस समय हुई, जब वे बस्ती से अयोध्या होते हुए लखनऊ जा रहे थे। पटरंगा व भेलसर प्रतिनिधि के अनुसार बृजभूषण दुबे का बेटा कृष्णा कार चला रहा था। गोरखपुर-लखनऊ हाईवे पर गनौली के पास ओवरटेक करने के दौरान कार अनियंत्रित हो गई।

सपा प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए करहल में शशिकांत शर्मा ने डाला डेरा

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता शशिकांत शर्मा पिछले कई दिनों से करहल विधानसभा सीट पर पार्टी प्रत्याशी तेज प्रताप सिंह यादव के लिए गांव-गांव जाकर वोट मांग रहे हैं 7 21 अक्टूबर को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने शशिकांत शर्मा के लिए पत्र जारी करते हुए यह निर्देश दिया था कि वे करहल सीट पर चल रहे उपचुनाव के प्रचार में पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने का काम करें 7 जिसके बाद से शशिकांत शर्मा ने करहल में ही डेरा डाल दिया है और लगातार पार्टी के छोटे से बड़े नेताओं के साथ कन्धे से कन्धा मिला कर पार्टी के लिए प्रचार कर रहे हैं 7 इस दौरान शशिकांत शर्मा ने करहल -110 विधानसभा क्षेत्र के लगभग एक सैकड़ा ग्राम सभाओं एवं पुरवों में पहुंच कर आम जनता तक पार्टी प्रत्याशी को भारी मतों से जिताने की अपील है इसके साथ ही पार्टी के सांसद वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र यादव एवं राष्ट्रीय सचिव व पूर्व मंत्री राम आसरे विश्वकर्मा के साथ कई नुक्कड़ सभाओं में भाग लिया 7 बयान जारी करते हुए शशिकांत शर्मा ने कहा कि भाजपा नकारात्मक राजनीति करती है और भाजपा की नकारात्मक राजनीति को जनता अब बखूबी समझ चुकी है और हमारे नेता अखिलेश यादव के द्वारा पीडीए की एक जुटता के लिए जो नारा दिया गया है वो अब ज़मीन पर दिखने लगा है पीडीए की एक जुटता में ही पीडीए की जीत है, करहल सीट पर समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी भारी मतों से जीतेगा और बीजेपी प्रत्याशी की जमानत जब्त होगी।

धान क्रय केंद्र जामों का जिलाधिकारी ने किया स्थलीय निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । अमेठी

जिलाधिकारी निशा अनंत ने शुक्रवार को धान क्रय केंद्र जामों प्रथम व द्वितीय का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद किसानों से वार्ता कर उनकी समस्याओं व सुझावों को सुना।और संबंधित केंद्र प्रभारी से अब तक की गई खरीद के बारे में जानकारी ली।जिस पर केंद्र प्रभारी अर्चना सिंह द्वारा बताया गया कि अब तक चार किसानों से 298 कुंतल धान की खरीद की गई है। जिसमें से तीन किसानों को भुगतान कर दिया गया है।इस दौरान डीएम ने कहा कि धान क्रय केंद्र पर किसानों को इंतजार ना करना पड़े।जिसको जिस दिन का टोकन दिया गया हो, उसी दिन खरीद की जाए।उन्होंने कहा कि किसी भी हालत में क्रय केंद्रों पर किसानों को कोई परेशानी न होने पाए।खरीद के उपरांत भुगतान की कार्यवाही भी समयांतर्गत सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही उन्होंने धान खरीद के उपरांत उसे संबंधित मिलों पर भी समय से भिजवाने का निर्देश केंद्र प्रभारियों को दिया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने केंद्र पर मौजूद कांटा,छन्ना,नमी मापक यंत्र, बोरे इत्यादि का भी जायजा लिया।इस दौरान डिप्टी आरएमओ राजेश्वर सिंह,केंद्रप्रभारी अर्चना सिंह मंडी सचिव सहित अन्य संबंधित अधिकारी व स्थानीय किसान मौजूद रहे।

पुलिस ने कब्र से निकाली बालक की लाश

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर पुलिस ने कब्र से बालक की लाश निकलाकर पोस्टमार्टम के लिए भेजी। इस दौरान देखने वालों की भीड़ जुटी रही। उत्तर प्रदेश के अयोध्या में करीब दो माह पूर्व बालक की मौत के मामले में शुक्रवार को नया मोड़ आ गया है। जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर घटना के करीब दो माह बाद वीडियोग्राफी के बीच कोतवाली पुलिस ने शव को कब्र से खोदवाया। इसके बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मामला बीकापुर कोतवाली अंतर्गत मोतीगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के नरहरपुर शंकरपुर मियागंज का है। बताया गया कि नरहरपुर निवासी रविकांत गौड़ के नौ वर्षीय पुत्र रुद्र (9) वर्ष की जहरीले सांप के डसने से सात सितंबर 2024 को मौत हो गई थी।

निजी औद्योगिक पार्कों के विकास हेतु दस दिसम्बर तक भेजें प्रस्ताव

जन एक्सप्रेस । अमेठी

जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र के उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया ने बताया कि औद्योगिक भूमि की आवश्यकता को सुनिश्चित कराने हेतु निजी औद्योगिक पार्कों के विकास की योजना शुरू की गयी है।जिसे निजी प्रवर्तक के द्वारा बिल्ड,ओन,ऑपरेट के आधार पर संचालित किया जाएगा।उन्होंने बताया कि योजना के अन्तर्गत इच्छुक निजी प्रवर्तकों द्वारा 10 एकड़ से 50 एकड़ तक की भूमि पर औद्योगिक पार्क विकसित करने का प्रस्ताव भूमि के सम्बन्धित दस्तावेजों सहित जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केन्द्र को उपलब्ध कराया जाएगा।एवं योजना के अन्तर्गत विकसित पार्कों में न्यूनतम प्रति एकड़ एक इकाई को भूखण्ड आवंटित किया जाना अनिवार्य होगा।इसके साथ 75 प्रतिशत भूखण्ड सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम इकाईयों के लिए आरक्षित करना होगा।उन्होंने बताया कि निजी प्रवर्तक द्वारा औद्योगिक पार्क हेतु प्रस्तावित की जा रही भूमि को राज्य सरकार के पक्ष में बन्धक रखा जाएगा।विकसित किये जा रहे निजी पार्कों के भूखण्डों के आवंटन, संचालन तथा मूलभूत सुविधाओं के रखरखाव का सम्पूर्ण दायित्व निजी विकास कर्ता का होगा।तथा योजना के अन्तर्गत औद्योगिक पार्क को विकसित करने हेतु आवश्यक धनराशि एक प्रतिशत ब्याज पर विकासकर्ता को उपलब्ध करायी जाएगी।इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि इस धनराशि को विकास कर्ता को दो किश्तों में उपलब्ध कराया जाएगा।और विकसित निजी औद्योगिक पार्क में औद्योगिक भूखण्ड को क्रय करने अथवा लीज पर लेने पर उद्यमियो को स्टाम्प शुल्क से शत प्रतिशत छूट प्रदान की जाएगी। तथा इस हेतु उन्होंने अनुरोध किया है कि इच्छुक एवं पात्र विकास कर्ता अपना प्रस्ताव दस दिसम्बर तक कार्यालय-उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र अमेठी के कार्यालय में जमा करें।

छठ पूजा पर्व के आखिरी दिन सूर्य को अर्घ्य देकर महिलाओं ने अपना व्रत तोड़ा

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

छठ पर्व के पावन अवसर पर रायबरेली के सई नदी और शारदा नगर में श्रद्धालुओं ने उगते सूर्य को जल चढ़ाकर पूजा-अर्चना की घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी, जहां व्रत के अंतिम दिन व्रतियों ने उगते सूर्य को अर्घ्य देकर अपना व्रत समाप्त किया

सूर्य की पहली किरण के साथ शुरू हुआ स्नानछठ पर्व के दौरान व्रतियों ने न सिर्फ व्रत रखा बल्कि अपने परिवार और समाज की सुख-समृद्धि के लिए पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ सूर्यदेव की पूजा-अर्चना भी की। सुबह जैसे ही सूर्य की पहली किरण घाटों पर पहुंची, व्रतियों ने स्नान कर सूर्यदेव को जल अर्पित किया महिलाओं ने उगते सूर्य की पूजा कीस्थानीय घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ देखने लायक थी, जहां बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने भक्तिभाव के साथ सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया। वहीं, हर तरफ छठी मैया के गीत सुनाई दे रहे थे। शहरी क्षेत्र में चारों घाटों पर सुबह चार बजे से ही नदियों के किनारे व घाटों पर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। महिलाएं सिर पर मौसमी सब्जी, फल व व्यंजनों से भरी टोकरियां लेकर घाटों पर पहुंचीं और पूरे विधि-विधान से पूजा करने के बाद नदी में खड़े होकर उगते सूर्य की पूजा की तथा अर्घ्य देकर व्रत तोड़ाजिला प्रशासन ने घाटों की सुरक्षा के लिए पूरी तैयारी कर ली थी किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए गोताखोरों की टीम तैनात की गई थी और घाटों पर बैरिकेडिंग कर उन्हें समतल किया गया था। सैकड़ों वेदियां भी बनाई गई थींदेशवासियों को छठ व्रत की दी बधाईसभीदेशवासियों को छठ व्रत की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए कमला फाउंडेशन की अध्यक्ष पूनम सिंह ने कहा कि छठ पर्व पर शामिल होने का यह उनका पहला अवसर है। जिस श्रद्धा भाव से इस छठ पर्व को माताएं बहने रखती हैं वह अद्भुत है। यह पर्व बिहार या पूर्वांचल के लोगों का न होकर पूरे देश का होना चाहिए क्योंकि जिस कठिन परिस्थिति में इस व्रत को पूर्ण किया जाता है उस से मां छठी मैया और भगवान सूर्य परिवार की दीर्घायु व सुख समृद्धि बनाये रखते हैं।

मुशीर दबंग ने जीत के साथ किया रायबरेली प्रीमियर लीग के पांचवें संस्करण का आगाज

- नगर पालिका अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनकर ने किया प्रीमियर लीग के पांचवें संस्करण का उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

यूथ क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित रायबरेली प्रीमियर लीग के पांचवे संस्करण का शानदार आगाज आज पंडित मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में नगर पालिका अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनकर , कार्यकारी अधिकारी नगर पालिका स्वर्ण सिंह, सी ओ सिटी अमित सिंह व ए.डी.एम की गरिमामई उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर नगर पालिका के समस्त सभासदों के साथ-साथ वरिष्ठ खिलाड़ी मोहम्मद अयाज, मोहम्मद मुशीर, जितेंद्र यादव, विकाश सिंह, राहुल सिंह आदि उपस्थित रहेइस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष शत्रुघ्न सोनकर ने खिलाड़ियों को मेहनत करने के साथ ही खेल भावना से खेल को उत्कृष्ट स्तर पर ले जाने की सीख दी। रायबरेली प्रीमियर लीग का उद्घाटन मुकाबला मुशीर दबंग व नगर पालिका सुपरस्टार के बीच खेला गया जिसमें नगर पालिका सुपरस्टार्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवरों में सुधांशु सोनकर के 25 रन व अमित सिंह के 22 रनों की बदौलत 124 रन बनाए, जबकि मुशीर दबंग की ओर से गेंदबाजी में सौरभ शर्मा और विकाश ने 3-3 विकेट लिए, जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुशीर दबंग ने निर्धारित लक्ष्य फहद के 59 रनों की बदौलत महज 16 ओवरों में 5 विकेट खो कर हासिल कर लिया इस तरह से रायबरेली प्रीमियर लीग का उद्घाटन मुकाबला मुशीर दबंग ने अपने नाम किया

यूथ क्रिकेट अकादमी के सचिव सिविल रावत ने बताया कि रायबरेली प्रीमियर लीग के पांचवें संस्करण के दूसरे दिन पहला मुकाबला रुक्रथंडर व नगर पालिका सुपरस्टार के बीच सुबह 9ः00 बजे से जबकि दिन का दूसरा मुकाबला मुशीर दबंग व वी.सी.सी के बीच 12 बजे से खेला जाएगा।

मूंगफली की चिक्की पाकर आनन्दित हुए बच्चे: धीरेन्द्र प्रताप सिंह

जन एक्सप्रेस । अमेठी

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी के निर्देशानुसार बेसिक शिक्षा के स्कूलों में समस्त छात्रों को सप्ताह में एक दिन प्रत्येक वृहस्पतिवार को पांच रुपए प्रति छात्र की दर से सप्लमेन्ट्री न्यूट्रीशन बच्चों को उपलब्ध कराया जायेगा।सप्लीमेंट्री न्यूट्रीशन के अन्तर्गत स्थानीय स्तर पर उपलब्धता के आधार पर मूंगफली की चिक्की, गुड़-तिल-मूंगफली की गजक, रामदाना का लड्डू,बाजरे का लड्डू इत्यादि प्रत्येक छात्र को न्यूनतम बीस ग्राम की मात्रा में अथवा भुना चना प्रत्येक छात्र को 50 ग्राम की मात्रा में वितरण कराया जाना प्रस्तावित है।बृहस्पतिवार को विद्यालयों में छठ पूजा का अवकाश होने के कारण कम्पोजिट विद्यालय भेलाई कला,तिलोई-अमेठी में शुक्रवार को प्रधान प्रतिनिधि मो अशरफ ने बच्चों को मूंगफली की चिक्की वितरित कर पूरक पोषण का शुभारम्भ किया।प्रधानाध्यापक धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया पूरक पोषण से बच्चों को अतिरिक्त ऊर्जा एवं पोषण मिलेगा।बच्चे मूंगफली की चिक्की पाकर बहुत ही आनन्दित एवं प्रफुल्लित दिखे। इस मौके पर शिक्षिकाएं, आंगनबाड़ी कार्यकत्री,एवं अनुचर उपस्थित रहीं।

उत्तर प्रदेश में रेशम उत्पादन विकास के पथ पर अग्रसर

जन एक्सप्रेस । रायबरेली

उत्तर प्रदेश सरकार कृषि के विकास तथा किसानों की समृद्धि के लिए कृत संकल्पित है। इस उद्देश्य से प्रदेश में किसानों के लिए अनेक योजनाएं/कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। प्रदेश के किसानों की आय में वृद्धि के लिए कृषि का विविधीकरण आवश्यक है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने किसानों के कृषि उत्पादन में बढ़ोत्तरी और कृषकों को विविध फसलों की बुआई कर अतिरिक्त आय प्राप्त करने के लिए बीज, खाद, सिचाई आदि संसाधनों की पूरी सहायता दे रहे है सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं का ही परिणाम है कि उत्तर प्रदेश फसलोत्पादन, तिलहन, दलहन आदि में अग्रणी है। कृषि विविधीकरण परियोजनाओं में रेशम कीट पालन किसानों के अतिरिक्त आय का प्रमुख स्रोत है

प्रदेश में रेशम उत्पादन को दी जा रही सहायता/सुविधा का ही परिणाम है कि गत 10 वर्षों में उत्तर प्रदेश से रेशम के निर्यात में 28 गुना की वृद्धि हुई है, जो कृषि व अन्य उत्पादों के मुकाबले सर्वाधिक है। उत्तर प्रदेश में पिछले 9 वर्षों में रेशम का निर्यात रू0 9.11 करोड़ से बढ़कर रू0 251.65 करोड़ हो गया है। रेशम एक जैविक एवं प्राकृतिक कृषि आधारित उत्पाद है। प्रदेश में रेशम उत्पादन की अपार संभावनाये है। रेशम उत्पादन की वृद्धि के लिए किसानों को जागरूक कर रेशम कृषि से जोड़ा जा रहा है। परम्परागत फसलो के साथ-साथ रेशम कीट-पालन के लिए कृषको को शहतूत के पौधें, मेड़ों व खाली भूमि पर लगाते हुए कीट पालन करने के लिए विशेष जागरूकता लाई जा रही है।

भारत सरकार के सेन्ट्रल सिल्क बोर्ड द्वारा सिल्क उत्पादन के लिए काफी सुविधायें दी जा रही है। वर्तमान में भारत अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर विश्व में दूसरा सबसे बड़ा रेशम उत्पादक देश है। विश्व रेशम उत्पादन का 42 प्रतिशत रेशम भारत वर्ष में उत्पादित होता है। विश्व में कुल 93,986 मीट्रिकटन उत्पादित रेशम में 38,913 मी0टन रेशम भारत में उत्पादित होता है

प्रदेश को रेशम उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लिए नवाचारों, नवीनतम तकनीको एवं अनुसंधानो पर बल देते हुए रेशम उत्पादन बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम संचालित किये जा रहे है

प्रदेश में नई परिभाषा एवं उत्साह के साथ रेशम उद्योग विकास के पथ पर अग्रसर है। कृषकों को रेशम कीट पालन एवं कोया उत्पादन अथवा धागा उत्पादन कार्य प्रारम्भ करने के लिये केन्द्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से संचालित योजनाओं के अन्तर्गत अनुदान सहायता दिये जाने हेतु पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से ''रेशम मित्र पोर्टल'' पर वर्ष 2023-24 से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करने तथा पंजीकरण एवं मॉनीटरिंग व्यवस्था प्रारम्भ कर दी गयी है।

कृषकों को मोबाइल के माध्यम से योजनाओं की आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने तथा शिकायत एवं सुझाव प्राप्त कर निस्तारण हेतु शिकायत प्रकोष्ठ के अन्तर्गत रेशम विभाग द्वारा मो0 नं0 7388305554 जारी किया गया है जो रेशम मित्र पोर्टल पर उपलब्ध हैप्रदेश में प्रथमबार एफ0पी0ओ0 को रेशम उत्पादन कार्यक्रमों से जोड़ कर परियोजनायें संचालित की जायेंगी जिसके लिये प्रथम चरण में कुल 03 एफ0पी0ओ0 जिनमें (2) शहतूती रेशम उत्पादन एवं 01 एरी रेशम उत्पादन) के प्रस्तावों का अनुमोदन भारत सरकार के केन्द्रीय रेशम बोर्ड से प्राप्त किया गया है।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े स्वयं सहायता समूहों के लगभग 1050 महिला सदस्यों को रेशम उत्पादन के कार्यक्रमों से जोडा जा रहा है जिसके लिये राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं रेशम निदेशालय, उ0प्र0 के मध्य एम0ओ0यू0 गठित किया गया है इसके अतिरिक्त कृषि आजीविका सखियों का उपयोग रेशम उद्योग के प्रचार प्रसार हेतु किया जा रहा है कच्चे रेशम उत्पादन में प्रदेश को आत्म निर्भर बनाने एवं प्रदेश में उत्पादित रेशम कोये की खपत प्रदेश में ही किये जाने की नीति तैयार कर रेशम धागाकरण इकाईयों को बढ़ावा दिया जा रहा है। पूर्व में संचालित 2 मल्टीइण्ड रीलिंग इकाई के अतिरिक्त रा0 कृ0वि0यो0 से 06 नई धागाकरण इकाईयों का विभिन्न जनपदों में स्थापित कर कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। वर्ष 2024-25 में 4 नई मल्टीइण्ड रीलिंग इकाईयों की स्थापना का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त टसर क्षेत्र में टसर धागा उत्पादन कार्य हेतु 30 महिलाओं का ग्रुप बनाकर प्रत्येक सदस्य का एक-एक बुनियादी टसर रीलिंग चरखों की स्थापना की गयी है।प्रदेश में रेशम उत्पादन के लिए किसानों को कोया उत्पादन के लिए प्रदेश सरकार प्रशिक्षण एवं अनुदान भी दे रही है।

उत्तर रेलवे

शुद्धिपत्र सूचना

लखनऊ मण्डल, उ.रे. लखनऊ के विभिन्न स्टेशनों पर ए.टी.वी.एम. सुविधाप्रदाता के चयन हेतु दिनांक **23.10.2024** को प्रकाशित आवेदन पत्र सूचना संख्या **सी/123-ATVM/24/SV** एवं **सी/123-ATVM/24/KUMBH-2025/SV** के नियम व शर्तों के पैरा 2 के (a) व (b) में स्मार्ट कार्ड पर बोनस राशि त्रुटि वश **3%** के स्थान पर 5% छप गया है अतः उसे **3% समझा जाये**, शेष नियम व शर्तें यथावत रहेगी। 3468/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कानपुर नगर एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, शनिवार, 09 नवंबर, 2024

चीनी मिल में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ...

बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला का नवीन पेराई सत्र 2024-2025 के लिए शुक्रवार प्रातः काल भगवान शिव जी के मंदिर, संकट मोचन श्री हनुमान... ▶ शेष पेज 07 पर...

कार्तिक पूर्णिमा मेला व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन ने की बैठक

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिठूर। कार्तिक पूर्णिमा मेला बिठूर के घाटों पर लगने वाला सबसे बड़ा मेला माना जाता है। वैसे तो वर्ष भर में 35 से 40 छोटे बड़े मिले बिठूर के घाटों पर लगाते हैं। कार्तिक पूर्णिमा मेला में कानपुर ही नहीं अन्य जिलों से लाखों श्रद्धालु बिठूर तीर्थ पर गंगा स्नान करने के लिए आते हैं। इस बार भी डेढ़ से 2 लाख श्रद्धालुओं के आने की संभावना बताई जा रही है। मेला व्यवस्था के मद्देनजर जिला प्रशासन व स्थानीय प्रशासन की ओर से बैठक का आयोजन किया जाता है। इसी संबंध में बीते दिन शुक्रवार को बिठूर के नाना राव पार्क में पुलिस प्रशासन, नगर पंचायत बिठूर के कर्मचारी, व गंगा सभा तीर्थ पुरोहित समाज के पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्तिक पूर्णिमा मेला में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था, गंगा नदी में वेरी कैटिंग, घाटों पर विद्युतीकरण व्यवस्था, वस्त्र परिवर्तन के लिए कक्ष, सीसीटीवी कैमरे से निगरानी, शौचालय आदि की व्यवस्था, चौकीदार और गोताखोरों की टीम, पुलिस वालंटियर की टीम, एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड, जल पुलिस वी मार गो पर सड़क बैरिकेडिंहोयातायात व्यवस्था, स्नान व्यवस्था, वाहन पार्किंग व्यवस्था, खोया पाया केंद्र, इन प्रमुख बिंदुओं पर विशेष कर बृहद चर्चा हुई। वही पिछली बार की तरह इस बार भी कार्तिक पूर्णिमा का मेला गंगा के किनारे खाली पड़ी रेती में लगाया जाएगा। मुख्य मार्ग के अलावा सभी लिंक मार्गों को बैरिकेड किया जाएगा। इसके अलावा बिठूर को उन्नाव से जोड़ने वाले गंगा पुल पर वाहन की पार्किंग ना हो जिसको लेकर पुल के पास अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। मेले के दौरान नावें पूरी तरीके से बंद रहेंगी यदि कोई भी नाव चलाता देखा जाएगा तो उसे पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। 15 नवंबर की रात से ही लेकर 17 नवंबर तक नाव चलने पर प्रतिबंध लगाया गया है। डबल शिफ्ट में जल पुलिस स्नान करने योग्य घाटों पर पेट्रोलिंग करती रहेगी। यह जानकारी बैठक के दौरान एस0एस0आई0 प्रमोद कुमार ने सभी विभागों के मौजूद कर्मचारियों को दी। बैठक में प्रमुख रूप से कस्बा इंचार्ज विकास गुप्ता, चौकी इंचार्ज परियर दिनेश सिंह, उप निरीक्षक नरेंद्र सिंह, टी0 एस0आई0 यातायात,

नगर पंचायत बिठूर से चंद किशोर शुक्ला, मारुत मिश्रा, अंजनी द्विवेदी, प्रशांत कुमार, के अलावा बिठूर केस्को की टीम प्रमुख रूप से मौजूद रही। बैठक में गंगा तीर्थ पुरोहित सभा बिठूर से शिवदीन द्विवेदी, ऋषि प्रकाश द्विवेदी, देव कुमार प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

आज कानपुर के दर्शनपुरवा में जनसभा को संबोधित करेंगे मुख्यमंत्री

- योगी जी के साथ भारतीय जनता पार्टी के 40 वरिष्ठ नेता करेंगे मंच साझा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शुक्रवार को शनिवार के दिन दर्शनपुरवा के सेंट्रल पार्क में होने वाली उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सभा के संदर्भ में बैठकों का दौर जारी रहा। उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल प्रदेश के महामंत्री अनूप गुप्ता प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह जिला अध्यक्ष दीपू पांडे ने विभिन्न बैठकों में सभा के संदर्भ में बिंदुवार चर्चा करते हुए अधिक से अधिक संख्या में सीसामऊ विधानसभा की आम जनता योगी आदित्यनाथ की सभा को सुनने पहुंचे उसकी योजना रचना तैयार की।

सभा स्थल पर सांसद रमेश अवस्थी पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील बजाज सत्येंद्र मिश्रा प्रमोद अग्रहरी बॉर्डर क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी अनूप अवस्थी जिला मीडिया प्रभारी अनुराग शर्मा सहित दर्जनों नेताओं ने सभा स्थल पर बन रहे मंच से लेकर 8 दीर्घओ का क्रमवार निरीक्षण करते हुए सभा की व्यवस्था को अंतिम रूप देने में व्यस्त रहे। सभा की व्यवस्था में लगे वरिष्ठ नेताओं को पार्किंग से लेकर मीडिया गैलरी तक जिसको जो जिम्मेदारी दी गई है वो अपनी दी गई जिम्मेदारी का निर्वहन करे यह बात सुरेश खन्ना ने व्यवस्था संबंधित आयोजित बैठक में कही।

सभा स्थल तक आम जनमानस एवं बूथ समिति के सदस्यों को लाने की जिम्मेदारी मंडल अध्यक्ष अभिमन्यु सक्सेना करण यादव एवं गौरव पांडे को सौंपी गई है।

जनसभा स्थल की प्रत्येक दीर्घा में पेयजल की समुचित व्यवस्था हो इसके लिए भी कार्यकर्ताओं की एक टोली को लगाया गया हैं ।

योगी जी के सभा के संयोजक सांसद रमेश अवस्थी ने बताया कि हेलीपैड आईटीआई से लेकर सभा स्थल तक भाजपा के झंडों से समस्त मार्गों को सजाया जा रहा है सभा का पंडाल भगवा में किया जा रहा है वही सभा में आ रहे लोगों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो इसके लिए पार्किंग की समुचित व्यवस्था करते हुए दक्षिण जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह को पार्किंग की जिम्मेदारी में लगाया गया है।

सभा स्थल पर बनी आठ दीर्घा में वरिष्ठ जनों महिलाओं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं आम जनमानस एवं मीडिया बांधों के लिए बैठने की समुचित व्यवस्था को अंतिम रूप दिया जा चुका है।

भगवान सूर्य की प्रतिमा का पूजन अर्चन कर हुआ विसर्जन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

अर्मापुर छठ पूजा बड़ी नहर में स्थापित सूर्य भगवान की पूजा अर्चना की गई। शुक्रवार की शाम कड़ी सुरक्षा के बीच श्रद्धा और भक्ति के साथ प्रतिमाओं का विसर्जन अर्मापुर नहर में किया गया। श्री श्री छठ पूजा बड़ी नहर अर्मापुर में सूर्य भगवान की प्रतिमाओं को स्थापित कर पूजा अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की गई। शुक्रवार को शोभायात्रा निकालकर अर्मापुर कालोनी का भ्रमण कर सूर्य भगवान की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। सूर्य भगवान पूजा समिति के आयोजक मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि श्री श्री छठ पूजा अरमापुर बड़ी नहर में विगत कई वर्षों से सूर्य भगवान की प्रतिमाओं को स्थापित कर पूजा-अर्चना की जाती रही है। विभिन्न सूर्य भगवान पूजा समिति के अध्यक्ष और सदस्यों ने बढ़-चढ़कर प्रतिमाओं के विसर्जन में सहयोग प्रदान किया। मौके पर उमेश श्रीवास्तव, प्रमोद सोनी, विनीत श्रीवास्तव, कुलदीप सिंह, राजकुमार, सुनील यादव आदि बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

कोचिंग टीचरों ने छात्रा को बनाया हवस के शिकार, कल्याणपुर थाने में टीचरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

काकादेव में बायोलॉजी पढ़ने वाले कोचिंग टीचर साहिल सिद्दीकी पर रेप की धारा में मुकदमा दर्ज हुआ है। आप है कि टीचर ने अपने एक साथी विकास पोरवाल के साथ मिलकर छात्रा को शराब पिलाकर उसे फ्लैट ले गए और वहां पर दोनों ने उसके साथ बारी-बारी से रेप किया। इतना ही नहीं आरोपियों ने छात्रा का अश्लील वीडियो भी बना लिया। जिसके जरिए वह छात्रा को बार-बार ब्लैकमेल कर रेप करते रहे। पीड़ित नेट की परीक्षा के लिए कानपुर में कोचिंग पढ़ने आई थी। बीते दिन शुक्रवार को छात्रा ने कल्याणपुर थाने में दोनों टीचरों के खिलाफ संगीन धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सूत्रों के मुताबिक छात्रा 2022 में नीट की तैयारी करने के लिए कानपुर आई थी। तब उसकी मुलाकात सहित सिद्दीकी से हुई थी। न्यू ईयर पार्टी के नाम पर सही ने उसे मकड़ी खेड़ा स्थित शक्ति डिपार्टमेंटल स्टोर के ऊपर फ्लैट में बुलाया। छात्रा जब वहां पहुंची तो कोई अन्य छात्र मौजूद नहीं था। छात्रा ने आरोप लगाते हुए बताया है कि वहां पर साहिल ने छात्रा को शराब पिलाई। इसके बाद वह बेहोश हो गई। बेहोशी का फायदा उठाकर साहिल ने वीडियो ऑफ फोटो बना लिए और उसका रेप किया। अगले दिन सुबह 4.00 पर किसी तरह अपने रूम में पहुंची। छात्रा ने यह भी बताया की साहिल आए दिन अश्लील वीडियो व फोटो को वायरल करने की धमकी दिया करता था। अश्लील वीडियो और फोटो की आड़ में कई बार साहिल ने उसके साथ रेप की घटना को अंजाम दिया। इतना ही नहीं नागेश्वर अपार्टमेंट में सही का फ्लैट है जहां पर उसे बंधक बनाकर रख लिया। वह उसे कहीं आने-जाने नहीं देता था।होली के बाद एक दिन साहिल ने अपने दोस्त के साथ पार्टी की। उसे दौरान उसका दोस्त और साथी केमिस्ट्री टीचर विकास पोरवाल नशे की हालत में फ्लैट में घुस आया और छात्र के साथ रेप की घटना को अंजाम दिया। हाल ही में शिक्षक और छात्रा के बीच का एक वीडियो भी चर्चा में आया था। मामले में एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडे ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। और आरोपी की तलाश की जा रही है। इसी मामले को लेकर शाम वक्त कल्याणपुर थाने में काफी हंगामा भी हुआ।

मेडिकल कॉलेज का सर्वर हुआ ठप, मरीजों की लंबी लगी कतारें

- बिना इलाज कराया मरीज घरों को वापस लौटे

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शुक्रवार की सुबह कानपुर मेडिकल कॉलेज का सर्वर अचानक से ठप हो गया। सर्वर ठप होने के बाद 1 घंटे के अंदर ही मरीजों की लंबी कतारें लग गई। वहीं कुछ मरीज लाइन में लगने के बाद थक हार कर आखिरकार घर वापस लौट गए। सर्वर ठप होने की वजह से 6 अस्पतालों की व्यवस्था बुरी तरीके से प्रभावित हुई। इसमें हैलेट, बाल रोग विभाग, सुपर स्पेशलिटी बिल्डिंग, चेस्ट अस्पताल, कार्डियोलॉजी अस्पताल, जच्चा बच्चा अस्पताल, के अलावा ओपीडी विभाग भी शामिल है। सर्वर ठप होने की वजह से दूर-दराज से आए मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कतार में खड़े लोगों ने बताया कि करीब 11ः00 बजे के आसपास सरवर चला गया था। लाइन में खड़े लोग व मरीज थक हार कर अंत में जमीन पर ही बैठ गए। उसे पर गर्मी का ये आलम कि मरीज व तीमारदार परेशान होकर चिड़चिड़ाने लगे।

1 घंटे बाद लगभग 12ः00 के आसपास सर्वर में सुधार हुआ। इसके बाद फिर पर्चे बनने शुरू हुए। आपको बता दें कि सरवर में दिक्कत होने की वजह लगातार मरीजों की बढ़ती हुई संख्या बताई जा रही है। सोमवार मंगलवार और बुधवार के दिन यहां पर लगभग 1500 से लेकर 2000 तक के पर्चे बनाए जाते हैं। लेकिन यहां पर बैठे अधिकारियों की उदासीनता के चलते कभी भी सर्वर ठप हो जाता है। यहां पर अक्सर सरवर की समस्या बनी रहती है लेकिन इसके बाद भी मेडिकल कॉलेज प्रशासन ने अभी तक सरवर की ठीक से मरम्मत तक नहीं करवाई है।

सीसामऊ उपचुनाव में बुजुर्गों ने घर पर ही किया मतदान



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव के लिए चुनाव आयोग द्वारा 85 वर्ष की ऊपर की आयु के बुजुर्गों को घर पर ही मतदान कराने की व्यवस्था में बूथ संख्या 203 में गांधी नगर निवासी 93 वर्षीय श्री रत्न शुक्ला ने घर पर ही मतदान किया। मतदान कराने के लिए आयी पोलिंग टीम ने चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित कर पूरी गोपनीयता के साथ घर पर मतदान संपन्न कराया। श्री रत्न शुक्ला जी ने मतदान की लंबी कतार में लगे बिना घर पर बैठे-बैठे ही अपना विधायक चुनने के लिए अपना वोट डाल दिया जिसके लिए उन्होंने चुनाव आयोग की इस सुविधा की बहुत सराहना की तथा मतदान करने के बाद टीम को धन्यवाद भी दिया । उन्होंने बताया की जबसे देश में पहली बार चुनाव हुए थे तबसे वह अपने मत का प्रयोग कर रहे तथा ऐसी व्यवस्था का लाभ उन्होंने दूसरी बार उठाया है। उनके अनुसार लोकतंत्र मे मतदान का दिन सबसे बड़ा पर्व है इसमें देश के सभी नागरिको को अपने प्रथम कर्तव्य के रूप मे मतदान अवश्य करना चाहिए ।उन्होंने सभी सीसामऊ विधानसभा निवासियों से निवेदन किया कि इस बार मतदान केंद्र में अपने परिवार सहित जाकर मतप्रतिशत बढ़ाकर लोकतंत्र मे अपनी उपस्थिति मजबूती से दर्ज करवाए।

उगा हे सूरज देव...कानपुर में महापर्व छठ की धूम, व्रतियों ने की भगवान भास्कर की उपासना

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

लोक आस्था के महापर्व छठ पूजा का समापन शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ ही हो गया। डाला छठ पर गुरुवार को अस्ताचलगामी सूर्य को पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ पहला अर्घ्य दिया गया। दउरा व सुपली में फल व पूजन सामग्री सजाकर व्रती महिलाएं घाट पर पहुंची और भगवान भास्कर की उपासना की। चार दिनों तक चलने वाले इस अनुष्ठान के अंतिम दिन शुक्रवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर इसका समापन हुआ। छठ महापर्व पर सैकड़ों व्रतधारी महिला पुरुष व बच्चों के साथ छठ मईया के गीत गाते हुए छठ घाट पर पहुंचे। उनका उत्साह एवं श्रद्धा देखते ही बनता था। महिलाओं ने कमर तक ठंडे पानी में खड़े होकर भगवान आदित्य देव की पहली किरण के दर्शन के लिए इंतजार करती रहीं। सूर्य की पहली किरण के दिखने पर महिलाओं ने जल और दूध से अर्घ्य देकर व्रत को पूरा किया। घाट पर सुहागिन महिलाओं ने एक दूसरे को मांगभर सिंदूर लगाया और अखंड सौभाग्य वती होने की कामना भगवान सूर्य देव व छठी मैया से की।

घाटों पर महिलाओं की टोलियों ने छठ मईया की महिमा का बखान सुंदर गीतों के माध्यम से किया। कहवां भईल एतनी देर हो माई... , छठ मइया के आके सजा देबू का हो..., केलवा जो फरेला गवध से ऊपर सुगा मंडराय..., केलवा के पात पर उगले सूरज देव झांके झुकी करलु छठी बरतिया हो... जैसे मनभावन गीत गाती रहीं।

शहर के इन घाटों पर उम्र छट महापर्व पर आस्था का जन सैलाब

पनकी, अर्मापुर बड़ी नहर के विभिन्न घाटों पर अस्त और उगते सूरज को देखकर व्रतियों ने अर्घ्य दिया। रावतपुर केंद्रीय विद्यालय, नमक फैक्ट्री चौराहा, गोला घाट, मैस्कर घाट, बर्रा, गुजैनी, पांडु नदी, सीटीआई, शास्त्री नगर, बिठूर सहित अन्य घाटों पर लोगों ने उगते हुए सूरज को अर्घ्य देने के लिए सुबह 4ः00 बजे से ही वृती महिलाएं, पुरुष व बच्चे भगवान भास्कर, व छठी मैया का पूजन करते हुए देखे जा सकें।

छठ घाट पर हुआ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

छठ सेवा समितियों के माध्यम से छठ घाटों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी भव्य आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में क्षेत्रीय कलाकारों छट पर आधारित लोकगीतों का भी भव्य प्रस्तुती करण देखकर लोग गीतों पर झूमते हुए नजर आए। इसके अलावा छठ घाट पर इलेक्ट्रिक लाइट की सजावट की गई थी। सभी घाट दूधिया रोशनी से नहाए हुए थे। घाटों पर सुरक्षा के प्रबंध किया गया था। सरयू नदी में मोटरबोट के जरिए गश्त किया गया। घाट पर पुलिस बल तैनात किया गया था।

ठेकुआ व चने का बांटा प्रसाद---

छठ पर भगवान सूर्य की उपासना और पूजन के बाद अर्घ्य देकर पांच बार परिक्रमा की। महिलाओं ने पूजा घाट पर ही प्रसाद के लिए ठेकुआ और चना वितरण किया। छठ पूजा के प्रसाद को पाने के लिए घाट पर होड़ मची रही।

छठ घाटों पर त्रिकोणीय सुरक्षा व्यवस्था के थे इंतजाम

- शहर भर में सभी छठ घाटों पर कानपुर कमिश्नरेट पुलिस की ओर से पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुलिस बल के अलावा जल पुलिस सभी घाटों पर मोटर बोट के साथ तैनाती थी। इसके अलावा शादी वर्दी में पुलिसकर्मी व महिला पुलिसकर्मी
- घाट पर पैदल ग्रस्त कर रहे थे। सभी घाटों पर नाव में गोताखोरों की तैनाती की गई थी। अधिक भीड़ वाले घाटों पर फायर ब्रिगेड की भी तैनाती की गई थी।

झगड़ा कर रहे चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिल्हौर पुलिस द्वारा झगड़ा फसाद कर रहे लोगों को पहले समझने का प्रयास करती है जब वह करने को तैयार नहीं होते हैं तो उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज देती है इसी कड़ी में पुलिस ने विभिन्न गांव से चार लोगों को गिरफ्तार कर जेलभेज दिया अर्जुन, करूणाशंकर पुत्र स्व0 लालमन नि0 बलरामनगर के मध्य सट्टेबाजी का काम बदं कराने को लेकर आरोप प्रत्यारोप लगाकर तेज आवाज में बहस कर रहे थे। मना करने बाद भी न मानते हुए और अधिक उत्तेजित होकर फसाद कर रहे थे ग्राम बीबीपुर में विपिन उर्फ रिषभ पुत्र सरजू निवासी बीबीपुर अपने पड़ोसी विपिन के साथ मु0अ0सं0 348/24 धारा 78/352 बीएनएस व 78 पाक्सो एक्ट पंजीकृत करने को लेकर अमादा फसाद कर रहा था। ग्राम धिमऊ में सूरज पुत्र देवी प्रसाद प्रजापित निवासी ग्राम धिमऊ थाना बिल्हौर गांव के ही किशनलाल पुत्र बालकराम के साथ थाने पर प्रर्थना पत्र देने को लेकर अमादा फसाद व तेज आवाज में बहस कर रहा था।

अभियुक्तगणों को गिफ्तार करने वाली टीम

बिल्हौर कस्बा इंचार्ज उनि0 नरेंद्रकुमार, उ0नि0 पंकज कुमार, उ0नि0 यूटी मोहित यादव आदि शामिल है बिल्हौर प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सरोज ने बताया क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उपद्रवी लोगों को चुन चुन कर जेल भेजा जा रहा है।

उपरोक्त सभी प्रकरणों में बिल्हौर पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए त्वरित कार्यवाही करते अभियुक्तगणों का चालन 170 बीएनएस अंतर्गत गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण उपरोक्त को कार्यपालक मजिस्ट्रेट।

सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर कानपुर नगर के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

पुलिस ने दो वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिल्हौर थाना पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये गये विशेष अभियान के क्रम में हरिशंकर पुत्र सफेदा सिंह निवासी महाराणा प्रताप नगर थाना बिल्हौर सम्बन्धित मु0नश 4391/15 धारा 138 एनआईएक्ट बनाम हरिशंकर ता0पे0 08.11.2024 (2) गुइडू पुत्र शिवलाक रैदास निवासी बीबीपुर सम्बंधित मुनंश 331/12 अ0सं0 12403 धारा 323/504 आईपीसी थाना बिल्हौर बनाम जयराम आदि को उनके घरों से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगणों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। अभियुक्तगणों को गिफ्तार करने वाली टीम- बिल्हौर कस्बा इंचार्ज उनिश नरेंद्रकुमार, उ0नि0 आनन्द कुमार, हे0कां0 दिलीप गंगवार आदि शामिल रहे बिल्हौर कोतवाली प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया टीम काफी दिनों से तलाश कर रही थी।

अचयनित संविदा कर्मचारियो का वेतन बढ़ाने के लिये नगर आयुक्त को दिया ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। नगर निगम कानपुर में काम एक समय एक उसके बाद वेतन अलग अलग है लेकिन अभी कुछ समय पहले आऊट सोर्सिंग कर्मचारियो का वेतन बढ़ाने के लिये कर्मचारी संयुक्त संघ (6828) ने कमर कसी। जिसका रिजल्ट कर्मचारियो को देखने को मिला शासन द्वारा चायनित संविदा कर्मचारियो का वेतन वुद्धि व एरियर का आदेश होने पर भी कर्मचारियो को लाभ नही दिया गया। तब कर्मचारी नेता भाई हरीओम बाल्मीकि के अथक प्रयासों से इसका भी लाभ कर्मचारियो को मिला परन्तु अचायनित कर्मचारी को लाभ नही दिया गया। उनको आऊट सोर्सिंग से भी कम वेतन मिल रहा है। जिसको कर्मचारी संयुक्त संघ (6828) के महामंत्री भाई हरीओम बाल्मीकि ने संज्ञान में लेते हुए बीते दिन नगर आयुक्त व लेखाधिकारी को ज्ञापन देकर अचायनित कर्मचारियो का वेतन बढ़ाने की मॉग की है। ज्ञापन देने वालो में अध्यक्ष धीरज गुप्ता, रमेश भाई, अशोक कुण्डे, अशोक सम्राट, धर्मेन्द्र बाल्मीकि, जिप्पी, शौलेन्द्र कैथेल, शिवमंगल, प्रदीप बाल्मीकि, सचिन ठाकुर, कृष्टी, राहुल गहरवार, अशिषेक, कुनाल बाल्मीकि, मान सिंह, रुस्तम, सूरज, अंकित, विजय पंडित, रामबाबू, चमन खन्ना आदि मौजूद रहे।

किशोरी को भागने वाले युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। बिल्हौर थाना क्षेत्र के एक गांव में रिश्तेदारी में आए हुए युवक ने नाबालिक किसोरी को बहला फुसलाकर भाग ले गया था उसकी मां की शिकायत पर पुलिस ने कुछ घंटे में आरोपित को लड़की सहित बरामद कर आरोपित को जेल भेज दिया किशोरी की मां के प्रार्थना पत्र के आधार पर मुअ0सं0 344/24 धारा 137(2)187 बीएनएस पंजीकृत कराया गया। मामले की गम्भीरता को देखते हुए नाबालिंग पीड़िता व अभि0 की तलाश हेतु उच्चाधिकारीगणों के आदेशानुसार टीम गठित कर रवाना किया गया। गठित टीम के अथक प्रयासो के बाद कानपुर कन्नौज हाइवे के नीचे अन्डर पास नानामऊ रोड के बाये तरफ के पास से पीडिता को सकुशल बरामद किया गया अभियुक्त रवि गौतम पुत्र स्व0 हरिप्रसाद निवासी ग्राम ज्योति जुगराजपुर थाना शिवली जनपद कानपुर देहात हाल पता ग्राम मड़ौली थाना रूरा जनपद कानपुर देहात को गिरफ्तार कर सक्षम न्यायालय के सामने प्रस्तुत किया गया गिरफ्तार करने वाली टीम में वरिष्ठ उप निरीक्षक कमलेश कुमार यादव,उप निरीक्षक आनंद कुमार, महिला उपनिरीक्षक प्रियंका सिंह शामिल रहे।

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

बच्चों में स्क्रीन की बढ़ती लत एक गंभीर समस्या

कम उम्र से ही स्क्रीन का जिम्मेदाराना उपयोग सिखाने के लिए पाठ्यक्रम में डिजिटल वेलबीइंग को शामिल करें। दिल्ली सरकार ने चुनिंदा स्कूलों में डिजिटल साक्षरता सत्र शुरू किए हैं। आयु के आधार पर आधिकारिक स्क्रीन टाइम दिशा-निर्देश विकसित करें और सार्वजनिक अभियानों के माध्यम से उनका प्रचार करें। ङ्घ।ह्व दिशा-निर्देश विकासात्मक चरणों के आधार पर स्क्रीन टाइम प्रतिबंधों का सुझाव देते हैं। स्वस्थ सामाजिक संपर्क के साथ डिजिटल उपभोग को संतुलित करने के लिए बाहरी और समूह गतिविधियों को प्रोत्साहित करें।

महामारी के बाद भारत में बच्चों के लिए स्क्रीन का समय काफी बढ़ गया है, उनके सामाजिक और मनोवैज्ञानिक विकास पर इसके प्रभावों के बारे में चिंताएँ बढ़ रही हैं, जिससे संतुलित हस्तक्षेप की आवश्यकता है। अत्यधिक स्क्रीन समय आमने-सामने की बातचीत को कम करता है, जिससे सामाजिक कौशल विकास में बाधा आती है। 2024 के अध्ययन में पाया गया कि प्रतिदिन 3 घंटे से अधिक स्क्रीन समय वाले बच्चों में सामाजिक जुड़ाव का स्तर कम था। स्क्रीन अक्सर पारिवारिक बातचीत की जगह ले लेती है, जिससे पारिवारिक सामंजस्य और साझा अनुभव कम हो जाते हैं। परिवारों को भोजन और बातचीत जैसी गतिविधियों पर कम समय बिताते हुए देखा जाता है, जिससे भावनात्मक जुड़ाव प्रभावित होता है। डिजिटल इंटरैक्शन पर तेजी से निर्भर बच्चे व्यक्तिगत सामाजिक संकेतों और रिश्तों के साथ संघर्ष कर सकते हैं। यूनिसेफ की रिपोर्ट है कि किशोरों में उच्च स्क्रीन समय भावनात्मक विनियमन में देरी से सम्बंधित है। स्क्रीन की लत शारीरिक गतिविधियों में बिताए गए समय को सीमित करती है, जिससे गतिहीन व्यवहार होता है। स्वास्थ्य मंत्रालय की 2023 की रिपोर्ट में शहरी बच्चों में बाहरी गतिविधियों में 40त्न की कमी को दर्शाया गया है। स्क्रीन पर ज़्यादा समय बिताना बच्चों में चिंता और अवसाद जैसे मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों से जुड़ा हुआ है। लैंसेट चाइल्ड एंड एडोलसेंट हेल्थ (2024) ने 4 घंटे से ज़्यादा स्क्रीन पर समय बिताने वाले किशोरों में चिंता के लक्षणों में 15त्न की वृद्धि पाई। तेज़ गति वाली डिजिटल सामग्री के लंबे समय तक संपर्क में रहने से ध्यान अवधि और एकाग्रता के स्तर में कमी आ सकती है। एम्स दिल्ली (2023) द्वारा किए गए अध्ययन बच्चों में अत्यधिक स्क्रीन उपयोग को एडीएचडी जैसे लक्षणों से जोड़ते हैं। स्क्रीन लाइट के संपर्क में आने से नींद के चक्र प्रभावित होते हैं, जिससे नींद पूरी नहीं होती और संज्ञानात्मक कार्य कम होता है। इंडियन जर्नल ऑफ़ पीडियाट्रिक्स द्वारा 2023 में किए गए एक अध्ययन में बताया गया कि सोने से पहले स्क्रीन का उपयोग करने वाले 60त्न बच्चों की नींद का पैटर्न गड़बड़ा गया था। सोशल मीडिया का उपयोग अक्सर आत्म-सम्मान को प्रभावित करता है, खासकर किशोरों में, अवास्तविक तुलना और साइबरबुलिंग के कारण। भारतीय किशोर अत्यधिक सोशल मीडिया एक्सपोजर से आत्म-सम्मान सम्बंधी समस्याओं का अनुभव करते हैं। स्कूल जाने वाले बच्चों के माता-पिता के लिए यह महत्त्वपूर्ण है कि वे तकनीक के इस्तेमाल के मामले में सीमाएँ तय करें। यहाँ एक विशेषज्ञ गाइड है जो आपको बताती है कि कैसे स्क्रीन की लत में पदार्थों के समान ही तंत्र होता है, जो डोपामाइन में समान वृद्धि पैदा करता है। स्क्रीन के उपयोग में लगातार वृद्धि के साथ, मस्तिष्क के सर्किट अनुकूल हो जाते हैं और डोपामाइन के प्रति कम संवेदनशील हो जाते हैं। नतीजतन, आप जो देखते हैं वह समान आनंद का अनुभव करने के लिए अधिक उपभोग करने की बढ़ती आवश्यकता है। एक आम गलतफहमी यह है कि लत एक विकल्प या नैतिक समस्या है। सच्चाई इससे ज़्यादा दूर हो ही नहीं सकती। एक निश्चित बिंदु के बाद, लत एक जैविक समस्या बन जाती है जिसका शारीरिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर असर पड़ता है। माता-पिता के लिए हस्तक्षेप करने, सही व्यवहार का मॉडल बनाने और अपने बच्चों को जीवन कौशल के रूप में स्क्रीन प्रबंधन सिखाने की स्पष्ट आवश्यकता है।

एक्सप्रेस आलेख

विधानसभा उपचुनाव में यदि हनुमान बेनीवाल की पत्नी चुनाव हार जाती हैं तो उनकी पार्टी का विधानसभा में प्रतिनिधित्व तो समाप्त होगा ही साथ ही उनका प्रदेश की राजनीति में प्रभाव भी कम हो जाएगा। इसलिए हनुमान बेनीवाल के लिए उपचुनाव में करो व मरो वाली स्थिति बनी हुई है। आदिवासी बहुल चौरासी विधानसभा सीट पर पिछले विधानसभा चुनाव में भारतीय आदिवासी पार्टी के अध्यक्ष राजकुमार रोत 69166 वोटो से चुनाव जीते थे। उनके बांसवाड़ा-डूंगरपुर से सांसद बनने के चलते इस्तीफा देने से खाली हुई चौरासी सीट पर उपचुनाव हो रहा है। आदिवासी बेल्ट में भारतीय आदिवासी पार्टी का प्रभाव लगातार प्रभाव बढ़ रहा है।

राजस्थान विधानसभा उपचुनाव में गढ़ बचाने में लगी पार्टियां

रमेश सर्राफ धमोरा

पिछले विधानसभा चुनाव में भारतीय आदिवासी पार्टी के तीन विधायक जीते थे। चौरासी सीट पर कांग्रेस व भाजपा ने भी इस बार नए प्रत्याशियों को मौका दिया है। वहीं भारतीय आदिवासी पार्टी का बागी बदामीलाल ताबियाड़ भी चुनाव मैदान में खड़ा है। उनकी पत्नी शर्मिला अभी चिखली पंचायत समिति की प्रधान है।

राजस्थान में 13 नवंबर को सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। सात में से पांच विधानसभा सीटें झुंझुनू, दौसा, खींवसर, देवली-उनियारा, चौरासी विधायकों के सांसद बनने से खाली हुई हैं। सलूंबर व रामगढ़ में विधायकों की मृत्यु होने के चलते उपचुनाव हो रहे हैं। हालांकि उपचुनाव के नतीजों से प्रदेश की राजनीति में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की सरकार को भी कोई खतरा होने वाला नहीं है। मगर उपचुनाव के नतीजे का असर प्रदेश की राजनीति में कई पार्टियों व उनके नेताओं के राजनीतिक समीकरणों को प्रभावित करेगा। 2023 के विधानसभा चुनाव में सात विधानसभा सीटों में से चार सीटों पर कांग्रेस के विधायक थे। वहीं एक सीट पर भाजपा, एक पर राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी (रालोपा) व एक पर भारतीय आदिवासी पार्टी का विधायक था। राजस्थान की जिन सात विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहे हैं, उनमें से प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा के पास सिर्फ एक सलूंबर की सीट थी। जहां उनके लगातार तीन बार के विधायक अमृतलाल मीणा के निधन के चलते उपचुनाव हो रहा है। भाजपा के लिए सलूंबर की सीट जीतना प्रतिष्ठा का सवाल बना हुआ है। भाजपा ने दिवंगत विधायक की पत्नी शांता मीणा को टिकट दिया है। इसके अलावा प्रदेश की अन्य विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव में भी भाजपा पूरी मजबूती के साथ चुनाव मैदान में उतरी है। उपचुनाव में हार-जीत के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ की प्रतिष्ठा जुड़ी हुई है। पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन 2014 व 2019 के लोकसभा चुनाव की तुलना में बहुत अच्छा नहीं रहा था। इसलिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा चाहते हैं कि सभी सात सीटों पर भाजपा जीते, जिससे आला कमान की नजरों में उनकी मजबूत छवि बन सके। भाजपा समय रहते अपने सभी बागियों को मना कर एकजुटता का संदेश देने में सफल रही है। इसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की भूमिका अहम है। भाजपा ने दौसा सीट पर राजस्थान सरकार में मंत्री डॉक्टर किरोडीलाल मीणा के भाई जगमोहन मीणा को प्रत्याशी बनाया है। दौसा सीट सामान्य वर्ग की सीट है। भाजपा ने डॉक्टर किरोडीलाल मीणा के दबाव में अनुसूचित जनजाति के प्रत्याशी को मैदान में उतार दिया है।

बदामीलाल को पार्टी अध्यक्ष राजकुमार रोत मैदान से हटाने में असफल रहे हैं। सांसद रोत के लिए चौरासी सीट उनकी प्रतिष्ठा से जुड़ी हुई है। क्योंकि वह वहां से लगातार दो बार विधायक रह चुके हैं। यदि चैरासी से उनकी पार्टी का प्रत्याशी चुनाव हारता है तो उनके बढ़ते प्रभाव को झटका लगेगा।

वही 2023 के विधानसभा चुनाव में झुंझुनू से भाजपा के प्रत्याशी निशित कुमार उर्फ बबलू के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले राजेंद्र भांभू व रामगढ़ से भाजपा प्रत्याशी जय आहूजा के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले सुखवंत सिंह को टिकट देकर मैदान में उतार दिया है। देवली-उनियारा सीट पर भी भाजपा ने पिछली बार चुनाव लड़े कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला के बेटे विजय बैसला का टिकट काटकर पूर्व विधायक राजेंद्र गुर्जर को मैदान में उतारा है। वहीं खींवसर सीट पर रालोपा के अध्यक्ष व नागौर के सांसद हनुमान बेनीवाल को पिछले विधानसभा चुनाव में कड़ी टक्कर देकर मात्र 2059 वोटों से हारने वाले रेवतराम डागा को फिर से मैदान में उतारा है। चौरासी सीट पर पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी की करारी हार हुई थी। इस बार भाजपा ने वहां नया प्रत्याशी कारीलाल ननोमा को मैदान में उतारा है। भाजपा प्रत्याशी सीमलवाड़ा पंचायत समिति के प्रधान हैं तथा सादड़िया के सरपंच रह चुके हैं। अब उनकी पुत्रवधू रेखा सरपंच है। उनकी पत्नी हाकली देवी भी सरपंच रह चुकी है। क्षेत्र में अच्छी पकड़ होने के कारण राजनीतिक विश्लेषक मान रहे हैं कि इस बार वहां भाजपा कड़ी टक्कर दे सकती है। कांग्रेस को अपनी चार सीट झुंझुनू, दौसा, देवली-उनियारा व रामगढ़ फिर से जीतनी होगी। साथ ही अन्य तीन सीटों पर भी अपनी ताकत दिखानी होगी। कांग्रेस ने झुंझुनू से सांसद बने बृजेंद्र सिंह ओला के बेटे अमित ओला को मैदान में उतारा है। अमित ओला ओला परिवार की तीसरी पीढ़ी है तथा उनके दादा शीशराम ओला झुंझुनू से पांच बार सांसद, नौ बार विधायक केंद्र तथा राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे हैं। वहीं रामगढ़ सीट पर दिवंगत विधायक जुबेर खान के पुत्र आर्यन खान को उतार कर सहानुभूति के बल पर चुनाव जीतना चाहती है। दौसा सामान्य सीट पर कांग्रेस ने अनुसूचित जाति के दीनदयाल बैरवा को टिकट देकर मैदान में उतारा है। देवली-उनियारा से पूर्व अधिकारी कस्तूर चंद मीणा को मैदान में उतारा है। यहां कांग्रेस के बागी नरेश मीणा चुनाव को त्रिकोणात्मक बना रहे हैं। नरेश मीणा को कांग्रेस मनाने में नाकाम रही है, जिसके चलते कांग्रेस प्रत्याशी की स्थिति ज्यादा बेहतर नहीं मानी जा रही है। सलूंबर में कांग्रेस ने 2018 में निर्दलिय चुनाव लड़कर कांग्रेस को हराने वाली रेशमा मीणा को मैदान में उतारा है। इससे नाराज होकर सांसद, विधायक व मंत्री रह चुके रघुवीर मीणा अंदर खाने पार्टी प्रत्याशी को नुकसान पहुंचा रहे हैं। चौरासी सीट पर कांग्रेस ने इस बार 29 साल के नए प्रत्याशी महेश रोत को मैदान में उतारा है। खींवसर सीट पर कांग्रेस ने महिला प्रत्याशी रतन चौधरी को मैदान में उतार कर हनुमान बेनीवाल के वोट बैंक में बड़ी सेंध लगाई है। इसका फायदा भाजपा को हो सकता है। खींवसर सीट पर रालोपा के अध्यक्ष हनुमान बेनीवाल की प्रतिष्ठा जुड़ी हुई है। पिछला विधानसभा चुनाव वह मात्र 2059 वोटों से जीते थे। फिर कांग्रेस से गठबंधन कर नागौर से सांसद चुने जाने पर उन्होंने विधानसभा से इस्तीफा दे दिया था। अब उन्होंने अपनी पत्नी कनिका बेनीवाल को मैदान में उतारा है। यहां उनका मुकाबला भाजपा के रेवत राम डागा व कांग्रेस की रतन चौधरी से होगा। हनुमान बेनीवाल ने 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के रेवत राम डागा को महज 2059 वोटों से हराया था।

एक्सप्रेस कविता

अपना लिया है गमों को बड़ी खुशी से
अब दास्ताने दर्द कहते नहीं किसी से।
पहले पहल उन्हें राहें कांटों भरी मिलेंगी
हैं जिनकी आंखों में ख्वाब मखमली से।
मिलती नहीं यहां गम से किसी को फुर्सत
खुश दिख रहें हैं पर शिकवा जिंदगी से।
झरोखे से ही दिखा देना चेहरा अपना
जनाजा जब निकले मेरा तेरी गली से।
मिल जाए चाहता है हर कोई मुफ्त-दौलत
कुछ लोग इस तरह बेजार मुफलिसी से।
पीठ-पेट क्यों चिपके हुए हैं साथ-साथ
किसी ने पूछा है क्या उसकी फकीरी से।
पसीने की चंद बूंदे उभर आई माथे पर,
शिकवा नही इस मेहनतकश जिंदगी से।

संजीव ठाकुर

एक्सप्रेस ज्ञान

जीवन वह नही है जिसकी आप चाहत रखते हैं अपितु यह तो वैसा बन जाता है, जैसा आप इसे बनाते हैं

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे है, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथि:	अष्टमी 22:45 तक
नक्षत्र:	श्रवण 11:47 तक
पक्ष:	शुक्ल
वार:	शनिवार
योग:	वृद्धि, 28:22
सूर्योदय:	06:39
सूर्यास्त:	17:29
चंद्रमा:	कुंभ राशि में
राहुकाल:	09:22-10:43
विक्रमी संवत्:	2082
शक सम्वत:	1946
मास:	कार्तिक
शुभ मुहूर्त:	11:43-12:26

जन एक्सप्रेस

है मचा बवाल !

लेकर के सुरक्षा को ।
है मचा बवाल ।।
मौसम है चुनावी ।
मचा है बवाल ।।
रस्साकस्सी चल रही ।
कौन जिम्मेदार ?
हर तरफ से हो रहे ।
शब्दों के प्रहार ।।
ना दो मुझे सुरक्षा ।
बात निकल कर आई ।।
हरकतों से ऐसी ।
होती जगहंसाई ।।
रहें सब महफूज़ ।
हो काम इस प्रकार ।।
रहें सब सुरक्षित ।
जो सबका अधिकार ।।



- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

रात को फल खाने से हो सकती हैं हाई ब्लड शुगर और ब्लोटिंग जैसी कई परेशानियां, बरतें सावधानी

आपने अक्सर सुना होगा कि लोग कहते हैं कि फल खाना स्वास्थ्य के लिए बहुत ही लाभकारी होता है। फल को तो कभी भी खाया जा सकता है। इसमें कई तरह के पोषक तत्व होते हैं, जो हमारी इम्यूनिटी को बूस्ट करते हैं और सेहत में सुधार भी करते हैं। यही नहीं, फलों का सेवन करने से शरीर में कभी पानी की कमी नहीं होती है। लोग अक्सर नाश्ते में फल खाते हैं या फिर रात के समय फल खाना पसंद करते हैं।

एसिड रिफ्लक्स की समस्या: अगर आपक रात के समय संतरे, अनानास और अंगूर जैसे फल खाते हैं, तो ऐसे में आपको एसिड रिफ्लक्स की दिक्कत हो सकती है। आपको बता दें कि एसिड रिफ्लक्स तब होता है जब पेट एसिड को एसोफेगस की ओर धकेलता है। रात के समय से संतरे जैसे सिट्रस फ्रूट खाने से ऐसी समस्या हो सकती है। ऐसा खासकर, उनके साथ होता है, जिन्हें पहले से ही सीने में जलन या एसिडिटी की दिक्कत है।

पाचन संबंधी समस्या: अगर आप रात के समय बहुत ज्यादा फलों का सेवन कर बैठते हैं, तो ऐसे में पाचन संबंधी समस्या हो सकती है। दरअसल, कुछ ऐसे फल होते हैं, जिन्हें रात को ठीक सोने से पहले खाया जाए, तो उन्हें बॉडी द्वारा पचाने में अतिरिक्त समय लग सकता है। अगर किसी कारणवश फल सही तरह से हजम न हो, तो पाचन से जुड़ी प्रॉब्लम होने लगती है। इनमें केले जैसे फल शामिल होते हैं।

गैस की समस्या: अगर आप ऐसे फलों का सेवन रात के समय अधिक करते हैं, जो फाइबर युक्त हैं, तो आपको गैस की समस्या, ब्लोटिंग और असहजता बढ़ सकती है। यही नहीं, रात के समय फाइबर युक्त फल का सेवन करने की वजह से पेट में दर्द और असहजता बनी रहती है, जिससे रात को अच्छी नींद लेने में दिक्कत आती है। इसलिए, कोशिश करें कि रात के समय फाइबर बेस्ड फलों का सेवन करने से बचें।

वजन बढ़ना: अगर आप रात के समय प्रॉपर मील लेते हैं और साथ में फलों का सेवन भी अतिरिक्त मात्रा में करते हैं, तो यह स्थिति आपके लिए सही नहीं है। आपको बता दें कि अतिरिक्त फल का सेवन करने से वजन बढ़ने की आशंका रहती है। यही नहीं, फलों में नेचुरल शुगर भी होता है। इसलिए संभवतः अतिरिक्त मात्रा में फल खाने या फल का रस पीने से शुगर स्पाइक कर सकता है। यह कंडीशन डायबिटीज के मरीजों के लिए बिल्कुल सही नहीं है।

एक्सपर्ट सजेशन: अगर आपको फल खाना पसंद है, तो दिन के समय इसका सेवन करें। अगर शाम को खाना है, तो रात के डिनर से पहले फल खा लें। फल और डिनर के बीच कुछ समय का गैप रखें। इसके बाद डिनर करें। जब फलों का सेवन करें, तो डिनर लाइट लें ताकि ओवर ईटिंग से बच सकें। वैसे बेहतर होगा कि आप फलों का सेवन स्नैक्स टाइम पर करें। इससे ओवर ईटिंग भी नहीं होगी और आपको फलों के सभी पोषक तत्व भी प्राप्त हो जाएंगे।

एक्सप्रेस विशेष

डॉ. सत्यवान सौरभ

ट्रंप के पहले कार्यकाल में चीन से आयातित सामान पर टैरिफ मैन्युफैक्चरिंग को घरेलू स्तर पर लाने पर जोर के चलते यह रणनीति तेजी से उभरी थी। इस बार भी ट्रंप की वापसी से यह रुख और मजबूत हो सकता है, जिससे भारत जैसे देशों में निवेश सप्लाई चेन विस्तार को बढ़ावा मिलेगा।

ट्रंप की जीत के भारत के लिए मायने

डोनाल्ड ट्रंप की जीत भारत के लिए व्यावसायिक रूप से चुनौतीपूर्ण होने के बावजूद रणनीतिक रूप से फायदेमंद है। ट्रंप की उल्लेखनीय वापसी के वास्तविक महत्व को समझने के लिए, हमें भावनाओं से आगे बढ़कर निहितार्थों की ओर बढ़ना होगा। अंतरराष्ट्रीय संबंधों में सिर्फ इतना ही काफी नहीं होता। निजी रिश्तों के साथ ही साथ दोनों देशों के आपसी हितों का तालमेल या टकराव नीतियों की दिशा तय करता है। इस लिहाज से ट्रंप का दूसरा कार्यकाल भारत के लिए कैसा रहेगा, यह तो उनके जनवरी में कार्यभार संभालने के बाद ही पता चलेगा। ट्रंप को अब चीन या बहुपक्षवाद की तुलना में उनके उद्देश्यों के लिए अधिक गंभीर बाधा के रूप में फिर से स्थापित किया गया है। डीप स्टेट के लिए बदतर यह है कि इस बात की पूरी संभावना है कि यूक्रेन और गाजा में चल रहे दोनों युद्ध या तो संप्रभु बहुपक्षीय समन्वय द्वारा समाप्त कर दिए जाएंगे, या उन्हें सामान्य रूप से व्यवसाय की वापसी सुनिश्चित करने के लिए कालीन के नीचे दबा दिया जाएगा। राष्ट्रपति चुनाव अभियान के दौरान डेमोक्रेट तुलसी गबार्ड ने डेमोक्रेट के बीच कहर बरपाया है और लिज चेनी जैसे सच्चे रिपब्लिकन राजघराने ने डेमोक्रेट के लिए खुलकर प्रचार किया। पहली नजर में यह भ्रामक लग सकता है, यहां तक कि सुधार किस तरह की रूपरेखा अपनाएगा, यह केवल विस्तार का विषय है, लेकिन, सिद्धांत रूप में, इसकी आवश्यकता पर बातचीत शुरू होगी। यह एकमात्र तरीका है जिससे अमेरिका सभ्यतागत पतन से बच सकता है जिसकी ओर वह वर्तमान में बढ़ रहा है और ट्रंप यह जानते हैं। हालांकि, कड़े व्यापार रवैये के बावजूद ट्रंप का दूसरा कार्यकाल भारत के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

सुधार किस तरह की रूपरेखा अपनाएगा, यह केवल विस्तार का विषय है, लेकिन, सिद्धांत रूप में, इसकी आवश्यकता पर बातचीत शुरू होगी। यह एकमात्र तरीका है जिससे अमेरिका सभ्यतागत पतन से बच सकता है जिसकी ओर वह वर्तमान में बढ़ रहा है और ट्रंप यह जानते हैं। हालांकि, कड़े व्यापार रवैये के बावजूद ट्रंप का दूसरा कार्यकाल भारत के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

अजीब भी, लेकिन ऐसा तब होता है जब राजनीतिक विचारधारा उतनी ही तेजी से खरगोश के बिल में चली जाती है जितनी कि अमेरिका में। अगर पार्टियों को अब यह नहीं पता कि वे किस लिए खड़े हैं, तो कल्पना करें कि आम राजनेता, पार्टियों के कार्यकर्ता और मतदाता कितने भ्रमित होंगे? अमेरिका एक तरह से भारत की तरह है, जो इस सदी की शुरुआत में नई दिशा की तलाश में था, चीजों को हिलाने और एक नया रास्ता बनाने के लिए दो आम चुनाव, एक नीरस दशक और नरेन्द्र मोदी के आगमन की जरूरत पड़ी। व्यवसायी ट्रंप के लिए खातों को संतुलित करना और व्यापार घाटे को कम करना एक स्वाभाविक कार्य है, जिसे वे 2016 से 2020 तक की तरह ही लगन से अपनाएंगे। ट्रंप के पहले कार्यकाल की रणनीति से प्रेरणा लेते हुए हम अमेरिका से चीन, भारत और यूरोप जैसे दुनिया के सबसे बड़े ऊर्जा बाजारों में तेल और गैस के निर्यात में वृद्धि की उम्मीद कर सकते हैं। महामारी तक उन्होंने यही सफलतापूर्वक किया और विडंबना यह है कि जो बाइडेन ने भी इसे दोहराने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए। पहले क्रम के प्रभाव अमेरिका के लिए अच्छे हैं क्योंकि अपस्ट्रीम हाइड्रोकार्बन क्षेत्र में बढ़ी हुई गतिविधि का मतलब है अधिक नौकरियां, आर्थिक विकास, कम व्यापार घाटा और कम मुद्रास्फीति। तेल, विशेष रूप से शेल तेल ने किसी भी अन्य क्षेत्र की तुलना में अमेरिकी अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करने में अधिक योगदान दिया और ऐसा फिर से हो सकता है। दूसरा पहलू यह है कि ट्रंप के भीतर की ओर देखने से भारत में कुछ नौकरियां खत्म हो सकती हैं और हम कुछ वीजा युद्ध देख सकते हैं। चीन और भारत को अमेरिकी कच्चे तेल की खरीद करने के लिए राजी करना कूटनीतिक मोर्चे पर एक ईमानदार समझौता है, जिसका सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए व्यापक रूप से मतलब होगा कि भारत और चीन को घरेलू मामलों में बहुत अधिक अमेरिकी हस्तक्षेप के बिना अपनी बढ़ती वैश्विक स्थिति को मजबूत करने के लिए अकेला छोड़ दिया जाएगा। निश्चित रूप से, कुछ शोर-शराबा होगा। इसकी प्रतिक्रिया में, यह संभव है कि सऊदी अरब जैसे बड़े तेल और गैस निर्यातक बाजार हिस्सेदारी को बनाए रखने के लिए एकतरफा कीमतों में कटौती कर सकते हैं, जबकि अमेरिका कतर को निचोड़ने और ईरान को खेल से बाहर रखने के लिए अपने सभी शेष प्रभाव का उपयोग करता है। इस खेल की प्रगति का एक संकेतक यह है कि यह देखने के लिए प्रतीक्षा करें और देखें कि क्या भारत ईरान से कच्चे तेल की खरीद फिर से शुरू करता है या नहीं। यदि ऐसा होता है, तो वैश्विक गतिशीलता कैसे बदलेगी, इस पर सभी दांव बंद हो जाएंगे, क्योंकि इसका मतलब होगा कि अमेरिका ने बहुध्रुवीयता को नई वैश्विक वास्तविकता के रूप में स्वीकार कर लिया है। यूक्रेन और गाजा में चल रहे दो युद्धों पर अमेरिका की स्थिति में किसी तरह की वापसी होगी। दोनों युद्ध या तो बहुपक्षीय संप्रभुता के आदेश से समाप्त हो जाएंगे, या फिर सामान्य स्थिति में वापसी सुनिश्चित करने के लिए उन्हें बेरहमी से दबा दिया जाएगा। अमेरिका और बाकी दुनिया के लिए जल्द से जल्द यह सामान्य हो जाना चाहिए, क्योंकि, हम भूल न जाएं, महामारी के बाद एक रिकवरी वर्ष प्राप्त करने के बजाय, हमें दो बदसूरत छद्म युद्ध, बढ़ती मुद्रास्फीति और दुर्बल करने वाले व्यापार व्यवधान मिले, हमने रूस पर पश्चिम के प्रतिबंधों को चतुराई से दरकिनार कर दिया।

चीनी मिल में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ केन कैरियर में गन्ना डालकर पेराई शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

बजाज हिंदुस्थान शुगर लिमिटेड चीनी मिल गोला का नवीन पेराई सत्र 2024-2025 के लिए शुक्रवार प्रातः काल भगवान शिव जी के मंदिर, संकट मोचन श्री हनुमान जी मंदिर, मां मंगला देवी मंदिर, श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर आदि में पूजन किया। उसके उपरांत डोंगा पर पूजन हवन किया। वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ केन कैरियर में गन्ना डालकर पेराई शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर चीनी मिल क्षेत्र के सैकड़ों किसान व संभ्रांत नागरिक तथा पत्रकार उपस्थित रहे।चीनी मिल के पुजारी दयानंद पांडे ने आज विधिवत हवन पूजन यूनिट हेड जितेन्द्र सिंह जादौन द्वारा कराया गया।मिल परिसर में बने हवनकुंड में अधिकारियों, कर्मचारियों व किसानों की उपस्थिति में हवन यज्ञ किया गया।प्रथम गन्ना लाने वाले बैलगाड़ी किसान दीपक कुमार एवं गंगाराम, ट्रॉली लेकर आने वाले सर्वेश कुमार को उप जिलाधिकारी विनोद गुप्ता, क्षेत्राधिकारी पुलिस गवेन्द्र गौतम एवं विधायक प्रतिनिधि धर्मेंद्र गिरी मोंटी, यूनिट हेड जितेन्द्र सिंह जादौन, गन्ना समिति अध्यक्ष पति आशीष कुमार सिंह, सुरेश चंद वर्मा पूर्व अध्यक्ष ने शाल ओढाकर व मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया। तत्पश्चात नारियल तोड़कर केन कैरियर मे उपजिलाधिकारी विनोद गुप्ता, पुलिस क्षेत्राधिकारी गवेन्द्र गौतम, गन्ना समिति अध्यक्ष पति आशीष कुमार सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक आशुतोष मधुकर, गन्ना समिति सचिव बलवंत चौधरी एवं गन्ना समिति के संचालकों एवं पूर्व गन्ना समिति अध्यक्ष सुरेश वर्मा, सहित सैकड़ो किसानों ने डोगें मे गन्ना डाल कर मिल का शुभारंभ के लिए पूजन अर्चन किया।

इस मौके पर रामराखन बाजपेई, मातादीन वर्मा, सुरजन लाल वर्मा, प्रहलाद वर्मा, श्री कृष्ण वर्मा, विजय बाजपेई,बादाम सिंह, राजीव शुक्ला, चीनी मिल के अधिकारी ए के पांडे, सहदेव सिंह, पी एस चतुर्वेदी, के के तिवा,पी सी गुप्ता, आर के मिश्र, संदीप कटियार, अनुराग गुप्ता, अखिलेश सिंह, डीके सचान, दीपक सिंघल, रितेश दुबे, चेतराम सिंह बघेल, सतीश श्रीवास्तव, गोपाल जायसवाल उपस्थित रहे। यूनिट हेड जितेन्द्र जादौन ने बताया कि शासन की नीति अनुसार इस वर्ष भी केवल एस एम एस पर्ची की सूचना किसानों के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर भेजी जाएगी इस एस एम एस की पर्ची को मिल गेट /वाह्य क्रय केंद्रो गन्ना लाने से पूर्व फोटो पहचान पत्र के साथ दिखाना अनिवार्य होगा। यूनिट हेड ने सभी किसान भाइयों से अपील करते हुए आग्रह किया है की सभी किसान भाई चीनी मिल में बैलगाड़ी /ट्राली वैध तिथि की एसएमएस पर्चियां पर ही गाना लाए। केन हेड पी एस चतुर्वेदी ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

राज्य स्तरीय बैडमिंटन टूर्नामेंट,ओपन वर्ग में खिलाड़ी दिखा रहे अपनी प्रतिभा

- तीसरे दिन ओपेन वर्ग में खेले गए 86 मुकाबले, बहराइच की विदुषी जायसवाल को डबल क्राउन

जन एक्सप्रेस । बहराइच

डिस्ट्रिक्ट ओलम्पिक एसोसिएशन बहराइच के तत्वाधान में इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स स्टेडियम में खेली जा रही स्व.मदनलाल अग्रवाल स्मारक राज्य स्तरीय आमंत्रण बैडमिंटन प्रतियोगिता के तीसरे दिन ओपेन वर्ग में सिंगल व डबल्स के 86 मुकाबले खेले गये।

बालिका एकल अंडर 15 वर्ग में बहराइच की विदुषी जायसवाल सेलेब्रिटी बनती दिखलाई दी। विदुषी ने बहराइच की ही अपनी साथी प्रतिद्वंदी अरूणिमा यादव को संघर्ष पूर्ण मुकाबले में 21-10, 18-21, 21-10 से हराकर प्रथम स्थान प्राप्त कर लिया।

बालिका वर्ग अंडर 15 युगल मुकाबले में भी बहराइच की विदुषी जायसवाल और अरूणिमा यादव की जोड़ी ने अयोध्या की काव्या दूबे व तनु पाल को 21-12, 21-10 के आसान सेटों में हराकर जीत का सेहरा अपने नाम किया।

खबर लिखे जाने तक मिली जानकारी के अनुसार अंडर 15 एकल बालक वर्ग के सेमीफाइनल में ऐश्वर्य वर्मा बाराबंकी ने लखनऊ के हिमांश राज को 21-11, 21-15 से हराकर तथा रजत तिवारी लखनऊ ने लखनऊ के ही प्रद्युम्न मिश्र को 21-10, 21-11 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। अंडर 17 एकल बालक वर्ग के सेमीफाइनल में हुसेन अंसारी गोरखपुर ने लखनऊ के शिवम यादव को 21-10, 21-14 से तथा ऐश्वर्य वर्मा बाराबंकी ने बहराइच के पृथ्वी सांस्कृत्यान को संघर्ष पूर्ण मुकाबले में 21-10, 18-21 व 21-18 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते खिलाड़ी।

ओपेन वर्ग में आदित्य चंद मिश्रा बहराइच व मुकुल वर्मा लखनऊ के मध्य खेले गये मैच में आदित्य 30-17 से विजयी रहे। राज वर्धन सिंह बहराइच ने गोविंद बहराइच को 30-21 से, ऋषभ कानपुर ने ओम अयोध्या को 30-19 से, आकाश आजमगढ़ ने सूर्य लखनऊ को 30-7 से हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। महिला ओपन सिंगल वर्ग में शगुन गोरखपुर ने गरिमा बहराइच को 30-11, निष्ठा अयोध्या ने रहनुमा बहराइच को 30-2 से पराजित किया। निर्णायक के रूप में बरखा गुप्ता, रिया सिंह, अंशराज, मोनिस खान व मैच कंट्रोलर प्रवीण राज व तकनीकी समन्वयक ए. आर. अंसारी मौजूद रहे। आज की स्पर्धाओं में विशिष्ट अतिथि के तौर पर जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि करन वीर सिंह ने मैदान पर पहुंच कर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। टूर्नामेंट संयोजक श्यामकरन टेकड़ीवाल, ओलम्पिक एसोसिएशन अध्यक्ष मनीष मल्होत्रा, सचिव मनोज कुमार गुप्ता, कुषुमेन्द्र सिंह, आदि ने कोर्ट में खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। इनके अलावा विशिष्ट अतिथि के तौर पर व्यापार मंडल के विनोद अग्रवाल, भाजपा नेता जितेंद्र सिंह जीतू, राजन सिंह, अखिलेश यादव गोले, वरिष्ठ खिलाड़ी अनिल जायसवाल, संजीव सोलंकी, अमरेंद्र सिंह, राजेश रस्तोगी, अनुतोष कमल, अटल सिंह, बृजेश सिंह, दिव्यांशु तलरेजा, यश मिश्र के अलावा अन्य खिलाड़ी मौजूद रहे।

ओलम्पिक एसोसिएशन अध्यक्ष मनीष मल्होत्रा ने बताया कि शनिवार को बचे हुए फाइनल मैच होंगे। दोपहर 12.30 बजे फाइनल मैचों के साथ टूर्नामेंट का समापन समारोह आयोजित किया गया है। सचिव मनोज गुप्ता ने बताया कि समापन समारोह की अध्यक्षता महामंडलेश्वर स्वामी रवि गिरी जी करेंगे, मुख्य अतिथि पूर्व कमिश्नर आइएएस अजय दीप सिंह व विशिष्ट अतिथि ओलंपिक एसोसिएशन के प्रादेशिक महासचिव आनंदेश्वर पांडे, जिलाधिकारी मोनिका रानी, पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला, माननीय विधायक गण, एमएलसी, प्रबुद्ध वर्ग, समाजसेवी व व्यापार मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल होंगे। ओलम्पिक एसोसिएशन ने समस्त खेल प्रेमियों से समापन समारोह में मौजूद रहकर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने की अपील की है।

छठ माई की पूजा गोमती नदी के घाटों पर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मिल मनाई गई

जन एक्सप्रेस । अमीर नगर खीरी

अमीरनगर क्षेत्र के ग्राम कन्धरापुर सैदापुर हजरतपुर जैती फिरोजपुर आदि गांवों में छठ पर्व धूमधाम से मनाया गया। छठ पर्व के तीसरे दिन बृहस्पतिवार की शाम को व्रती महिलाएं डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य देती है। शुक्रवार की सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन किया। अमीरनगर क्षेत्र के कन्धरापुर सैदापुर हजरतपुर जैती फिरोजपुर आदि गांवों में पूर्वांचल के लोग रहते हैं पूर्वांचल में छठ पर्व बहुत ही हर्षोल्लाह के साथ मनाया जाता है। सुरक्षा की दृष्टि कोण से अमीरनगर चौकी प्रभारी सतीश चन्द्र द्विवेदी अपनी पूरी पुलिस टीम के साथ कंधरापुर सैदापुर हजरतपुर घाटो पर मोजूद रहे हैं। इन गांवों में छठ पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है।व्रती महिलाएं पुत्रो की तरक्की व लम्बी आयु के लिए 36 घंटे का निर्जला व्रत रखती है। और छठ माई से अरदास करती है कि बच्चों को सद्बुद्धि दे। इन गांवों के समीप पवित्र गोमती नदी है शाम को ढलते हुए सूर्य को अर्घ्य देने के बाद सुबह पवित्र गोमती नदी में खड़े होकर उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का समापन करती है। इस अवसर पर कंधरापुर प्रधान रोहित सिंह। हरेंद्र सिंह, मानसिह, फत्तेसिंह, ब्रजकिशोर, राजेश सिंह, मदन सिंह, संजय सिंह, सन्तोष सिंह, श्याम बहादुर सिंह, सरवन दीपक सिंह, अरविंद, रामपाल, रामजन्म लालशाहव, उपेन्द्र, रूपेन्द्र आदि लोग मौजूद रहे।

49 किलोग्राम से अधिक अवैध पोस्ता छिलका के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । बहराइच

जरवलरोड पुलिस ने अवैध पोस्ता छिलका के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इन तीनों के पास से 49 किलो से अधिक पोस्ता का छिलका बरामद किया गया है। यह तीनों पोस्ता छिलका की तस्करी कर रहे थे। पुलिस ने तीनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया।

पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला द्वारा अपराध व अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा व क्षेत्राधिकारी कैसरगंज अनिल कुमार सिंह के निर्देशन में थानाध्यक्ष जरवल रोड के नेतृत्व में गाठित टीम वरिष्ठ उप निरीक्षक अनिरुध्द यादव, उ.नि. रंजीत भारती, उ.नि. आदित्य कुमार, कांस्टेबल राहुल यादव, सिध्दार्थ यादव को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग अवैध तरीके से पोस्ता छिलका की तस्करी करते हैं और जिले के विभिन्न इलाकों में ले जाकर भेजते हैं। जिस पर टीम ने नाकेबंदी कर अभियुक्त प्रमोद कुमार वर्मा पुत्र रामसेवक उम्र करीब 32 वर्ष, हर्षित वर्मा पुत्र मनीराम वर्मा उम्र 20 वर्ष, अमित कुमार वर्मा पुत्र रामनाथ वर्मा उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम गेन्दौरा थाना मसौली जनपद बाराबंकी को धनराजपुर मोड़ थाना जरवल रोड जनपद बहराइच से सुबह 5ः30 बजे गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से 49 किलोग्राम से अधिक पोस्ता का छिलका बरामद किया गया है। गिरफ्तार तीनो आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया।

गिरफ्तार किए गए आरोपी साथ में पुलिस

महिला आरक्षियों को धमकाने का आरोपी युवक गिरफ्तार

बहराइच

कोतवाली नगर में तैनात महिला आरक्षियों से एक युवक ने रात में जिला अस्पताल के निकट विवाद किया। वर्दी उतरवाने की धमकी देकर मारपीट की। पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी युवक को जेल भेज दिया है। कोतवाली नगर के जिला अस्पताल में महिला आरक्षी पायल पांडेय और विनीता सिंह गुरुवार रात को ड्यूटी कर रही थी। इसी दौरान रानीपुर थाना क्षेत्र के हरिहरपुर रैकवारी ग्राम पंचायत के मजरा भानपुर निवासी विपिन सिंह पुत्र हरिकेश सिंह आ गया। ड्यूटी के दौरान महिला सिपाहियों ने उसे रस्ते से हटने की बात कही। इसी बात को लेकर विपिन सिंह, महिला आरक्षियों से उलझ गया। वर्दी उतरवाने की धमकी दी। सरकारी काम में बाधा पहुंचाने के साथ जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार पांडेय ने बताया कि महिला आरक्षी पायल की तहरीर पर केस दर्ज आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

एसडीएम, डायट प्राचार्य एवं बीएसए के हाथों वामिका सम्मान से सम्मानित किए गए जिले के मेधावी छात्र-छात्राएं

- जनहित हेतु विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही विशिष्ट प्रतिभाओं को भी प्रोत्साहित करने के लिए किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । बहराइच

शहर के किसान किसान पीजी कॉलेज के जे बी सिंह सभागार में वामिका प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सभी तहसील के जूनियर और सीनियर वर्ग के चयनित अभ्यर्थियों को पुरस्कार, उपहार, मेडल और प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया गया।

शुक्रवार को आयोजित इस सम्मान समारोह का शुभारंभ किसान पीजी कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ. एसपी सिंह, प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बहराइच दिनेश कुमार, एसडीएम सदर अंजनी यादव, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत वीरेंद्र बहादुर, बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह आदि अतिथियों ने सयुंक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। तत्पश्चात् मुख्य अतिथि की ओर से जनपद के मेधावी छात्रों एवं प्रतिभाओ को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वामिका प्रतिभा सम्मान परीक्षा के लिए 10 अक्टूबर से 22 अक्टूबर 2024 के मध्य आवेदन प्राप्त किए गए थे जिसमें डेढ़ हजार बच्चों ने आवेदन किया था जिसमें 86 प्रतिशत बच्चों ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता के लिए 25 अक्टूबर 2023 को आयोजित परीक्षा का परिणाम 30 नवंबर को घोषित किया गया। जिसमे जूनियर और सीनियर वर्ग से तहसीलवार छात्र चयनित किए गए। सम्मानित होने वाले छात्रों में जूनियर वर्ग में के.वी.इंटर कॉलेज पयागपुर अनिमेष वहीं सीनियर वर्ग में उत्कर्ष शुक्ला ने परीक्षा को टॉप किया जिन्हें उपहार, मेडल, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में बेहतरीन कार्य करने वाले इन्द्रराज सिंह, राजेश वर्मा, भगवात शुक्ला, अमर सिंह विशेन, मामून रशीद, मनोज कुमार गुप्ता, बच्चे भारती, योगेंद्र मणि त्रिपाठी, दिव्या पोरवाल, मुकेश पांडेय को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के आयोजक वीरेंद्र कुमार वर्मा एवं रसल रघुवंशी की ओर से परीक्षा को आयोजित तथा संपन्न कराने में दिए गए महत्वपूर्ण भूमिका के लिए विनय प्रकाश सिंह, रसल रघुवंशी, आशीष मिश्र, सुधीर पटेल, विनीत गुप्ता, वीरेन नाथ, राम राज गुप्ता, रमेश वर्मा, सिद्धनाथ वर्मा, डी.डी.पटेल, छोटेलाल अमन, प्रदीप पांडेय, सन्दीप वर्मा, मनोज पांडेय, एसपी पटेल, देशराज सिंह का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर किसान डिग्री कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ. एसपी सिंह, प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बहराइच दिनेश कुमार, एसडीएम सदर अंजनी यादव, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत वीरेंद्र बहादुर, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह, पूर्व क्षेत्रीय प्रबंधक बैंक ऑफ़ बड़ोदा मदनलाल वर्मा, अयोध्या से आलोक तिवारी डॉ. रंजीत, प्रदीप वर्मा, अनूप पांडेय, उमेश पांडेय, शिव कुमार चौधरी, रामानन्द गुप्ता, मुकेश शर्मा आदि उपस्थित रहे। वामिका प्रतिभा सम्मान समारोह के अंतर्गत जनपद स्तरीय अधिकारियों के हाथों पर्यावरण, शिक्षा, पत्रकारिता जैसे विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करते हुये जनहित में अपना विशेष योगदान देने वाली प्रतिभाओ को भी सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाली प्रतिभाओं में इन्द्रराज सिंह, राजेश वर्मा, भगवात शुक्ला, अमर सिंह विशेन, मामून रशीद, मनोज कुमार गुप्ता, बच्चे भारती, आदि मौजूद रहे।

मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित करते अधिकारी।

एक्सप्रेस खबरें...

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष का आगमन कल

जन एक्सप्रेस । बहराइच। अध्यक्ष (राज्यमंत्री स्तर प्राप्त), उ.प्र. राज्य महिला आयोग डॉ. बबीता सिंह चौहान का 10 नवम्बर 2024 को जनपद भ्रमण का कार्यक्रम प्रस्तावित है। वह पुरातन छात्रा समागम समारोह में शामिल होंगी।डॉ. चौहान 10 नवम्बर 2024 को पूर्वान्ह 10:15 बजे लो.नि.वि. निरीक्षण भवन, बहराइच पहुंचकर पूर्वान्ह 11:00 बजे महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित पुरातन छात्रा समागम समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग कर वापस निरीक्षण भवन आकर रात्रि विश्राम करेंगी। अध्यक्ष डॉ. चौहान 11 नवम्बर 2024 को पूर्वान्ह 10:15 बजे जिला महिला चिकित्सालय, पूर्वान्ह 11:45 बजे वन स्टाप सेन्टर तथा अपरान्ह 02:00 बजे महिला बन्दीगृह का निरीक्षण करेंगी। यह जानकारी देते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय ने बताया कि अध्यक्ष अपरान्ह 04:00 बजे लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जाएंगी।

विभागीय कार्य में शिथिलता पाए जाने पर 02 ग्राम विकास अधिकारी हुए निलम्बित

जन एक्सप्रेस । बहराइच। विकास खण्ड की बैठक में भाग न लिये जाने एवं ग्राम पंचायतों में उपस्थित न होने के कारण रैनवाटर हार्वेस्टिंग, आवास सत्यापन, आंगनबाडी बाला पेन्टिंग, मनरेगा योजना आदि के विकास कार्य लम्बित रहने के आरोप में आनन्दपाल श्रीवास्तव, ग्राम विकास अधिकारी के विरूद्ध उ.प्र. अनुशासन एवं अपील नियमावली 1999 यथा संशोधित 2000 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए तात्कालिक प्रभाव से निलम्बित कर विकास खण्ड विशेश्वरगंज से सम्बद्ध किया जाता है। यह जानकारी जिला विकास अधिकारी राज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार विकास खण्ड मुख्यालय व क्षेत्र से अनाधिकृत रूप से पलायित रहने, खण्ड विकास अधिकारी के विभिन्न आरापों में निर्गत पत्र का जवाब न देने तथा ग्राम्य विकास विभाग, पंचायती राज विभाग तथा अन्य विभाग की योजनाओं की प्रगति प्रभावित किये जाने के आरोप में शिवांश त्रिपाठी ग्राम विकास अधिकारी के विरूद्ध उ.प्र. अनुशासन एवं अपील नियमावली 1999 यथा संशोधित 2000 में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ करते हुए तात्कालिक प्रभाव से निलम्बित कर विकास खण्ड फखरपुर से सम्बद्ध किया जाता है।

गुण्डा एक्ट के तहत 04 अपराधी जिला बदर किए गए

जन एक्सप्रेस । बहराइच। जनपद में विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी द्वारा 04 अपराधियों के विरूद्ध धारा 3(1) गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 06 माह के लिए जनपद से जिला बदर कर दिया गया है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार थाना मोतीपुर अन्तर्गत ग्राम मटेहीकलां नि. राकेश उर्फ रामकेस व राम उग्रह उर्फ उग्रे तथा थाना पयागपुर अन्तर्गत ग्राम गुलहरिया दा. त्रिकोलिया नि. राम प्यारे व रमेश कुमार को 06 माह के लिए जनपद से जिला बदर कर दिया गया है।

छठ पूजा, व्रतियों ने की सुख-समृद्धि की कामना,उगते सूर्य को अर्घ्य देने साथ संपन्न हुई

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। लोक आस्था का महापर्व छठ शुक्रवार भोर में उगते हुए सूर्य देव को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। चार दिवसीय छठ पूजा के महापर्व की शुरुआत पांच नवंबर को नहाय खाय के साथ हुई थी। इसके बाद अगले दिन छह नवंबर को व्रती महिलाओं ने खरना की रस्म निभाई। छठ पूजा के लिए शहर के सेठघाट पर नगर पालिका प्रशासन और आयोजन समिति की ओर से छठ पूजा के लिए विशेष इंतजाम किए गए। बृहस्पतिवार की शाम व्रती महिलाओं ने सेठघाट पर पहुंचकर उल्ल नदी के जल में खड़े होकर अस्ताचल गामी सूर्य को अर्घ्य दिया। शुक्रवार सुबह उदय होते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए सुबह चार बजे से ही सेठ घाट पर व्रती महिलाओं की बड़ी संख्या में भीड़ जुटने लगी। यहां पूजा-पाठ के लिए महिलाएं पारंपरिक वेषभूषा में अपने परिवार के साथ पहुंचीं।

केडीसी ने दी हैं देश और प्रदेश को अनेक प्रतिभाएं: मेजर डॉ.एसपी सिंह

छात्रा को सम्मानित करतेर- डॉ.एसपी

- यूपीएससी की ईपीएफओ जूनियर ट्रांसलेशन ऑफिसर की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली छात्रा सौम्या मिश्रा को सम्मानित

जन एक्सप्रेस । बहराइच

अपनी स्थापना के चौंसठ सालों में हमारे कालेज ने देश व प्रदेश को अनेक प्रतिभाएं दी है।कालेज के छात्र-छात्राओं ने यूपीएससी जैसी बड़ी परीक्षाओं में भी चयनित होकर जिले का सम्मान बढ़ाया है। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में यहां के पढ़े विद्यार्थी नाम रोशन कर रहे हैं। ये विचार किसान स्नातकोत्तर महाविद्यालय स्वायत्तशासी संस्था की प्रबंध समिति के सचिव मेजर डॉ.एसपी सिंह ने सेंटर फॉर हिस्टॉरिकल स्टडीज द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में व्यक्त किये। इस अवसर पर यूपीएससी की ईपीएफओ जूनियर ट्रांसलेशन ऑफिसर की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाली छात्रा सौम्या मिश्रा को सम्मानित किया गया। सौम्या ने महाविद्यालय से ही एम ए और बीएड की पढ़ाई की है। उसके मामा डॉ.महेंद्र पाठक आकाशवाणी लखनऊ में केन्द्र निदेशक के पद पर रह चुके हैं। इस सम्मान समारोह के आयोजक केंद्र के प्रभारी डॉ.सत्यभूषण सिंह थे। इस अवसर पर डॉ.आनंद श्रीवास्तव, डॉ.शिव कुमार मिश्र, डॉ. राजेश कुमार शर्मा, डॉ.सतीश सिंह, डॉ.प्रिया अग्रवाल, रीता सिंह, आकांक्षा रस्तोगी, दिनेश कुमार शुक्ल, सविता वर्मा, साधना सिंह, पल्लवी वर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

श्री छठ पूजा कार्यक्रम का सफल आयोजन

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। श्री छठ पूजा सेवा समिति संपूर्ण नगर के नेतृत्व में दो दिवसीय कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया जिसमें पलिया के तहसीलदार आरती यादव जी ने माता बहनों के मध्य बैठकर छठ पर्व मनाया एवं साथ ही साथ छठ घाट की साफ सफाई एवं रंगाई पुताई करने वाले नन्हे मुन्ने बच्चों को बालाजी सुंदर मंडल के द्वारा अंग वस्त्र भेट किए गए साथ ही साथ थाना प्रभारी संपूर्णनगर मान ओपी राय जी द्वारा उचित कानूनी व्यवस्था की गई श्री छठ पूजा सेवा समिति संपूर्णनगर समस्त नगर वासी एवं व्यापारी बंधु को और साथ ही साथ व्रत धारी माता बहनों का आभार।

खाद की दुकानों पर जिला कृषि अधिकारी ने की छापेमारी, तीन दुकानों के लाइसेंस निलंबित

- उर्वरक की बिक्री पर निगरानी के लिए कन्ट्रोल रूम स्थापित, डीएम के निर्देश पर जारी रहेगी छापेमारी

जन एक्सप्रेस । बहराइच

जिले में रबी की बुआई के समय किसानों को खाद की कमी न हो इसके लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर खाद के दुकानों की चेकिंग का अभियान चल रहा है। इसी के साथ खाद की आपूर्ति एवं वितरण की निगरानी के लिए जिला मुख्यालय कन्ट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है। छापेमारी के दौरान दुकान बंद कर भागने वाले तीन दुकानदारों की दुकानों के लाइसेंस निलंबित कर दिए गए हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला कृषि अधिकारी डॉ. सूबेदार यादव ने तहसील कैसरगंज के जरवल क्षेत्र में उर्वरक विक्रेताओं के यहां छापा मारा। छापेमारी के दौरान बिना किसी सूचना के उर्वरक विक्रेता प्रतिष्ठान बंद कर नदारद मिले। इसके कारण मनोहर खाद भंडार जरवल रोड, श्री बालाजी किसान सेवा केंद्र एवं एग्री जंक्शन वन स्टाप शाप धवरिया चौराहा का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया। जिला कृषि अधिकारी ने उर्वरक विक्रेताओं को निर्देश दिया है कि सभी उर्वरक विक्रेता ई पास मशीन से आधार कार्ड से खतौनी को चेक कर निर्धारित मूल्य पर ही उर्वरक की बिक्री करें। उन्होंने कहा है कि उर्वरक वितरण के साथ-साथ स्टॉक, वितरण रजिस्टर स्टॉक एवं उर्वरक खरीदने वाले का रिकॉर्ड भी प्रतिदिन दुरुस्त रखा जाय। समस्त उर्वरक विक्रेताओं को चेतावनी जारी की गई है यदि अनियमित एवं उर्वरक की कालाबाजारी की जाएगी तो सम्बन्धित के विरुद्ध केस दर्ज कराया जाएगा। दूसरी ओर उर्वरक सम्बन्धी समस्याओं के समाधान के लिए जिला मुख्यालय पर कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

जिलाधिकारी निर्देश पर जिला कृषि अधिकारी कार्यालय में स्थापित कन्ट्रोल रूम का मोबाइल नम्बर 7839882245 है।

जिला कृषि अधिकारी ने कहा है कि सहकारी व निजी क्षेत्र के उर्वरक बिकी केन्द्रों पर उर्वरकों की उपलब्धता, अधिक मूल्य वसूली, जमाखोरी, तस्करी या विक्रेता द्वारा अन्य उर्वरक की टैगिंग किये जाने आदि के सम्बन्ध में अपनी शिकायत कन्ट्रोल रूम के मोबाइल नम्बर 7839882245 के साथ- साथ मो.न.9984145705 व 9839701048 पर दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि कन्ट्रोल रूम के माध्यम से कृषकों की समस्याओं का त्वरित समाधान कराया जायेगा।

बिना पंजीकरण के संचालित होता मिला एक अस्पताल और दो पैथोलॉजी केंद्र

जन एक्सप्रेस । बहराइच

तीनों को नोटिस जारी, संतोष जनक उत्तर न मिलने पर की जाएगी सीज करने की कार्रवाई

जिले के रामपुर धोबियाहार में बिना पंजीकरण के एक अस्पताल और दो पैथोलॉजी संचालित मिला। जिस पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से नोटिस जारी कर एक सप्ताह में जवाब मांगा गया है। जवाब न मिलने पर सीज करने की चेतावनी दी गई है।

जिले के शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में जमकर स्वास्थ्य सेवाओं के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जगह जगह बिना पंजीकरण के प्राइवेट अस्पताल और जांच केंद्र संचालित है। इसकी शिकायत क्षेत्र के लोगों द्वारा स्वास्थ्य विभाग से की गई। जिस पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से जांच शुरू की गई है। सीएमओ डॉक्टर संजय कुमार शर्मा के निर्देशन में उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ अनुराग वर्मा ने टीम के साथ गुरुवार को रामपुर धोबियाहार बाजार जांच की। यहां पर दो पैथोलॉजी और एक अस्पताल बिना पंजीकरण के संचालित होता मिला। जिस पर उप मुख्य चिकित्साधिकारी ने नोटिस जारी किया है। डॉक्टर अनुराग ने बताया कि बिना पंजीकरण के जांच केंद्र और अस्पताल का संचालन गलत है। ऐसे में नोटिस जारी कर एक सप्ताह में जवाब मांगा गया है। जवाब न मिलने पर पैथालॉजी और अस्पताल सीज कर दिया जाएगा।

तेज़ रफ्तार कार की टक्कर से ट्रैक्टर चालक की मौत

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी। नीमगांव थाना क्षेत्र के लखीमपुर-मोहम्मदी रोड पर सड़क दुर्घटना में एक किसान की मौत हो गई। नीमगांव थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर निवासी 57 वर्षीय महेश वर्मा पुत्र नत्थूलाल गुरुवार की रात अपने खेत से ट्रैक्टर ट्राली से कुम्भी चीनी मिल गन्ना लेकर जा रहे थे कि मोहम्मदी लखीमपुर रोड पर नीमगांव थाना क्षेत्र में लखीमपुर की तरफ से आ रही तेज़ रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। जिससे ट्रैक्टर चला रहे महेश वर्मा नीचे गिर गए, जिससे वह गंभीर घायल हो गए। सूचना पाते ही उनके परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे और निजी वाहन से उन्हें अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने घायल महेश को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। कार में चार लोग मौजूद थे जिसमे कार चालक की हल्की चोट आई हैं। बताया जा रहा है कि कार सवार नानपारा बहराइच के रहने वाले हैं। यहां से वे दिल्ली जा रहे थे। नीमगांव पुलिस ने सभी को कार समेत अपनी हिरासत में ले लिया है।

उगते सूर्य की पहली किरण को महिलाओं ने दिया अर्घ्य

उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रतियों ने किया पूजा, अर्चना

जन एक्सप्रेस । आनन्दनगर महराजगंज

लोक आस्था के महापर्व देश के संपूर्ण हिस्सों में परंपरागत तरीके से हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। शुक्रवार को छठी व्रती महिलाओं ने उगते सूर्य की पहली किरण को अर्घ्य देकर छठी माता को प्रणाम कर 36 घंटे के निर्जल व्रत को तोड़कर पारण किया। यह छठ महापर्व देश भर में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। वही फरेंदा के दुर्गा मानसरोवर तथा प्रेम पोखरा पर हजारों की संख्या में छठी व्रती महिलाओं ने अर्घ्य देकर सुख समृद्धि एवं पुत्र के दीर्घायु की कामनाएं की। आदर्श नगर पंचायत आनन्दनगर अध्यक्ष विजय लक्ष्मी जायसवाल ने अपने पति राजेश जायसवाल के साथ भगवान भास्कर का आरती किया। इसी क्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता परमात्मा अग्रहरि भागवन भास्कर की आरती किए।सुरक्षा के लिहाजा फरेंदा कोतवाल प्रशांत कुमार पाठक व चौकी प्रभारी गंगाराम यादव ने क्षेत्र के तमाम घाटों पर मुस्तैदी डटें रहे तथा श्रद्धालु के सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर पुलिस व पीएससी के जवान प्रत्येक घाटों पर तैनात किए गए थे। छठ महापर्व हिंदू धर्म में बेहद विशेष पर्व हैं।इसीलिए यह पर्व आस्था का महापर्व कहा जाता है छठ की तैयारी दीपावली के बाद से शुरू हो जाती है। यह पर्व शुरू होते ही आसपास का पूरा वातावरण चार दिनों तक छठमय हो जाता है छठ व्रतियों ने शुभ, रवि योग में सूर्य देव को अर्घ्य देकर अपने व्रत का उपासना किया। ऐसी मान्यता है कि इस योग में सूर्य देव को अर्घ्य देने से सभी कष्टों से मुक्ति मिल जाती है। सूर्य देव को अर्घ्य देकर छठी मईया से महिलाओं ने अपनी अपनी मन्नतें मांगी और छठ का समापन किया। इसी क्रम में

फरेंदा क्षेत्र के हरदीडाली ,सिधवारी, भैया फरेंदा, हरमंदिर खुर्द (बढ़या) बरगदवा रामसहाय, मुड़िला, चन्दनपुर,मनिकौरा खजुरिया, पुरन्दरपुर व वृजमनगंज सहित अन्य क्षेत्रों में छठी व्रती महिलाओं ने उगते हुए सूर्य देव को अर्घ्य देकर कामनाएं की।

जन एक्सप्रेस । चौरी चौरा

तीन दिन तक चले छठ महापर्व का समापन शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर हुआ। झंगहा क्षेत्र के विभिन्न घाटों पर तड़के 4 बजे से ही व्रती महिलाओं का आना शुरू हो गया था, और देखते ही देखते राजी,पचदेवरी,जगदीशपुर, राजधानी, पच मंगलपुर, रंगी घाट, गौरी घाट, करही, बरही घाट, डीह घाट और गहिरा झंगहा सहित अनेक घाटों पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी।पूरे क्षेत्र में पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। थाना अध्यक्ष सूरज सिंह के नेतृत्व में सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाली गई, जिसमें सभी घाटों पर महिला सिपाहियों की तैनाती शामिल थी। इससे महिलाओं को बिना किसी परेशानी के पूजा-अर्चना करने का मौका मिला। रासी और गोर्रा नदियों के विभिन्न घाटों पर भी श्रद्धालुओं का आना-जाना रात भर जारी रहा। कई घाटों पर छठी मैया की मूर्तियों की स्थापना भी की गई, जहां महिलाओं ने विधिपूर्वक पूजा की और प्रसाद ग्रहण किया। विभिन्न सामाजिक संगठनों और स्वयंसेवकों ने श्रद्धालुओं के लिए चाय, नाश्ता और निशुल्क प्रसाद की व्यवस्था की थी। गौरी घाट पर ग्राम प्रधान सुमित कुमार पटेल, राजधानी के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अरविंद कुमार सिंह, राजी पोखरे पर ग्राम प्रधान अखिलेश कुमार, विश्वनाथपुर में ग्राम प्रधान विष्णु मौर्य, और ग्राम पंचायत पचदेऊरी के प्रधान प्रतिनिधि रिंकू यादव द्वारा पथ प्रकाश और जलपान की सुविधाएं प्रदान की गई। महापर्व में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ और भव्य आयोजन ने आस्था और उत्साह का माहौल बना दिया, जिससे क्षेत्रवासियों में विशेष जोश देखा गया।

एक्सप्रेस खबरें...

जिलाधिकारी ने सपरिवार सूर्यदेव को दिया ऊषा अर्घ्य

महराजगंज। छठ पर्व के दूसरे दिन शुक्रवार को जिलाधिकारी अनुनय झा ने सपरिवार सूर्यदेव को ऊषा अर्घ्य दिया। जिलाधिकारी अपनी मां अलका झा, मौसी आभा झा और अन्य परिजनों के साथ सूर्योदय के पूर्व ही लोहिया पार्क स्थित सरोवर पर स्थापित छठ घाट पहुंचे। पार्क स्थित तालाब में उन्होंने और उनकी माता ने विधिपूर्वक सूर्य उपासना की। इसके उपरांत उन्होंने उदयाचलगामी सूर्य को ऊषा अर्घ्य देकर नमन किया। इस दौरान उन्होंने सूर्यदेव को समर्पित मंत्रों का जाप भी किया। पूजनोपरांत जिलाधिकारी ने स्वयं प्रसाद ग्रहण किया और अपने हाथों से उपस्थित सभी लोगों को प्रसाद का वितरण कर उनकी शुभेच्छा प्राप्त की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा, अपर जिलाधिकारी डॉक्टर पंकज कुमार वर्मा, तहसीलदार सदर पंकज शाही, ईओ नगर पालिका महराजगंज आलोक कुमार, ओएसडी आर.पी. सिंह सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

चकबंदी समिति का हुआ गठन चकबंदी अधिकारियों का रहा अहम योगदान

जन एक्सप्रेस/गोरखपुर। प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व चकबंदी आयुक्त भानु चंद गोस्वामी की मंशा है कि हर गांव का चौमुखी विकास किया जाए गांव का चौमुखी विकास तभी संभव है जब गांव का चकबंदी हो सके । शासन स्तर पर 2023 में अनेक गांवों का चकबंदी कराने के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया था लेकिन सहजनवा तहसील अंतर्गत खीरीडांड में चकबंदी समिति का गठन न होने से चकबंदी की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पा रही थी ।बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी शशिकांत शुक्ला के निर्देशन में चकबंदी अधिकारी धीरेंद्र जीत सिंह चकबंदी अधिकारी माया शंकर सिंह खीरीडांड गांव पहुंचकर सूझबूझ का परिचय देते हुए ग्राम सचिवालय खीरीडांड पर चकबंदी कमेटी गठन को लेकर खुली बैठक बुलाई इस दौरान सैकड़ों किसान बैठक में सम्मिलित हुए। चकबंदी अधिकारी धीरेंद्र जीत सिंह ने चकबंदी के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि चकबंदी होने से किसान का विकास होता है सभी बिखरे चक को एक स्थान पर कर दिया जाता है। चक तक पहुंचने के लिए चक रोड बनाया जाएगा पानी के लिए नालियां बनाई जाएगी । चकबंदी अधिकारी के बातों को सुनकर ग्राम वासियों ने चकबंदी कमेटी गठन करने के लिए राजी हो गए बैठक में सर्वसम्मति से ग्राम प्रधान खीरीडांड विजय कुमार निवासी डोमनडांड को चकबंदी समिति का अध्यक्ष घोषित किया ।तत्पश्चात सर्वसम्मति से चकबंदी समिति के सदस्यों का चुनाव ग्रामवासियों ने त्रिवेणी ,जमुना उर्फ विश्वनाथ, श्रीमती माधुरी, अच्छेलाल, साबिर निवासी खीरीडांड को चुना चकबंदी समिति के गठन हो जाने से चकबंदी की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूर्ण की जाएगी जिससे गांव का चौमुखी विकास हो सकेगा। इस दौरान एसीओ, लेखपाल, कानूनगो ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

आईजीआरएस निस्तारण में गोरखपुर को प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त

जन एक्सप्रेस/गोरखपुर। आईजीआरएस निस्तारण में गोरखपुर लगातार दूसरी बार टॉप टेन में शामिल प्राप्त किया प्रदेश में दूसरा स्थान माह अक्टूबर,2024 की आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण हेतु निर्गत रैंकिंग में जनपद गोरखपुर दूसरे स्थान पर आया है। यह दूसरा मौका है जब जनपद लगातार दो बार टॉप 10 में जगह बनाने में सफलता हासिल की है।इससे पूर्व माह सितम्बर में जारी रैंकिंग में जनपद 9 वें स्थान पर रहा था।इसके लिए जिलाधिकारी कृष्णा करुणेश ने पूरी टीम को बधाई दी है।साथ ही निरंतर अच्छा प्रयास करते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए प्रेरित किया है। जिलाधिकारी के निर्देशन एवं आईजीआरएस के नोडल प्रभारी ध् अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पुरुषोत्तम दास गुप्ता की निरंतर निगरानी में आई जी आर एस कंट्रोल रूम में तैनात कर्मियों द्वारा शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने एवं शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि हेतु संबंधित अधिकारियों को प्रतिदिन दूरभाष से अवगत कराया गया। कंट्रोल रूम में कार्यरत कर्मियों की मेहनत के कारण माह अक्टूबर की प्रदेश स्तर पर जारी रैंकिंग में जनपद गोरखपुर को दूसरा स्थान मिला है। इसमें मुख्य रूप से नीरज श्रीवास्तव (मक्ड) , सुबोध श्रीवास्तव(शिकायत लिपिक), अंकिता गुप्ता, वंदना श्रीवास्तव, शैफाली श्रीवास्तव, निसर्ग कुमार(बी.यू.पी. बी),रंजीत यादव,शिवम शुक्ला,मोहम्मद मोजम्मिल,सौरभ कुमार, फरहान सिद्दीकी एवं राघवेंद्र प्रताप सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सीएम योगी ने मांगा था प्रस्ताव

गोरखपुर विवि में 39 करोड़ से बनेगा 1500 सीटों वाला अत्याधुनिक प्रेक्षागृह

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के पास बहुत जल्द एक और प्रेक्षागृह होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर 1500 सीटों वाले अत्याधुनिक प्रेक्षागृह के निर्माण की कार्ययोजना विश्वविद्यालय प्रशासन ने बना ली है।इस योजना में प्रेक्षागृह भवन के दायरे में दो कान्फ्रेंस हाल व एक प्रदर्शनी वीथिका को भी शामिल किया गया है। मार्गदर्शन के साथ मुख्यमंत्री ने कार्ययोजना को स्वीकृति भी प्रदान कर दी है। प्रेक्षागृह के निर्माण के प्रस्ताव के अनुसार इसकी अनुमानित लागत 39.25 करोड़ रुपये रखी गई है। विश्वविद्यालय ने इसके निर्माण के लिए स्थान का चयन भी कर लिया है। यह भवन परिसर में हेलीपैड वाले स्थान पर बनाया जाएगा। इसके निर्माण के लिए विश्वविद्यालय प्रशासन ने करीब 2600 वर्गमीटर का क्षेत्र चिन्हित किया है। दो कान्फ्रेंस हाल 960 वर्गमीटर में बनाए जाएंगे।इसके निर्माण में यह ध्यान रखा जाएगा कि इसमें शैक्षणिक संगोष्ठियों, कार्यशालाओं व छोटे सम्मेलनों के आयोजन आसानी से हो सकें। इसके संचालन में सौर ऊर्जा प्रणाली का उपयोग किया जाएगा, जो संचालन लागत को कम करने के साथ-साथ परिसर के कार्बन फुटप्रिंट को भी घटाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन का विश्वास है कि आधारिक संरचना की यह योजना परिसर के शैक्षणिक व सांस्कृतिक गतिविधियों को समृद्ध करने में सहायक होगी।

मुख्यमंत्री ने स्वयं मांगा था प्रस्ताव

अत्याधुनिक प्रेक्षागृह का प्रस्ताव विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं कुलपति से मांगा था। विश्वविद्यालय की बेहतरी के लिए सरकार की ओर से हरसंभव मदद का आश्वासन दिया था। इसी क्रम में यह योजना धरातल पर आती दिखाई देने लगी है।

बौधिक व सांस्कृतिक आदान-प्रदान का केंद्र होगा भवन- कुलपति

दीदउ गोरखपुर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. पूनम टंडन ने कहा कि यह प्रेक्षागृह सहयोग, सृजनात्मकता और शैक्षणिक उत्कृष्टता को प्रोत्साहित करेगा। अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त इसका भवन बौद्धिक और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के लिए एक समृद्ध केंद्र के रूप में कार्य करेंगा। इसका सीधा लाभ विश्वविद्यालय के छात्रों और शिक्षकों को मिलेगा। समयबद्ध तरीके से निर्माण कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ कराये जाने का लक्ष्य है।

थाई मोनेस्ट्री में धूमधाम से मना कठिन चीवर दान समारोह

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

बुद्ध स्थली कुशीनगर स्थित रॉयल थाई मोनेस्ट्री में धूमधाम से कठिन चीवर दान समारोह मनाया गया। जिसमें थाई उपासकों ने बौद्ध भिक्षुओं को दान दिया।

शुक्रवार की सुबह थाई भिक्षुओं ने बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष विशेष प्रार्थना व पूजन किया तथा जगत कल्याण की कामना की। इसके पश्चात थाईलैंड के बैंकाक स्थित संस्थान मूल निधि थेप हीरान महा मोंग खोल ना प्रामोंगखोंगकिटकोसोन व 37 सदस्यीय दल द्वारा थाई राजा द्वारा भेजी गयी कठिन चीवर म्यांमार मन्दिर, तिब्बत मन्दिर, जपान, श्रीलंका, कम्बोडिया, माला रामा मंदिर, भन्ते ज्ञानेश्वर बुद्ध बिहार, भीम ज्योति बुद्ध बिहार, भिक्षु चन्द्र मणि बुद्ध बिहार के भिक्षु संघ को दान दी गयी। भिक्षुओं को जरूरत के समान फल, खाद्य आदि दिए गए। भारत नेपाल के थाई बौद्ध मोनेस्ट्रियों के प्रमुख और धम्म दूत प्रा थम्माफोथियोंग ने कठिन चीवर दान व वर्षावास के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर मार्च तक चलने वाले संडे स्कूल का शुभारंभ बौद्ध गुरुओं ने किया और स्कूली बच्चों व जरूरतमंदों सहित 240 को खाद्य सामग्री वितरित की गई। थाई मोनेस्ट्री के चीफ डॉ प्राक्रू वाचराफोथिथिवेट ने सभी का स्वागत और भन्ते सों क्रान ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पी पविन, पी किटिफान, पी नरोंग, पी अनुवत, अमिताभ त्रिपाठी, ओमप्रकाश कुशवाहा, गौतम शर्मा, विवेक कुमार गोंड़, सूरज यादव, भिक्षु गण शामिल रहे।

बाईपास निर्माण प्रभावित, 37 गांवों के किसानों का धरना अठारहवें दिन रहा जारी

- जिला प्रशासन द्वारा गलत अवार्ड घोषित करने से आर-पार के मूड में प्रभावित किसान

जन एक्सप्रेस । देवरिया

देवरिया बाईपास निर्माण एन एच 727 । से प्रभावित किसानों की मांगों को लेकर भारतीय किसान यूनियन एवं भूमि बचाओ संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वाधान में पड़री चौराहे पर एवं बैतालपुर बरारी मोड़ पर चल रहा किसानों का धरना शुक्रवार को अठारहवें दिन भी जारी रहा। शुक्रवार के धरना की अध्यक्षता किसान नेता राजनाथ यादव ने किया।धरनात किसानों को सम्बोधित करते हुए भाकियू पूर्वी उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार ने कहा कि छभ् 727। देवरिया बाईपास के सक्षम प्राधिकारीध्डीएम प्रशासन गौरव श्रीवास्तव द्वारा प्रत्येक गावों का जो अवार्ड घोषित किया गया वो बिल्कुल गलत है। अवार्ड बनाते समय किसानों को ना तो कोई सूचित किया गया ना ही उन्हें विश्वास में लिया गया। इतना ही नहीं मुआवजा का निर्धारण करते समय कौन सी जमीन कृषि योग्य है और कौन सी जमीन व्यवसायिक तथा कौन सी जमीन सड़कों के किनारे है और कौन सी जमीन में निरन्तर पानी में डूबा रहता हैं।सबका मूल्य बराबर लगा दिया गया जो किसानों के साथ सरासर धोखा है।

बैतालपुर बरारी मोड़ पर भी किसानों का धरना अनवरत है जारी

बरारी मोड़ पर चल रहे धरना की अध्यक्षता अजय मणि त्रिपाठी ने किया। किसानों को सम्बोधित करते हुए अजय मणि त्रिपाठी ने कहा कि कहने के लिए भारत सरकार के भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी अपने भाषणों में कहा करते हैं कि हमारे पास रुपए की कमी नहीं है। किसानों से ली जाने वाली जमीनों का मुआवजा चार गुना दिया जाएगा। किसान अपनी जमीन फोर लेन या सिक्स लेन में देकर पूरे जीवन भर कभी पछतावा नहीं करेगा। जमीन देने वाले किसानों की कई पीढ़ियां उसका लाभ उठाएंगी। मगर हकीकत में देवरिया जिले में इसका उल्टा हो रहा हैं। धरना में मुख्य रूप से भाकियू के मण्डल प्रवक्ता अरविन्द उपाध्याय, भूमि बचाओ संघर्ष समिति के वरिष्ठ सदस्य सुग्रीव मिश्रा, राजन मणि, संजय मणि, अजय कुमार यादव, श्रीनिवास मणि ,हरिकेश यादव, विनोद मणि, जयशंकर मणि ,अनिल कुमार यादव ,विपिन मणि ,भरत मणि त्रिपाठी विक्की मणि सहित सैकड़ों किसान शामिल रहे।

शासन प्रशासन के विरुद्ध आर-पार की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं किसान- अजीत त्रिपाठी

भूमि बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष अजीत त्रिपाठी ने कहा कि जिला प्रशासन किसानों के साथ शुरू से ही धोखा कर रहा हैं मगर किसान अब चुप बैठने वाले नहीं हैं बाईपास सड़क निर्माण से प्रभावित सभी 37 गांवों के किसान आर पार की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं और अब धीरे धीरे किसान अब संगठित हो रहे हैं। 11 नवम्बर को जिला मुख्यालय पर होने वाली ट्रैक्टर रैली में पूरे जोशो उत्साह के साथ प्रभावित सभी किसानों को भाग लेंगे।

ट्रैक्टर रैली में मोटी लाठी संग गरजेंगे किसान - अरविंद सिंह

पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरविंद सिंह ने कहा सभी किसान भाई अपने हाथों में मोटी लाठी लेकर 11 नवम्बर को ट्रैक्टर रैली में शामिल होंगे। धरना में मुख्य रूप से राजनाथ यादव भाकियू जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह संजय सिंह लल्लन यादव सुधीर चौहान नूर आलम खान राजन कुमार महातम प्रसाद गुप्ता ज्ञान प्रकाश सिंह हरिलाल यादव ध्रुव नारायण चौहान इत्यादि किसान उपस्थित रहे।

पानी निकासी को लेकर दो पक्षों में मारपीट, आधा दर्जन घायल

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

जटहा बाजार थाना क्षेत्र के हीरनहीं में शुक्रवार को सुबह पानी निकासी को लेकर दों पक्ष में हुई मारपीट में दोनों तरफ से सात लोग घायल मौके पर पहुंची पुलिस दोनों तरफसे तीन लोगों को पकड़ कर थाने लाई और शान्ति भंग में तीनों को जेल भेज दिया। हीरनही के दिलीप चौहान व केदार से सुबह करीब आठ बजे पानी निकासी को लेकर कहा सुनी होने लगा कुछ हीं समय में दोनों लोगों में मारपीट होने लगा जिसे देख दोनों तरफ से दोनों लोगों के घर वाले जुट गए। दिलीप के तरफ से उनकी माँ अनार कली देवी व उनकी बहन नीलम, अच्छेलाल, प्रतिभा घायल हों गए। दूसरे तरफ से केदारचौहान, आकाश चौहान, कमलवती देवी सहित सात लोग घायल हों गए।दिलीप के तरफसे उनकी माँ अनार कली देवी व उनकी बहन नीलम, अच्छेलाल, प्रतिभा घायल हों गए। दूसरे तरफ से केदारचौहान, आकाश चौहान, कमलवती देवी सहित सात लोग घायल हों गए। ग्रामीणों के सुचना पर पहुंची जटहा पुलिस मौके से दोनों तरफसे तीन लोगों को पकड़ कर थाने लेगई और तीनों को शान्ति भंग में जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष जटहा बाजार ओमप्रकाश तिवारी ने बताया की मामले में एक पक्ष से दिलीप चौहान व दूसरे पक्ष से केदारचौहान व आकाश चौहान को शान्ति भंग में जेल भेज दिया गया है। दिलीप के तहरीर के आधार पर चार लोगों के खिलाफ घर में घुस कर मारपीट धमकी सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

छठ महापर्व पर साध्वी प्राची ने किया गोरक्षपीठ में दर्शन पूजन

जन एक्सप्रेस । गोरखपुर

गोरखनाथ मंदिर में छठ महापर्व के पावन अवसर पर पहुंची विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की वरिष्ठ नेता और हिंदुत्व की कट्टर समर्थक साध्वी प्राची ने सनातन धर्म की महिमा का बखान करते हुए अपनी विशिष्ट शैली में कहा कि सनातन केवल पुरातन नहीं, बल्कि नूतन भी है।साध्वी प्राची ने कहा, ष्हमारी पहचान सनातनी के रूप में सदियों पुरानी है, लेकिन हमारी सोच और परंपरा हमेशा से आधुनिक और प्रासंगिक है। बटेंगे तो कटेंगे, एक रहेंगे तो सेफ रहेंगे। जब-जब हम बंटे हैं, तब-तब हम पर संकट आया है, चाहे वो असम हो, मिजोरम, बंगाल या फिर कश्मीर-हर जगह इसका प्रमाण मिलता है। लेकिन एकजुटता में हमारी शक्ति है और यही हिंदुस्तान की सुरक्षा की गारंटी है।

सनातनी परंपरा का महत्व और छठ पर्व की दीं शुभकामनाएं

साध्वी प्राची ने छठ पर्व के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं और बताया कि सनातन धर्म में उगते और अस्त होते दोनों सूर्यों को नमन करना हमारी परंपरा है। ष्हमारे संस्कार हमें सिखाते हैं कि जीवन की हर स्थिति का आदर करें, चाहे वह उत्थान हो या अस्तित्व की सीमाएं। यही सनातन धर्म की विशेषता है,ष् उन्होंने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा।

विपक्ष पर साध्वी का तीखा प्रहार

विपक्ष पर प्रहार करते हुए साध्वी प्राची ने कहा कि कई राजनीतिक दल और नेता केवल सत्ता के भूखे हैं। ष्वो हर तरह के हथकंडे अपनाते हैं, लेकिन जनता अब समझदार हो गई है। उसे भलीभांति पता है कि विकास के रास्ते पर भाजपा ही आगे बढ़ा सकती है,ष् साध्वी ने आत्मविश्वास के साथ कहा। उन्होंने 2027 के विधानसभा चुनावों में भी भाजपा की पूर्ण बहुमत वाली वापसी की भविष्यवाणी करते हुए कहा कि प्रदेश में विकास का यही एकमात्र मार्ग है।

योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सराहना

साध्वी प्राची ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की भी प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ष्योगी जी ने जिस तरह उत्तर प्रदेश को अपराध-मुक्त और विकास-प्रधान राज्य में बदला है, उसकी चर्चा देशभर में हो रही है। जहां भी भाजपा की सरकार है, वहां विकास का रथ बिना रुके आगे बढ़ रहा है। यही वजह है कि उपचुनावों में भी भाजपा की जीत निश्चित है, क्योंकि जनता के सामने अब कोई और विकल्प नहीं है।ष्साध्वी के इस वक्तव्य ने न सिर्फ हिंदुत्व के प्रति उनकी निष्ठा को उजागर किया बल्कि आने वाले चुनावों में भाजपा की संभावित जीत का संकेत भी दिया, जिसे लेकर गोरखपुर समेत पूरे प्रदेश के सनातनियों को उत्साह से लबरेज कर दिया है।

'कला प्रवाह' मंदिर परम्पराओं के महोत्सव की श्रृंखला

- आज और कल आदिशक्ति माँ देवरही मंदिर, देवरिया में होगा आयोजित

जन एक्सप्रेस । देवरिया

संगीत नाटक अकादमी, प्रदर्शन कला के क्षेत्र में देश की प्रथम राष्ट्रीय अकादमी और भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की स्वायत्त संस्था है। संगीत नाटक अकादमी का उद्घाटन भारत के प्रथम राष्ट्रपति द्वारा 1953 में नई दिल्ली संसद भवन में आयोजित एक विशेष समारोह में किया गया था। अपनी स्थापना के बाद से, संगीत नाटक अकादमी देश के संगीत, नृत्य, नाटक, लोक और जनजातीय कला रूपों और देश के अन्य संबद्ध कला रूपों में अभिव्यक्त ,प्रदर्शन व कला रूपों के संरक्षण, अनुसंधान, प्रचार-प्रसार और पुनर्जीवित करने की दिशा में क्रियाशील रही है। मंदिर परंपराएँ हमेशा से भारत की विविध सांस्कृतिक परंपराओं का हिस्सा रही हैं और प्राचीन काल से ही ऐसे उत्सव देश के विभिन्न मंदिरों में आस्था और उत्साहपूर्वक आयोजित किए जाते रहे हैं।

संगीत नाटक अकादमी ने अनुभव किया है कि समय के साथ यह मंदिर परंपराएँ क्रमशः क्षीण पड़ती गई और अपने सांस्कृतिक महत्व एवं अस्मिता से दूर होती चली गई और इस प्रकार आज विलुप्ति के कगार पर जा पहुँची हैं।ऐसी परिस्थिति में संगीत नाटक अकादमी ने देश की मंदिर परंपराओं को पुनर्जीवित करने की चुनौती स्वीकार की है। मंदिर परंपराओं को पुनर्जीवित करने का यह पुनीत कार्य, 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर अयोध्या एवं काशी विश्वनाथ (वाराणसी) में ÷कला प्रवाह÷ के आयोजन के साथ ही अकादमी ने आरंभ कर दिया था। इस श्रृंखला के अंतर्गत अकादेमी द्वारा 9 से 17 अप्रैल 2024 तक देश के विभिन्न क्षेत्रों में अवस्थित सात अलग-अलग शक्तिपीठों में ÷शक्ति÷ के अंतर्गत मंदिर परंपराओं के उत्सव का आयोजन किया। शक्ति उत्सव का शुभारंभ 9 अप्रैल 2024 को कामाख्या मंदिर, गुवाहाटी से हुआ और फिर महालक्ष्मी मंदिर, कोल्हापुरय ज्वालामुखी मंदिर, कांगड़ाय त्रिपुर सुंदरी मंदिर, उदयपुर, त्रिपुराय अंबाजी मंदिर, बनाशकांठा, गुजरातय बैद्यनाथ धाम, देवघर, झारखंड और 17 अप्रैल 2024 को शक्तिपीठ माँ हरसिद्धि मंदिर, जयसिंहपुर, उज्जैन, मध्य प्रदेश में इस शक्ति उत्सव का समापन हुआ। इसके अतिरिक्त कला प्रवाह का आयोजन जून 2024 में छिन्नमस्तिका मंदिर, झारखंड, श्री विट्ठल रुक्मिणी मंदिर, पंढरपुर, महाराष्ट्र और जुलाई 2024 में कसार देवी मंदिर, अल्मोड़ा, उत्तराखंड और अनुमहाप्रभु मंदिर, नादिया, पश्चिम बंगाल में सम्पन्न हुआ।

इसी श्रृंखला के अंतर्गत संगीत नाटक अकादेमी, नई दिल्ली द्वारा आदिशक्ति माँ देवरही मंदिर, देवरिया, उत्तर प्रदेश में कला प्रवाह उत्सव का आयोजन संस्कृत विकास परिषद, देवरिया के सहयोग से 9 एवं 10 नवंबर 2024 को किया जा रहा है। इस महोत्सव का उद्घाटन अकादमी की अध्यक्षा डॉ संध्या पुरेचा एवं देवरिया सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के अंतर्गत 9 नवंबर 2024, शनिवार को भजन दृ पूनम त्रिपाठी ग्रूप,आल्हा गायन महंत यादव ग्रूप उत्तर प्रदेश व गौरा गणपती मुखौटा नृत्य, पौराणिक ढोल वादन ,भैरव नृत्य जागरी सांस्कृतिक कला मंच समिति, उत्तराखंड एवं भरतनाट्यम दृ सिंधु मिश्रा, दिल्ली तथा 10 नवंबर 2024, रविवार को भजन दृ हरीश तिवारी ग्रूप दिल्ली,लोक गायन अशोक कुमार ग्रूप उत्तर प्रदेश,कथक नयनिका घोष, हरियाणा,झिझिया नृत्य मंजूषा कला प्रशिक्षण केन्द्र, बिहार एवं यक्षगान दृ विद्या कोलयूर एवं दल, कर्नाटक द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

विभिन्न कस्बों से नगर निगम टीम द्वारा हटवाया गया अतिक्रमण

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

आज दिनांक 08.11.2024 की प्रात काल 11 बजे डी0एस0ए0 ग्राउण्ड चौराहा से प्रयागराज जक्शन होते हुए लीडर रोड चौराहा से जॉनसेनगंज चौराहा से हीरेट रोड से रामबाग पुल के नीचे से क्रास्थवेट चौराहा से बैहराना चौराहे तक सड़क दोनों पटरियों से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करागी गयी।डी0 एस0 ए0 ग्राउण्ड से लेकर प्रयागराज जक्शन गेट न04 तक खुल्दाबाद थाने से सहयोग लिया गया।इसके उपरान्त जीनसेनगंज चौराहे तक शाहगंज थाने द्वारा सहयोग किया गया।इसके उपरान्त हीवेट रोड से रामबाग पुल के नीचे तक कोतवाली थाने द्वारा सहयोग किया गया।तत्पश्चात रामबाग से वैहराना चौराहे तक कीडगंज थाने की पुलिस द्वारा सहयोग किया गया।उक्त क्षेत्र से अतिक्रमण हटाते समय अतिक्रमण से पहले की फोटो तथा अतिक्रमण हटाने के बाद की फोटोग्राफी की गयी।उक्त के क्रम में प्रयागराज जवशंन गेट न02 के सामने स्थित होटल एवं रेस्टोरेन्ट द्वारा सडक पर कब्जा कर अतिक्रमण किया गया था। उक्त होटल मालिकों को जागृत कर अतिक्रमण हटाया गया तथा उनके द्वारा किये गये प्रतिबन्धित पॉलिथीन प्रयोग किया जा रहा था. जिसे जब्त किया गया एवं उन्हें अवगत कराया गया कि महाकुम्भ मेला 2025 को दृष्टिगत रखते हुए सड़क पर गन्दगी न फैलायें तथा प्रतिबन्धित पॉलिथीन प्रयोग न करें।लीडर रोड स्थित इलाहाबाद केमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन प्रयागराज के पदाधिकारियों का सहयोग लेकर उक्त केमिस्ट की दुकानों के मालिकों को जागरूक करके उनसे नाइट में मेसर्स नीलकण्ट एसडब्लूएम प्रा0लि0 की वाहनें कूड़ा उठाने आती है, में दुकानों का कूड़ा उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।सर्वप्रथम मेसर्स हिमालियन मेडिकल एजेन्सी जो लीडर रोड पर स्थित है उनके मालिक श्री शिवम अग्रवाल से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की ऑनलाइन रू0100-00 की रसीद कटवायी गयी।जिसके उपरान्त उनके द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त क्षेत्र की समस्त दुकानें अपना-अपना कूड़ा डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में चलने वाली वाहनों को ही उपलब्ध करायेगें तथा यूजर चार्जेज भी जमा करायेगें।प्रयागराज जक्शन से जॉनसेनगंज चौराहे तक गन्दगी/अतिक्रमण/पॉलिथीन के सम्बना में रु0-17,000-0शमन शुल्क वसूला गया साथ ही लीडर रोड स्थित नगर निगम की दुकानों के मालिकों द्वारा नाले पर कराये गये सिविल कन्स्ट्रक्शन को तोड़ा गया। तत्पश्चात् जॉनसेनगंज चौराहे से सम्पूर्ण हीगेट रोड से अतिक्रमण हटाया गया तथा रामबाग चौराहे पर स्थित मधुरम होटल द्वारा सड़क पर लगाये गये जेनेरेटर के सम्बन्ध में रु0 8,000- शमन शुल्क वसूला गया तथा उक्त होटल के मालिक द्वारा फुटपाथ पर तीन जेनरेटर लगाये गये हैं एवं जेनरेटर की वायरिंग भी रोड कटिंग करायी गयी है। इस सम्बन्ध में होटल के मालिक को चार दिन का समय दिया गया कि महाकुम्भ मेला 2025 को दृष्टिगत रखते हुए फुटपाथ से जेनरेटर हटा ले।

दो दिन से गायब सहायक अध्यापक का मेजा नहर में मिला शव, परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

करछना थाना क्षेत्र के कौवा निवासी युवक का शव शुक्रवार शाम तीन बजे ललई का पूरा बसहरा मेजा के नहर में घायल अवस्था में मिला।परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप उसके शरीर पर चोट के निशान थे।परिजनों ने बताया कि बाबा आदिवासी शाहपुर नेवादा कोरांव को सहायक अध्यापक सुनील गौड ने दो लाख रुपए दिए थे।बृहस्पतिवार शाम को बाबा आदिवासी का फोन आया कि आप आ जाओ हम तुम्हरा पैसा दे देगे।अपने घर से निकलने के बाद कुछ ही घन्टो मे उनका मोबाइल स्विच ऑफ बताने लगा हम लोग आनन फानन में करछना थाना पहुंचकर जिसने फोन करके बुलाया था उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया।वही परिजनो ने बताया कि अध्यापक दो दिन से लापता है प्राप्त जानकारी अनुसार कौवा करछना निवासी बच्चा गौड़ के दो पुत्रों में बड़ा पुत्र सुनील गौड़ उम्र लगभग 42 वर्ष ने वृहस्पतिवार की शाम घर से निकला था लेकिन उसके बाद वह वापस नहीं आया। तो परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन कुछ कही पता नहीं चला।शुक्रवार को समय लगभग 3ः00 बजे के आसपास ललई का पूरा बसहरा मेजा में शव मिलने पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।घटना की जानकारी पाकर मेजा थाना इंस्पेक्टर राजेश उपाध्याय ने पुलिस टीम के साथ मौके पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस टीम जांच पड़ताल में जुटी हुई है।पिता पशुपालन विभाग में कर्मचारी थे जो सेवानिवृत्त होने के बाद कौवा करछना में घर बनवाकर परिवार के साथ रहते है।मृतक के दो बच्चे हैं पत्नी रागिनी गौड़ का रो-रो कर बुरा हाल।

शिक्षक संघ ने किया संयुक्त शिक्षा निदेशक का सम्मान

जन एक्सप्रेस/आगरा। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ पांडेय गुट ने संयुक्त शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) आगरा मंडल आगरा आर. पी. शर्मा का उनके कार्यभार ग्रहण करने पर उनका माला और पटका पहनकर स्वागत किया। डॉ .भोज कुमार शर्मा के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ पांडे गुट के प्रतिनिधि मंडल ने आज आगरा मंडल आगरा का स्वागत किया और उनका भविष्य में उनके कार्य में सहयोग करने का संगठन ने आश्वासन दिया है। डॉ. भोज कुमार शर्मा ने स्वागत करते हुए कहा के न्याय मिलने में भले ही देर हो सकती है परंतु जीत अंत में सत्य की ही होती है। इसका साक्षात उदाहरण डॉ आर पी शर्मा जी हैं। उन्होंने इसे सत्य की जीत बताया और कहा व्यक्ति को कष्ट भले ही मिले परंतु अंत में सम्मान ईमानदार व्यक्ति का ही होता है।

एग्रीकल्चर चौकी इंचार्ज की रात्रि में सामने से तेज़ गति से आ रही गाड़ी को बचाने के चक्कर में खुद की गाड़ी नाले मे जा गिरी

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

नैनी क्षेत्र अरैल रोड पुलिया के पास एग्रीकल्चर चौकी इंचार्ज विपिन कुमार पाल रात्रि में सामने से तेज़ गति से आ रही गाड़ी को बचाने में खुद की गाड़ी अनियंत्रिण होने के कारण पुलिया के बग़ल नाले में जा गिरी। प्राप्त जानकारी अनुसार नैनी थाना क्षेत्र अरेल रोड पुलिया के पास एग्रीकल्चर चौकी इंचार्ज विपिन कुमार पाल की कार के सामने रात्रि में तेज गति से आ रही गाड़ी को बचाने में खुद की गाड़ी अनियंत्रिण होने के कारण पुलिया के बग़ल नालें में जा गिरी जिससे चौकी प्रभारी गम्भीर रूप से घायल हुए।सूचना मिलते ही नैनी थाना पुलिस क्षेत्रीय एग्रीकल्चर चौकी पुलिसकर्मी पहुंच कर उन्हें तत्काल उपचार हेतु प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार किया जा रहा है।

उगते सूर्य को अर्घ्य देकर संपन्न हुई छठ पूजा,श्रद्धालुओं ने भगवान भास्कर को किया प्रणाम

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर

लोक आस्था के महापर्व ÷छठ पूजा÷ के शुभ अवसर पर जलालपुर स्थित शिवालय पक्का घाट पर भोर से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। उदीयमान सूर्य की उपासना को छठ घाट पर पहुंची महिलाओं ने पानी में डुबकी लगाकर अ?र्घ्य देकर सुख समृद्धि की कामना की।इससे पूर्व गुरुवार को छठ की संध्या पर अस्ताचल गामी भगवान भास्कर को अर्घ्य के देने के लिए शिवाला घाट पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ ने विधि विधान से पूजन परंपरा का निर्वहन किया। अनुष्ठान के आखिरी दिन छठ व्रतियों ने छठ मैया की आराधना करके परिवार की सुख-समृद्धि के लिए मंगल कामना की। नीरज अग्रहरि की अध्यक्षता वाले छठ पूजा सेवा दल ग्रुप द्वारा विगत वर्षों की भांति छठ पूजा महोत्सव का आयोजन किया गया जिसमें पूर्वांचल के सुप्रसिद्ध आराध्या गौतम ग्रुप ने छठ मैया को समर्पित सांस्कृतिक एवं भक्तिमय प्रस्तुति दी। गुरुवार शाम तथा पर्व के समापन के अवसर पर आराध्या गौतम ग्रुप द्वारा लोकनृत्य और झांकी के माध्यम से बही भक्तिरस की बहार में श्रद्धालु झूम उठे।भाजपा नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र,समाजसेवी विनोद गुप्ता बीनू,नगर उपाध्यक्ष आनंद जायसवाल, नगर मंत्री अमित गुप्ता,मनोज पांडेय,व्यापार मंडल अध्यक्ष संदीप अग्रहरि,पूर्व नगर अध्यक्ष मानिकचंद सोनी,नगर महामंत्री विकाश निषाद तथा विभिन्न समूहों द्वारा कार्यक्रम स्थल पर प्रसाद वितरण किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नगर कार्यवाह अभिषेक उपाध्याय, विपिन जायसवाल, पंकज हलधर, गोविंदलाल गौड़ समेत अन्य द्वारा छठ पूजा के लिए पहुंचे श्रद्धालुओ के मस्तक पर चंदन तिलक लगाते हुए लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कोतवाल संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी का कुशलता पूर्वक निर्वहन किया, वही जीजीआईसी जलालपुर की छात्राओं द्वारा घाट पर की गई रंगोली की सजावट की जमकर प्रशंसा हुई। ईओ अजय कुमार सिंह के नेतृत्व में नगर पालिका की टीम ने लगातार व्यवस्था की देखरेख की । स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर अजीत फार्मासिस्ट मनोज यादव के नेतृत्व में टीम आयोजन स्थल पर मौजूद रही। आयोजन के दौरानभाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष रामप्रकाश यादव, केशवप्रसाद श्रीवास्तव,शाश्वत मिश्र,शत्रुघ्न सोनी, हाजी कमर हयात, बेचन पांडेय,रमेश मौर्य, आदि लोग उपस्थित रहे।

केवट ने प्रभु राम के चरण धोकर नाव पर चढ़ाया

जन एक्सप्रेस । अम्बेडकर नगर

जनपद के सम्मनपुर थाना क्षेत्र के सीहमउ मोलनापुर में चल रही आदर्श रामलीला समिति में पांचवें दिन राम केवट संवाद से लेकर सीता हरण तक मंचन किया गया राम केवट संवाद देखकर दर्शक भाव विभोर हो गए

रामलीला में राम वन गमन के दौरान मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम निषादराज से मिलते हुए केवट के पास पहुंचे प्रभु राम ने गंगा पार करने के लिए केवट से निवेदन किया इस पर केवट ने कहा कि आपके पैर धोए बिना नाव पर नहीं चढ़ाऊंगा सुना है कि आपके चरण स्पर्श मात्र से पत्थर की शिला स्त्री बन गई यदि मेरी नाव भी स्त्री बन गई तो मेरे परिवार का भरण पोषण कैसे होगा केवट की भक्ति देखकर भगवान श्री राम भावुक हो गए और केवट को पैर धोने की अनुमति दे दी गंगा पार होने के बाद उतराई देने के लिए राम के पास कुछ नहीं था सीता ने इस बात को समझ कर अपनी अंगूठी निकाल कर दे दी भगवान राम जब केवट को अंगूठी देने लगे तब उन्होंने लेने से मना कर दिया और कहा की मल्लाह कहीं मल्लाहओ से मल्लाही लेते नहीं प्रभु यह कहकर वह भावुक हो गया और कहा कि जैसे आज मैं आपको नव से नदी पार कराया हूं इसी तरह आप भी मुझे भवसागर से पार कर देना कलाकारों के मंचन देखकर दर्शक भी भावुक हो गए रामलीला में केवट का किरदार सत्यनारायण यादव अवधेश चौहान पवन कुमार साहू ने किया और राम लक्ष्मण के किरदार में सचिन यादव और राम रुप ने अभिनय किया

इस दौरान अध्यक्ष राम जगत राजभर कोषाध्यक्ष रक्षा राम यादव विपिन मौर्य विनय यादव संतराम गुप्ता डायरेक्टर रामनुज यादव प्रहलाद यादव विनय यादव मंच संचालक शिव प्रसाद उपाध्याय आदि उपस्थित रहे।

हिंदू-मुस्लिम के बीच की नफरत को खत्म करने का बीड़ा उठाया उस्मान अली उर्फ सोनू बाबा ने

जन एक्सप्रेस/आगरा। थाना खंदौली क्षेत्र के पोइया गांव में भागवत कथा का आयोजन किया एवं उस्मान अली और सोनू बाबा ने स्कूल ही बच्चों को किताब पेंसिल वितरण किया तो वही महिला राशन व लोगों को बनियान भी वितरण की और सभी को हिंदू मुस्लिम एकता का संदेश भी दिया आपको बता देना उस्मान अली उर्फ सोनू बाबा ने ने बताया वह कई यात्राएं भी कर चुके हैं और उनका आगे कई भागवत सप्ताह करने का प्लान भी है यह विचार बचपन में भागवत कथा पंजीरी और प्रसाद खाया तो उन्हें बड़ा ज्ञान हुआ और कहां सब एक ही तो है मैंने तो देव है हर इंसान में देखा जाए तो भगवान ही है तो फिर हम आपस में सभी प्रेम से क्यों ना रहे उन्होंने बताया हिंदू मुस्लिम के बीच की नफरत को खत्म करने का बीड़ा उठाया है और पोइया गांव को गोद भी लिया है इस सभी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में खंदौली ब्लॉक प्रमुख आशीष शर्मा रहे और एवं उनका स्वागत सम्मान भी किया गया इस कार्यक्रम में बड़े ही जोर-जोर के साथ भाग लिया भर लिया।

उत्तर रेलवे

ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित किया जाता है।

एडमिन यूनिट/जोन	Lucknow-NR-Division-Commercial/Northern Railway
नीलामी सूची सं.	AUCTIONWVM-3
कार्य का विवरण	Installation and operation of Water Vending Machines (WVM's) at Various Stations over Lucknow Division, Northern Railway for the period of 05 years
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	01.11.2024
नीलामी प्रारम्भ (समस्त लाट)	19.11.2024 at 10:00 Hrs
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	19.11.2024 at 14:40 Hrs
वेबसाईट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है।	E-Auction Module of www.ireps.gov.in

Details of WVM's to be auctioned are as under: -

SN	Station	PF No.	Lot No.	No of WVM
1	Shahganj	2/3	MSS-LKO-SHG-WVM-44-24-1	2
2	Shahganj	1	MSS-LKO-SHG-WVM-43-24-1	3
3	Unnao	1	MSS-LKO-ON-WVM-54-24-1	2
4	Bhadohi	1	MSS-LKO-BOY-WVM-49-24-1	2
5	Maa Belha Devi Dham Pratapgarh Jn.	4	MSS-LKO-MBDP-WVM-53-24-1	1
6	Unnao	2/3	MSS-LKO-ON-WVM-55-24-1	2
7	Raebareli	2/3	MSS-LKO-RBL-WVM-61-24-1	2
8	Sultanpur	1	MSS-LKO-SLN-WVM-34-24-2	3
9	Barabanki	1	MSS-LKO-BBK-WVM-57-24-1	2
10	Jaunpur Jn.	1	MSS-LKO-JNU-WVM-46-24-1	3
11	Amethi	1	MSS-LKO-AME-WVM-39-24-1	2
12	Barabanki	2/3	MSS-LKO-BBK-WVM-58-24-1	2
13	Jaunpur Jn.	4/5	MSS-LKO-JNU-WVM-48-24-1	2
14	Maa Belha Devi Dham Pratapgarh Jn.	1	MSS-LKO-MBDP-WVM-51-24-1	3
15	Unnao	4	MSS-LKO-ON-WVM-56-24-1	2
16	Phulpur	2/3	MSS-LKO-PLP-WVM-42-24-1	2
17	Sultanpur	2/3	MSS-LKO-SLN-WVM-35-24-2	2
18	Barabanki	4	MSS-LKO-BBK-WVM-59-24-1	2
19	Jaunpur Jn.	2/3	MSS-LKO-JNU-WVM-47-24-1	2
20	Prayag	1	MSS-LKO-PRG.WVM-37-24-1	3
21	Prayag	2/3	MSS-LKO-PRG-WVM-38-24-1	3
22	Amethi	2/3	MSS-LKO-AME-WVM-40-24-1	2
23	Maa Belha Devi Dham Pratapgah Jn.	2/3	MSS-LKO-MBDP-WVM-52-24-1	2
24	Phulpur	1	MSS-LKO-PLP-WVM-41-24-1	2
25	Raebareli	4	MSS-LKO-RBL-WVM-62-24-1	1
26	Bhadohi	2/3	MSS-LKO-BOY-WVM-50-24-1	2

कृते वरिष्ठ मण्डल, वाणिज्य प्रबन्धक
उत्तर रेलवे, लखनऊ

3466/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

कल मनायी जाएगी गोपाष्टमी

■ गौ पूजन के लिए जरुरी है गोवंश का संरक्षण- स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज

जन एक्सप्रेस । अलीगढ

कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को गोपाष्टमी पर्व मनाया जाता है। मान्यता है कि इस दिन गाय का पूजन करने से सभी दुखों से मुक्ति मिलती है। वैदिक शास्त्रों में गाय को माता का दर्जा भी दिया गया है। इसी दिन से कृष्ण भगवान ने गौचारण शुरू किया था। वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज ने गोपाष्टमी की जानकारी देते हुए बताया कि अष्टमी तिथि आज रात्रि 11ः56 बजे से प्रारम्भ हो रही है जिसका समापन कल रात्रि 10ः45 बजे होगा। ऐसे में उदया तिथि के अनुसार 09 नवंबर यानि कल गोपाष्टमी पूजन किया जाएगा। स्वामी पूर्णानंदपुरी जी महाराज के अनुसार हमारे ग्रंथों और शास्त्रों में गाय को माता कहा गया है।मान्यता है कि गाय में 33 करोड़ देवी देवता वास करते हैं, इसलिए मात्र गाय की पूजा करने से सभी देवताओं की पूजा करने का लाभ प्राप्त हो जाता है। समाज में भी भोजन से पूर्व पहली रोटी गाय के लिए निकाली जाती थी जिससे सुख और सौहार्द के साथ बीमारियों से मुक्ति होती है,गाय के दूध के साथ उसके द्वारा उत्पन्न प्रत्येक उत्पाद पोष्टिक होने के साथ निरोग रखता है। यह प्रमाणित किया जा चुका है कि गौ मूत्र भी अनेकों बीमारिओं को खत्म करने की क्षमता रखता है।

उन्होंने कहा कि इतने सारे गुण गाय में होने के साथ ही ऋग्वेद में गाय के लिए आघन्या शब्द का प्रयोग हुआ है।क्योंकि प्राचीन काल में गाय को ही विनिमय का साधन माना जाता था और राजाओं की शक्ति गौ पालन से निर्धारित होती थी। एक देसी गाय को पालने से घर में उपस्थित सभी नकारात्मक ऊर्जाओं का नाश होता है और सभी गृहदोषों से मुक्ति मिलती है। गाय बाँधने की जगह में वास्तु दोष अपने आप ही खत्म हो जाता है। गोपाष्टमी पूजन के विषय में स्वामी जी ने कहा कि किसी गौशाला में जाकर गाय के लिए गुड़ खिलाएं और उसके लिए हरा चारा खिलाकर आशीर्वाद लें। सरकार के इतने प्रबंधन के वावजूद भी आजकल गौशालाओं में गायों की दुर्दशा इतनी बढ़ गयी है कि समय पर खाना न मिलने के कारण भूख से मर रही हैं। इसलिए केवल एक दिन में ही गोपाष्टमी न मनाकर प्रतिदिन गायों के लिए अपनी सेवा दें जिससे गोवंश संरक्षित रहेगा।

प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यों का लोकार्पण कर जनपद को दी सौगात

जन एक्सप्रेस/आगरा। जनपद प्रभारी/पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के जनपद आगमन पर सर्किट हाउस में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया तथा पुष्पगुच्छ देकर भव्य स्वागत किया गया।

जनपद प्रभारी मंत्री ने जनपद के जनप्रतिनिधियों,पार्टी पदाधिकारियों, व्यापारिक, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से मुलाकात कर जनपद के चहुमुखी विकास हेतु प्रस्तावों पर विचार विमर्श किया तथा आश्वस्त किया कि जनपद हेतु पर्यटन, उद्योग, विकास के प्रस्तावों पर कार्य प्रारंभ किया जाएगा। प्रभारी मंत्री ने आगरा विकास प्राधिकरण द्वारा आगरा में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु मुख्यमंत्री पर्यटन विकास सहभागिता योजना के अंतर्गत टूरिज्म डिपार्टमेंट के सहयोग से फतेहाबाद रोड स्थित रमांडा फ्लाईओवर स्थित कराए गए विकास कार्यों का फीता काट कर शुभारंभ किया। यहां सौंदर्यीकरण के रूप में प्रकार के स्कल्पचर जैसे मोर, शंख, सुदर्शन चक्र, अर्जुन को गीता का उपदेश देते रथ पर सवार भगवान कृष्ण, लैंडस्केपिंग, फसाड , मॉडल जंक्शन आदि कार्यों को रुपया 259.34 लाख की लागत से कराया गया है।

जनजागरूकता | विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजनों के माध्यम से महाकुम्भ-2025 को स्वच्छ प्लास्टिक मुक्त बनाये जाने के लिए लोगो को करे प्रेरित

जिलाधिकारी ने महाकुम्भ-2025 को स्वच्छ प्लास्टिक मुक्त बनाने के सम्बन्ध में की बैठक

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज

जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में महाकुम्भ-2025 के आयोजन को स्वच्छ प्लास्टिक मुक्त बनाने के सम्बन्ध में विभिन्न विभागों द्वारा जनजागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन की कार्ययोजना के सम्बन्ध में बैठक आयोजित की गयी।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति कुम्भ का एम्बेस्डर है। उन्होंने स्कूली बच्चो ऑटो चालकों एवं ई-रिक्सा चालकों को कुम्भ से सम्बंधित टी-शर्ट के माध्यम से स्वच्छ कुम्भ एवं दिव्य कुम्भ का प्रचार-प्रसार करने के लिए कहा है। उन्होंने बाइक रैली सहित अन्य कार्यक्रमों के आयोजन के माध्यमों से लोगो जागरूक करने के लिए कहा है।जिलाधिकारी ने इंदिरा मैराथन में भी महाकुम्भ का प्रचार-प्रसार कराये जाने के लिए कहा है।कैप व टीशर्ट पर कुम्भ के लोगो लगाये जाने के लिए कहा है।उन्होंने इसका सूक्ष्म वीडियो और फोटो के द्वारा पीपीटी तैयार करने के लिए भी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है।जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी को अध्यापकों एवं बच्चो के द्वारा प्रभात फेरी के आयोजन के माध्यम से महाकुम्भ का प्रचार-प्रसार कराये जाने के लिए कहा है।जिलाधिकारी ने घाटों पर भी स्वच्छ कुम्भ सहित विभिन्न कार्यक्रम कराये जाने के लिए निर्देशित किया है।उन्होंने प्रत्येक कार्यक्रम का विधिवत डाक्यूमेंट तैयार करने के भी निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने जागरूकता कार्यक्रम में इलाहाबाद विश्वविद्यालय रज्जू भैया विश्वविद्यालय आईआईआईटी एम0एन0एन0आई0टी मेडिकल कालेज के छात्रों को भी जन जागरूकता कार्यक्रम में शामिल करने के लिए कहा है।इसके साथ ही उन्होंने अधिवक्ताओ चिकित्सको बैंकर्स तथा रेडियो सोशल मीडिया के लोगो के साथ बैठक कर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराये जाने के लिए कहा है।जिलाधिकारी ने कहा कि सड़कों पर भीड़ व रास्तों में गंदगी न हो,इसके लिए जो लोग सड़क किनारे भण्डारें का आयोजन करते है,उनका लाइसेन्स निर्गत किया जाये तथा नगर निगम की टीम द्वारा साफ-सफाई एवं पुलिस विभाग को यह सुनिश्चित कराये जाने के लिए कहा है कि कहीं पर भी अनावश्यक भीड़ एकत्रित न होने पाये। उन्होंने भण्डारे का लाइसेंस निश्चित दूरी पर ही निर्गत करने के लिए कहा है।भण्डारा स्थल पर महाकुम्भ के प्रचार-प्रसार के दृष्टिगत कुम्भ का लोगो भी लगाये जाने के लिए कहा है। जिलाधिकारी ने सभी लोगो को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए शपथ भी दिलाये जाने के लिए कहा है जिलाधिकारी ने दुकानदारों से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे से सम्बंधित शपथ पत्र भी लेने के लिए कहा है। इसके साथ ही उन्होंने साइनेज के माध्यम से भी साफ-सफाई सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग न करने से सम्बंधित व्यापक प्रचार-प्रसार कराये जाने के लिए कहा है।जिलाधिकारी ने सम्भागीय परिवहन अधिकारी को ऑटो व ई-रिक्सा चालकों को पब्लिक से अच्छा व्यवहार करने से सम्बंधित प्रशिक्षण भी दिलाये जाने के लिए कहा है। उन्होंने ऑटो रिक्सा का रूट निर्धारित करने के लिए भी कहा है।भीड़ प्रबन्धन के दृष्टिगत रेलवे स्टेशनों से 100 मीटर की दूरी पर ही ऑटो व रिक्सा को खड़े किए जाने के लिए कहा है।टैक्सी यूनियन के महामंत्री द्वारा बैठक में बताया गया कि सभी ऑटो व रिक्सा में डस्टबीन रखी जायेगी तथा सभी चालकों को एक डेऊस दिया जायेगा।जिलाधिकारी ने मिशन शक्ति कार्यक्रम में स्वच्छता से सम्बंधित कार्यक्रम कराये जाने के लिए कहा है।इस अवसर पर नगर आयुक्त चन्द्र मोहन गर्ग डीसीपी अभिषेक भारती ज्वाइंट मजिस्टेट अनुभव कुमार सिंह अपर नगर आयुक्त एवं स्टेक होल्डर्स एवं सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सीएमएस के बाद अब बाबू तक पहुंची ईको फ्रेंडली घोटाले की आंच

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जिला महिला अस्पताल में ईको फ्रेंडली अवार्ड समारोह आयोजित कर बजट को गलत ढंग से खर्च करने के मामले में पटल सहायक को तलब किया गया है। कमिश्नर के आदेश पर चल रही घोटाले की जांच में मंडलीय अपर निदेशक कार्यालय से एनएचएम पटल सहायक को नोटिस भेजकर बयान दर्ज कराने के आदेश दिए गए हैं। पूरे मामले में शिकायतकर्ता के अलावा सीएमएम डॉ. राजेश कुमार व लेखाकार हैदर अली के बयान पहले ही दर्ज किए जा चुके हैं। अनियमित ढंग से अवार्ड धनराशि खर्च कर किये गए घोटाले में सीएमएस व लेखाकार के बाद अब बाबू पर भी शिकंजा कस गया है।

दरअसल जिला महिला अस्पताल को वर्ष 2021-22 में कायाकल्प अवार्ड योजना के अंतर्गत ईको फ्रेंडली अवार्ड मिला था। इसके तहत अस्पताल में ईको फ्रेंडली वातावरण को बढ़ावा देने के लिए 10 लाख रुपये की धनराशि प्रदान की गई। बीते 15 अगस्त को सीएमएस डॉ. राजेश कुमार ने इस धनराशि को गलत ढंग से खर्च करते हुए एक होटल में सम्मान समारोह का आयोजन करा दिया। इसके अलावा अस्पताल के कर्मचारियों के खातों में भी धनराशि स्थानांतरित कर दी। पूरे मामले में शिकायत हुई तो डीएम व कमिश्नर ने जांच बैठा दी। डीएम के आदेश पर अपर जिलाधिकारी(न्यायिक) ने जांच की और पाया कि इस धनराशि का प्रयोग जिला अस्पताल में आने वाले रोगियों के हितार्थ होना चाहिए था जोकि नहीं किया गया। इसके अलावा यह कार्यक्रम पूर्व में तत्कालीन सीएमएस डॉ. अनीता चौरसिया द्वारा आयोजित करा दिया गया था। ऐसे में उसी बजट से सम्मान समारोह दुबारा आयोजित कराने का कोई औचित्य नहीं था। पूरे मामले में कार्यक्रम को गलत ठहराते हुए सीएमएस को दोषी माना गया। इधर, मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने भी मंडलीय अपर निदेशक को टीम गठित कर मामले की जांच के आदेश दिए। जांच समिति ने सीएमएस व लेखाकार को तलब कर अलग-अलग बयान दर्ज किए। अब पूरे मामले में पटल सहायक की भी भूमिका सामने आ रही है, जिसके बाद पटल सहायक को नोटिस भेजकर तलब किया गया है। बता दें, पूर्व सीएमएस के कार्यकाल के दौरान इस बजट से आयोजित हुए सम्मान समारोह में पटल सहायक कार्यक्रम में मौजूद रहे थे। अब उन्हीं की मौजूदगी में एक बार फिर कार्यक्रम का आयोजन कराकर बजट को ठिकाने लगा दिया गया।

पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था के प्रयास से नौगवां ओवरेब्रिज के नीचे सड़क बनना शुरू

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

नगर पालिका अध्यक्ष डॉ.आस्था अग्रवाल के प्रयास से नौगवां ओवर ब्रिज के दोनों साइड प्रस्तावित एप्रोच रोड का निर्माण शुरू हो गया है। इसको बनाने के लिए पालिकाध्यक्ष ने पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता को पत्र लिखा था। ओवर ब्रिज के दोनों ओवर सड़क बनने से यहां से आने जाने वाले लोगों को अब परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। नौगवां ओवर ब्रिज के नीचे दोनों तरफ की एप्रोच रोड काफी क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। बारिश में भी इस क्षेत्र में जल भराव हो गया था। आने जाने वाले राहगीरों को समस्या का सामना करना पड़ रहा था। इसका संज्ञान लेते हुए नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने लोक निर्माण विभाग की अधिशासी अभियंता को पत्र लिखकर निर्माण कार्य जल्दी पूर्ण करने के लिए कहा। जिससे कि आने-जाने वाले राजगीरों को राहत मिल सके।

पालिकाध्यक्ष द्वारा अधिशासी अभियंता को भेजे गए पत्र में कहा गया था कि नौगवां चौराहा से ओवर ब्रिज के नीचे दोनों साइड की सड़क बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। जिसके चलते आए दिन राहगीर हादसों का शिकार होते हैं।

दो पहिया वाहन चालक भी गिरकर घायल हो रहे हैं। कई बार ई रिक्शा भी पलट चुके हैं। इस सड़क को जल्द से जल्द बनाए जाने की आवश्यकता है।

अब पालिका अध्यक्ष डॉ.आस्था अग्रवाल का पत्र मिलने के बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा नौगवां ओवर ब्रिज के नीचे एप्रोच मार्ग बनाने का काम शुरू कर दिया गया है।

इस मार्ग के बनने के बाद इस सड़क से आने जाने वाले लोगों को अब परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

निर्माणाधीन मकान से चोरी के आरोपित को पुलिस ने पकड़ा

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

निर्माणाधीन मकान से चोरी के आरोपित को पुलिस ने पकड़ लिया।आरोपित से चोरी की गई लोहे की सरिया बरामद की गई। पुलिस ने पकडे गए आरोपित को मेडिकल परीक्षण के बाद न्यायालय भेज दिया।

नगर निवासी ठेकेदार मुन्नी गुप्ता के निर्माणाधीन दुकान से पांच नवंबर की रात चोर मोटर और लोहे की सरिया चोरी कर ले गए थे। पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिक की लिखी थी। गुरुवार रात्रि पुलिस को सूचना मिली कि आरोपित चोरी के माल की बिक्री की फिराक में कालीनगर रोड पर खड़ा हुआ है। उप निरीक्षक अमित शर्मा ने आरोपित को दबोज लिया। पूछताछ में रियाज मोहम्मद पुत्र लाल मोहम्मद रजागंज देहात का निवासी बताया।तलाशी के दौरान आरोपित के पास से सीमेंट के कट्टों से सात लोहे की सरिया बरामद हुई। पुलिस ने पकड़े गए आरोपित को मेडिकल परीक्षण के बाद जेल भेज दिया।

स्कूल जाते वक्त छात्रा को रोक बाइक सवार तीन युवकों ने पिलाया जहर

- जमीन बंटवारे के विवाद में घटना का आरोप..छानबीन में जुटी पुलिस

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

चार टीमें गठित, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

घटना के सामने आने के बाद पुलिस छानबीन कर साक्ष्य जुटाने में लग गई है। एसपी अविनाश पांडेय ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए चार टीमों का गठन कर दिया है। पुलिस की टीमें सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की मदद से आरोपियों का पता लगाने के साथ ही सत्यता जानने में जुट गई है।

घर से स्कूल जाने को निकली कक्षा पांच की छात्रा को रास्ते में बाइक सवार तीन युवकों ने रोक लिया और जबरन जहर पिला दिया।

गंभीर हालत में उसे एक निजी अस्पताल भर्ती कराया गया। इसकी सूचना मिलने पर सीओ सिटी पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी जुटाई। चाचा से चल रहे जमीन बंटवारे के विवाद में परिवार ने घटना का आरोप लगाया। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सुस्वार के रहने वाले रामगोपाल ने पुलिस को सूचना दी कि उनकी भांजी गजरौला क्षेत्र के ग्राम देवीपुरा की रहने वाली अंशिका पुत्री रामऔतार (13) कक्षा पांच की छात्रा है। रोज की तरह शुक्रवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे वह स्कूल जा रही थी। जेएमबी मेडिकल कॉलेज के पास पहुंचते ही करीब पौने नौ बजे बाइक पर सवार होकर आए तीन युवकों ने छात्रा को रास्ते में रोक लिया और जबरन जहरीला पदार्थ पिला दिया। छात्रा से इसकी जानकारी मिलने पर परिजन पहुंचे और फिर छात्रा को गंभीर हालत में गांधी स्टेडियम रोड पर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। छात्रा को दिनदहाड़े जहर देकर हत्या करने की कोशिश से जुड़ी सूचना मिलने पर पुलिस विभाग में खलबली मच गई। कुछ ही देर में सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी पुलिस बल के साथ निजी अस्पताल पहुंचे और जानकारी की। बच्ची के परिवार वालों से भी वार्ता की गई।जिसमें सामने आया कि खेत के बंटवारे को लेकर छात्रा के परिवार का उसके चाचा से विवाद चल रहा है। इसी विवाद को लेकर छात्रा को जहरीला पदार्थ पिलाया गया है। बाइक सवार युवकों के चाची के गांव का होने की बात भी निकलकर सामने आई है। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। छात्रा की हालत खतरे से बाहर बताई गई है।

सिकराहना समिति पंहुचे एआर, टोकन व्यवस्था से खाद वितरण के निर्देश

- समिति सचिव पर चहेते लोगों को रात में खाद वितरण का लगा था आरोप
- सचिव को नियमित रूप से खाद वितरित करने के निर्देश

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

सिकराहना समिति पर खाद वितरण में मनमानी और रात में खाद वितरण करने के मामले में सहकारिता विभाग के एआर और जिला कृषि अधिकारीयों ने टीम के साथ पहुंच कर किसानों से जानकारी जुटाई। टोकन व्यवस्था से खाद वितरण करने के निर्देश सचिवों को दिए हैं। अचानक अधिकारियों के समितियो पर पहुंचने से समिति के सचिव व अन्य कर्मचारियों में खलबली मच गई। धान कटाई के बाद गेहूं बुवाई के लिए डीएपी और एनपीके खाद लेने के लिए किसानों में होड़ मची हुई है। क्षेत्र गांव सिकराहना बहु उद्देश्य ग्रामीण सहकारी समिति पर दो दिनों से लगातार खाद न मिलने से किसान हंगामा कर रहे हैं। किसानों का आरोप था कि समिति पर चहेते लोगों को रात में खाद वितरण करने का भी आरोप लगाया था। एक बोरी खाद के लिए किसानों को भटकना पड़ रहा है। शुक्रवार सहकारिता विभाग के एआर प्रदीप सिंह और जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र सिंह व पीपीओ श्याम मोहन अचानक समितियां पर पहुंच गए। अधिकारियों के समितियां पर पहुंचने से समिति सचिव व अन्य कर्मचारियों में खलबली मच गई। सबसे पहले अधिकारी घुंघचाई समिति पर पहुंचे।एआर प्रदीप सिह ने खाद स्टॉक वह वितरण रजिस्टर का निरीक्षण किया।जहां सब ठीक-ठाक पाया गया है। फिर इसके बाद अधिकारियों की टीम ने गांव सिकराहना समिति पर पहुंचकर किसानों से जानकारी जुटाई। अधिकारियों के सामने ही बड़ी संख्या में समिति पर किसान मौजूद मिले ।खाद का स्टॉक और सभी अभिलेख का निरीक्षण किया गया।इसके बाद रात में खाद वितरण की वायरल वीडियो की जानकारी की।जिसमें पाया गया कि कुछ किसानों का चेक जमा था।खाद देने मे अंधेरे हो गया था। कालाबाजारी का आरोप गलत पाया गया है। एआर प्रदीप सिंह ने बताया कि सिकराहना समिति पर कालाबाजारी नहीं हो रही थी। कुछ ऐसे किसान का रुपया जमा था, जो समिति के खातेदार है। उन्हें खाद वितरण में अंधेरा हो गया था। सभी किसानों से जानकारी ली गई ।सभी किसान संतुष्ट मिले ।अब समितियां पर टोकन व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। जिलाधिकारी के अदेशानुसार एक किसान को तीन बोरी से अधिक खाद नहीं दी जा सकती है। यह नियम इसलिए है कि कोई भी किसान खाद वंचित ना रह सके जिले में भरपूर मात्रा में खाद उपलब्ध है। सभी किसानों को नियम के अनुसार खाद्य वितरण किया जाएगा ।वही जिला कृषि अधिकारी नरेंद्र सिंह ने बताया कि जो समिति के खातेदारों के लिए अलावा आस पड़ोस गांव के भी लोग समितियां पर पहुंच रहे इसीलिए भीड़ अधिक हो जाती है। सभी समितियां को नियम के अनुसार और सभी किसानों को वितरण के लिए आदेश दिए गए हैं।

एक्सप्रेस खबरें...

बहन को ससुराल छोड़कर घर लौट रहे बाइक सवार की मौत, टक्कर मारने के बाद ट्रैक्टर भी खाई में पलटा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत। जनपद के थाना बरखेड़ा क्षेत्र में अपनी बहन को घर छोड़कर घर जा रहे बाइक सवार को ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद ट्रैक्टर भी खाई में पलट गया। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गई। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के ग्राम अमखेड़ा निवासी देवदत्त (25) पुत्र रुपलाल खेती करते थे। शुक्रवार को वह अपनी बहन को ससुराल छोड़ने के लिए बाइक से कस्बा बरखेड़ा गए थे। बहन को ससुराल में छोड़ने के बाद बाइक से वापस घर जा रहे थे। गजरौला-बरखेड़ा मार्ग पर भोपतपुर गांव के पास ईट भट्ठे के नजदीक पहुंचते ही सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। इसके बाद ट्रैक्टर खाई में पलट गया। हादसे में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। चालक ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया। कुछ ही देर में राहगीर जमा हो गए। इसकी सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी की। परिवार वाले भी हादसे की सूचना मिलने पर आ गए। उनका रोकर बुरा हाल रहा। मृतक की दो साल पहले शादी हुई थी। पत्नी शांति देवी वर्तमान में गर्भवती है। पति की मौत के बाद वह बेसुध हो गई। उसे परिजन संभालने में जुटे रहे। इंस्पेक्टर मुकेश शुक्ला ने बताया कि हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर गए थे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर पत्नी की हत्या का प्रयास, प्राथमिकी

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत। पूरनपुर। शादी के बाद अतिरिक्त दहेज की मांग पूरी न होने पर पति ने विवाहिता को शारिरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर हत्या का प्रयास किया। मायके से दो बच्चों नगदी जेवर लेकर फरार हो गया। पुलिस ने पति सहित दो आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी लिखी है। नगर के मोहल्ला साहूकार निवासी सुवान जहां ने पुलिस को बताया कि उसका निकाह मुस्लिम रीति रिवाज से गहलुईया निवासी निजात अली के साथ हुआ था।निकाह में सामर्थ्य के अनुसार दान दहेज भी दिया गया।आरोप है कि पति निकाह के बाद से ही अतिरिक्त दहेज में बाइक और दो लाख रुपए नगदी की मांग करने लगा।असमर्थता जताने पर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर किया।आरोप है कि पति क ई बार हत्या का प्रयास कर चुका है। 12 नवंबर को पति और दोनों बच्चों के साथ मायके पंहुची।आरोप है कि पति थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव गोरा निवासी शवील की सह पर 13 नवंबर को दोनों बच्चे,जेवर,1.25 लाख की नगदी लेकर फरार हो गया। पुलिस ने पति सहित दोनों आरोपितों के विरुद्ध प्राथमिकी लिखी है।

शोर शराबा कर ट्रैक्टर से खदेड़ा, वीडियो प्रसारित

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत। पूरनपुर। शारदा नदी पर चल रहे बाढ़ बचाव कार्य करने जा रहे मजदूर रास्ते पर बाघ देख वापस लौट आए। ग्रामीणों ने ट्रैक्टर पर सवार होकर शोर शराबा किया।बाघ खेतों के रास्ते नदी की ओर चला गया। ग्रामीणों ने बाघ का वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित किया।वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची। हरीपुर रेंज के जंगल से निकाला बाघ बीते एक पखवाड़ा से चंदिया हजारा में आबादी के आस-पास चहलकदमी कर रहा है। बाघ की दहशत से किसान खेतों पर जाने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं। शुक्रवार तड़के गांव चंदिया हजारा निवासी मजदूर शारदा नदी पर चल रहे मठ पंप की मशीन चलाने जा रहे थे।आबादी से दो सौ मीटर दूर रास्ते पर बाघ को देख मजदूर दवे पांव वापस लौट आए।बाघ रास्ते पर चहलकदमी करता रहा। मजदूर बाघ को खदेडने के लिए गांव निवासी शंकर धारा के ट्रैक्टर पर सवार हुए।शोर शराबा करने पर बाघ रास्ते पर ट्रैक्टर के आगे चलने लगा।दो सौ मीटर दूर तक बाघ ट्रैक्टर के आगे चलता रहा। जिसके बाद खेतों के रास्ते नदी ओर जाकर गन्ने के खेत में छिप गया। ग्रामीणों ने बाघ का वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित किया।वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची।रेंजर वीरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि प्रसारित वीडियो संज्ञान में नहीं है।

पूरनपुर में उत्तराखंड की युवती के साथ कमरे में पकड़ा गया गैर समुदाय का शिक्षक

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

उत्तराखंड की एक युवती को रात को कमरे में बुलाकर गैर समुदाय के सरकारी शिक्षक और युवती को किरायेदारों की सूचना पर पहुंची पुलिस कोतवाली लेकर पंहुची। हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने भी जमकर हंगामा किया। पुलिस ने शिक्षक को हवालात में बंद कर दिया गया।दूसरे दिन युवती को उसकी बहन के सुपुर्द कर दिया गया।तहरीर न मिलने से शिक्षक पर कार्रवाई नहीं हो सकी।

नगर क्षेत्र के एक सरकारी स्कूल में पढ़ाने वाला गैर समुदाय का शिक्षक गुरूवार की रात उत्तराखंड की एक दूसरे संप्रदाय की युवती को लेकर अपने कमरे में पहुंचा।मकान में अन्य किराएदार रहते हैं।गैर समुदाय के शिक्षक के कमरे में दूसरे संप्रदाय की युवती को देख किरायदारों ने सूचना पुलिस को दी। मामले की जानकारी पर हिंदूवादी संगठन के दर्जनों कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए।कार्यकर्ताओ ने विरोध कर हंगामा किया। इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। इंस्पेक्टर कोतवाली नरेश कुमार त्यागी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस टीम गैर समुदाय के शिक्षक और युवती को अपने साथ कोतवाली ले आई। शिक्षक को हवालात में बंद कर दिया गया। रात में ही युवती के स्वजन को इसकी जानकारी दी गई। शुक्रवार दोपहर के समय युवती को उसकी बहन के सुपुर्द कर दिया। बहन युवती को घर लेकर रवाना हो गई। कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर नहीं दी गई।

उधर पुलिस ने शिक्षक का शांतिभंग की आशंका लेकर उपजिलाधिकारी कोर्ट के लिए चालान किया।

देर रात तक शिक्षक को जमानत नहीं मिल सकी।

इंस्पेक्टर कोतवाली ने बताया कि शिक्षक और एक युवती को किरायेदारों की शिकायत पर थाने लगाया गया था। युवती को उसके स्वजन के सुपुर्द कर दिया। शिक्षक पर कार्रवाई के लिए तहरीर नहीं दी गई है।

व्रती महिलाओं ने उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर किया व्रत का परायण

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

उदीयमान सूर्य यानी उगते हुए सूरज को अर्घ्य देकर छठ व्रती महिलाओ ने अपने 36 घंटे के निर्जला उपवास को पूरा किया।इसी के साथ तीन दिवसीय छठ पूजा का समापन हो गया।इससे पहले कल शाम में छठ व्रतियों ने डूबते हुए सूरज को अर्घ्य दिया था।छठ मईया का पर्व घुंघचाई और हजारा क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

हजारा क्षेत्र में महापुरुषों के नाम से बसे गांवों में पूर्वांचल के लोगों के रहने से यहां छठ पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। तड़के ही व्रती महिलाएं पूजा की सामग्री लेकर घाटों पर पहुंच गई। उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देकर पुत्र, पति और परिवार की खुशहाली के लिए दुआ मांगी। घाटों पर उत्सव रहा। छठ मैया के गीतों की धुन सुनाई देती रही। जंगल और नहर के बीच में बसी पूर्वांचल के लोगों की साढ़े चार किमी. लंबी कालोनी लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व धूमधाम से मनाया गया है। गुरुवार शाम को महिलाओं ने घाटों पर पहुंचकर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया था। देर रात तक हरदोई ब्रांच नहर पर बने घाटों पर बैंड बाजा के पर छठ मईया के गीतों पर श्रद्धालु गाते और नाचते रहे। रात में तट पर मनोरम दृश्य देखने को मिला। जहां लोगों ने खुले जल में भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। दूरदराज के गांवों में भी छठ महापर्व को लेकर मनोरम दृश्य बना रहा। शुक्रवार भोर में ही श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ घाटों पर पहुंचे और व्रतियों ने उगते हुए भगवान सूर्य को अर्घ्य दिया। कई लोगों ने घर के छत पर पूजा की। श्रद्धालु प्रात काल छठ घाट की ओर डाला लेकर पहुंच गए।

सूर्य की लालिमा देखते ही व्रती एवं श्रद्धालुओं के चेहरे पर प्रसन्नता झलकने लगी।

इससे पूर्व व्रती तथा श्रद्धालु ने भगवान सूर्य के प्रकट होने का इंतजार जल में खड़े होकर किया। व्रतियों ने पुरुषों को टीका लगाया। महिलाओं की मांग में सिंदूर लगाया। सुहाग की दीघार्यु होने की प्रार्थना की। अर्घ्य देने के बाद लोगों में प्रसाद प्राप्त करने की होड़ लग गई। गांव में जगह जगह भजन कीर्तन और जागरण हुआ।

पाइप फैलाने के विवाद में भतीजे ने चाचा को मारी गोली, हालत गंभीर

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

खुटहन थाना क्षेत्र के नुरुद्दीनपुर गांव में सिंचाई के लिए खेत में पाइप फैलाने को लेकर हुए विवाद में गुरुवार की रात लगभग साढ़े दस बजे भतीजे ने अपने सगे चाचा के ऊपर तमंचा से फायर कर दिया। गोली उनकी जांघ में लगने से वे गिरकर छटपटाने लगे। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें गंभीर हालत में उपचार हेतु जिला चिकित्सालय भेजवाया। घायल के पुत्र हिमांशू यादव की तहरीर पर पुलिस ने पांच नामजद तथा कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज लिया गया है। दो आरोपितों को हिरासत में लिए जाने का पुलिस दावा कर रही है।

गांव निवासी महेंद्र यादव गत बुधवार को ट्यूबवेल से पाइप जोड़ खेत की सिंचाई कर रहे थे। पाइप अपने चाचा कृपाशंकर के खेत को पार करते हुए आगे ले गये थे। पाइप फटी होने की वजह से कृपाशंकर के खेत में पानी भरा गया। जिसे देख वे भड़क गए। पाइप खेत से उठाकर बाहर फेंक दिए। जिसको लेकर चाचा भतीजे में जमकर नोंकझोंक हुई। लोगों के समझाने बुझाने के बाद उस समय मामला शांत हो गया।

इसी रंजिश को लेकर दूसरे दिन गुरुवार की रात दोनों पक्षों में फिर से कहासुनी शुरू हो गई। तभी भतीजे महेंद्र ने चाचा कृपाशंकर पर तमंचा से फायर झोंक दिया। गोली उनकी जांघ में लगते ही वे गिरकर छटपटाने लगे। गंभीर हालत में उनका उपचार जिला चिकित्सालय में चल रहा है। पुलिस ने घटना में नामजद किए गए पांच आरोपितों के अलावा कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का दावा है कि दो आरोपितों को हिरासत में ले लिया गया है। खबर लिखे जाने तक पुलिस उनके नाम का खुलासा नहीं कर सकी है।

दुष्कर्म पीड़िता के जहर खाकर खुदकुशी करने के मामले में एसओ अमरिया निलंबित

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

न्याय न मिलने पर दुष्कर्म पीड़िता के जहर खाकर खुदकुशी करने के मामले में गंभीर आरोपों में घिरे एसओ अमरिया ब्रजवीर सिंह पर गाज गिर ही गई। सीओ से रिपोर्ट मिलने के बाद पूर्व में दर्ज की गई रिपोर्ट की विवेचना में लापरवाही बरतने का दोषी पाते हुए एसपी अविनाश पांडेय ने उन्हें निर्लंबित कर दिया है। निलंबन के साथ ही विभागीय जांच के भी आदेश कर दिए गए हैं। वहीं, इंस्पेक्टर प्रमेंद्र कुमार को अमरिया का नया थानाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। एसपी की ओर से की गई कार्रवाई से पुलिस विभाग में हड़कंप मचा रहा।

बता दें कि अमरिया क्षेत्र की 28 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता ने छह नवंबर को जहर खा लिया था। पुलिस ने उसे मेडिकल कॉलेज पीलीभीत भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर उसे बरेली हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था, जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। दुष्कर्म पीड़िता का इलाज के दौरान का एक वीडियो बयान सोशल मीडिया पर गुरुवार को तेजी से वायरल हुआ था। जिसमें वह कह रही थी कि उसे जहर खाने के लिए एसओ अमरिया ब्रजवीर सिंह ने उकसाया था। वायरल वीडियो शासन स्तर तक पहुंचा। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भी दुष्कर्म पीड़िता के इंसाफ न मिलने पर खुदकुशी करने के मामले को लेकर सरकार को घेरते हुए एक्स एकांउट पर तंज कसा था। इधर, मामला उच्चाधिकारियों तक पहुंचने के बाद एसओ अमरिया पर गाज गिरना तय माना जा रहा था। एसपी अविनाश पांडेय ने प्रकरण में सीओ से आख्या तलब की थी। सीओ से आख्या मिलने के बाद वही हुआ, जिसके कयास दुष्कर्म पीड़िता की मौत के बाद से लगाए जा रहे थे। एसपी ने दुष्कर्म पीड़िता की ओर से दर्ज की गई रिपोर्ट में विवेचना के दौरान लापरवाही बरतने एवं दुष्कर्म पीड़िता के जहर खाकर जाने देने के बाद लग रहे गंभीर आरोपों को देखते हुए सख्त एक्शन लिया और एसओ अमरिया को निलंबित कर दिया गया है।

मारपीट में घायल होने की वजह से बेटे की हुई मौत, परिजनों का आरोप

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

केराकत कोतवाली क्षेत्र के तरियारी गांव में उस समय तनाव का माहौल हो गया जब एक माह पूर्व हुई मारपीट में घायल युवक की शुक्रवार की सुबह मौत हो गई। मौत की खबर होते ही परिवार कोहराम मचने के साथ ही गांव में तनाव का माहौल बन गया। जिसकी जानकारी होते ही एडिशनल एसपी अरविंद कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी अजीत कुमार रजक, प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार सिंह समेत भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच मोर्चा संभाला।मृतक की माता मैना देवी का आरोप है कि मुझे संदेह है कि एक माह पूर्व हुई मारपीट में घायल होने की वजह से ही मेरे पुत्र की मौत हुई है, जिसकी पोस्टमार्टम कर मामले में कार्यवाही की जाय। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु भेज विपक्षी के घर से दो महिला को थाने लाकर पूछताछ में जुट गई।

क्या है पूरा मामला,,

एक माह पूर्व मृतक सुनील कुमार पुत्र मिठाई लाल मजदूरी कर रात्रि अपने घर वापस लौट रहा था जैसे ही पोखरे के पास पहुंचा कि शौच लग गई जिसके बाद मृतक शौच कर वापस लौट रहा था कि रास्ते में गांव के ही राजा व सुड्डू पुत्र चौथी दुर्गा पूजा देखने की जिद्द करने लगे मृतक ने दुर्गा पूजा देखने जाने से मना किया तो उपरोक्त लोगों ने लात घूंसो से मारने-पीटने लगे। मरा हुआ समझ उपरोक्त लोग मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी होते ही परिजन घायल को निजी अस्पताल लाकर उपचार कराया तत्पश्चात कोतवाली पहुंच घटना की जानकारी देते हुए नामजद तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस पीड़ित के तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही में जुट गई।

हत्या के मामले में पिता-पुत्र समेत 6 को आजीवन कारावास

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले में शुक्रवार को कोर्ट ने फैसला सुना दिया। पिता-पुत्र समेत 6 लोगों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। सभी अभियुक्तों पर जुर्माना भी लगाया गया।

घटना छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के सिकंदरपुर कस्बे की है। यहां के रहने वाले विजय कुमार दुबे अपने भाइयों सुरेश कुमार व रविन्द्र दुबे के साथ बाजार कर के 26 अक्टूबर 2003 की शाम 4:30 बजे घर लौट रहे थे। तभी कस्बे के रहने वाले रामचन्द्र के घर में घात लगाकर बैठे राजीव कुमार पांडेय उर्फ पप्पू, मनीष दीक्षित, विपिन बिहारी दीक्षित, पंकज, सुनील कुमार, रामचन्द्र, विनय शर्मा और लला तिवारी ने पुरानी रंजिश के चलते उन तीनों भाइयों पर जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों ने हाथ में असलहे लहराते हुए विजय, सुरेश और रविन्द्र को हॉकी और तमंचों की बटो से पीटा और फिर विजय कुमार दुबे को गोली मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। यहां विजय को बचाने आए मुन्ना खां को भी हमलावरों ने पिटाई कर घायल कर दिया था।

21 साल पुराना है मामला

मामले को लेकर मृतक विजय कुमार दुबे के भाई सुरेश कुमार ने छिबरामऊ कोतवाली में हत्यारोपी मनीष दीक्षित और उसके पिता विपिन विहारी दीक्षित समेत राजीव पांडेय, पंकज, सुनील कुमार, रामचन्द्र शर्मा, विनय शर्मा और लला तिवारी के खिलाफ तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। 21 साल पुराने इस मामले की सुनवाई स्पेशल जज (दस्यु प्रभावित क्षेत्र) इंद्रजीत सिंह द्वारा की जा रही थी।

1 साल की होगी अतिरिक्त कारावास

- शासकीय अधिवक्ता ब्रजेश शुक्ला ने बताया कि साक्ष्यों व गवाहों के बयानों के आधार पर स्पेशल जज इंद्रजीत सिंह ने 6 लोगों राजीव पांडेय, मनीष दीक्षित, विपिन विहारी दीक्षित, सुनील कुमार, विनय शर्मा और लला तिवारी को हत्या के मामले में दोषी करार देते हए कठोर आजीवन कारावास की सजा सुना दी। सभी अभियुक्तों पर कुल 63-63 हजार का जुर्माना भी लगाया। जुर्माने की राशि सजावधि के दौरान अदा करनी होगी। ऐसा न करने पर अभियुक्तों को 1 साल के अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी पड़ेगी।
- हत्या के मामले में 8 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिसमें से कोर्ट ने शुक्रवार को 6 लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुना दी। जबकि एक आरोपी रामचन्द्र शर्मा की विवेचना के दौरान मौत हो चुकी। इस केस में लंबे समय तक फरार रहने वाले पंकज की पत्रावली अलग कर दी गई। शासकीय अधिवक्ता ब्रजेश शुक्ला ने बताया कि पंकज को पुलिस काफी समय बाद पकड़ सकी थी। इसलिए उसकी सुनवाई पूरी नहीं हो पाई। उसके खिलाफ केस की सुनवाई चलती रहेगी। जिसका फैसला बाद में आएगा।

जले अभिलेख वाले भू राजस्व ग्रामों के अभिलेख तैयार करने में तेज़ी लाने के निर्देश

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

अपर जिलाधिकारी न्यायिक देवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में जले हुये गांव के भू-अभिलेख बनाने के संबंध में बैठक संपन्न हुई।

अपर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जले हुए ग्रामों में से अकबरपुर ग्राम के 666 खातों के सापेक्ष खतौनी के 325 खातों का वैधानिक कृषकों के अंशों का निर्धारण किया गया है, शेष खातों के अंशों का निर्धारण भी शीघ्र किया जाए। बरुआ सबलपुर गांव के सीरदार के रूप में दर्ज भूमि के मिलान में जो कार्य शेष बचा है उसे भी शीघ्र पूर्ण किया जाए। उन्होंने सरदामई, गढ़िया पाह, हाथिन, हरबल्लभपुर, कटिघरा के अभिलेख बनाए जाने की समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि कार्य में गति लाकर कार्य को पूर्ण किया जाये, किसी कार्य को पेंडिंग न रखा जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि चकबंदी प्रक्रिया में भी तेजी लाई जाए और लंबित मुकदमों में तेजी लाकर समय से निस्तारण किया जाए। समस्त लेखपाल और कानूनगो अपने कार्यों के प्रति शिथिलिता न बरतें। सप्ताह वाइज प्रत्येक दिवस का रोस्टर तैयार कर कार्यों को समय से पूर्ण करें, गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी नहीं होना चाहिए। बैठक में चकबंदी अधिकारी सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

द्वितीय शनिवार फिर भी खुलेंगे सरकारी दफ्तर

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

अपर जिलाधिकारी (वि0 रा0) आशीष कुमार सिंह ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार दीपावली पर्व के अवसर पर एक नवम्बर को सार्वजनिक अवकाश इस शर्त के अधीन घोषित किया गया था कि 9 नवम्बर (द्वितीय शनिवार) को शासकीय कार्यालय सामान्य कार्य दिवस की भांति खुले रहेंगे। निर्देश के अनुपालन में जिलाधिकारी ने दिनांक 9 नवम्बर (द्वितीय शनिवार) को शासकीय कार्यालय सामान्य कार्य दिवस की भांति खुले रहने के निर्देश जारी किए हैं।

कन्नौज पुलिस ने खोजकर लौटाए 55 मोबाइल फोन

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

साइबर क्राइम थाना द्वारा खोए हुए 55 मोबाइल (अनुमानित कीमत लगभग 11 लाख रूपये) बरामद कर उनके मालिकों को सुपुर्द किये गये ।

वर्तमान में जनपद में विभिन्न स्थानों पर गुम हुये मोबाइल फोन की सूचना मोबाइल धारकों के द्वारा पुलिस कार्यालय को उपलब्ध कराई जा रही थी, जिनकी बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना साइबर क्राइम को निर्देशित किया गया था। आदेश के अनुपालन में साइबर क्राइम टीम द्वारा 55 मोबाइल फोन जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 11 लाख रूपये है बरामद कर उनके वास्तविक धारकों को सुपुर्द किया गया।

आज पुलिस अधीक्षक जनपद अमित कुमार आनन्द द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में जनपदीय साइबर क्राइम थाना द्वारा जनपद कन्नौज में खोए हुए 55 मोबाइल फोनों को पोर्टल के माध्यम से बरामद किया गया, बरामद मोबाइलों को पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित मोबाइल धारकों को सौंपा गया। मोबाइल धारकों द्वारा अपना खोया हुआ मोबाइल फोन वापस पाकर अत्यन्नत प्रसन्नता जाहिर करते हुए कन्नौज पुलिस का आभार व्यक्त किया गया। मोबाइल धारकों द्वारा बताया गया कि उन्हें विश्वास नहीं था कि उन्हे अपना खोया हुआ मोबाइल वापस मिल जायेगा किन्तु पुलिस द्वारा किये सराहनीय प्रयासों से उनका खोया हुआ फोन वापस मिल सका है। इस वर्ष में जनवरी से अब तक सर्विलांस सेल / साइबर क्राइम थाना कन्नौज द्वारा खोये हुए 366 मोबाइल फोन अनुमानित कीमत 65 लाख रुपये बरामद कर उनके वास्तविक धारकों को सुपुर्द किये जा चुके है।

आज विशेष अभियान, बूथ जाकर वोटर बन सकते हैं नए युवा

जन एक्सप्रेस । कन्नौज

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी विनीत कुमार कटियार ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01.01.2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 में दिनांक- 29.10.2024 से दिनांक: 28.11.2024 तक फार्म-6, 7, 8 प्राप्त किए जाएगे। आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 09-11-2024 (शनिवार), दिनांक 10-11-2024 (रविवार), दिनांक 23-11-2024 (शनिवार) एवं दिनांक 24-11-2024 (रविवार) चार विशेष अभियान की तिथियां निर्धारित की गयी है।

उन्होंने बताया कि इन विशेष अभियान दिवसों में ऐसे अर्ह मतदाता जो 01 जनवरी, 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है, वह अपने मतदेय स्थल पर उपस्थित होकर बी0एल0ओ0/ पदाभिहित अधिकारी के पास अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने हेतु फार्म-6 (आयु प्रमाण पत्र सहित) तथा नाम में इंगित त्रुटि को शुद्ध कराने हेतु फार्म-8 एवं अपमार्जन हेतु फार्म-7 भर कर जमा कर सकते हैं। कहा कि उक्त विशेष अभियान दिवसों में समस्त बी0एल0ओ0/ पदाभिहित अधिकारी अपने-अपने बूथ पर उपस्थित रहकर अर्ह मतदाताओं से दावा/आपत्ति प्राप्त करेंगे। विशेष अभियान दिवसों में बी0एल0ओ0/ पदाभिहित अधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य है।

राजा बलि और कृष्ण जन्म की कथा सुना कर दर्शकों को किया भाव विभोर

जन एक्सप्रेस । हरदोई। शाहाबाद। कस्बे के मोहल्ला चौक में राम वाटिका प्रांगण में गुप्ता परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद भागवत कथा के चौथे दिवस वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास ने भगवान नारायण और राजा बली के प्रसंग के साथ कृष्ण जन्म का वृतांत सुनकर उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया।

3 निरीक्षकों समेत दो दर्जन से अधिक उपनिरीक्षकों की तैनाती में फेरबदल

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

एसपी ने एक बार फिर से तबादला एक्सप्रेस चलाते हुए 3 निरीक्षको सहित कई उपनिरीक्षकों की तैनाती मे फेरबदल कर दिया और कई लोगो को चौकी से हटाकर थानो मे पोस्टिंग कर दी जिसके बाद हड़कंप मचा हुआ है। बात की जाये प्रोन्नति पाकर निरीक्षक बने कोठी थाने मे तैनात शिवअजोर मिश्र को अतिरिक्त निरीक्षक कोतवाली हैदरगढ़ बनाने के साथ कोतवाली देवा मे रहे अतिरिक्त निरीक्षक रहे मुस्तकीम अहमद को इसी पद पर मोहम्मदपुर खाला भेजने के साथ माती चौकी प्रभारी रहे नवप्रोन्नत निरीक्षक धर्मेंद्र प्रताप सिंह को देवा कोतवाली का अतिरिक्त निरीक्षक बनाने के साथ कई चौकी प्रभारियों के कार्यक्षेत्र मे परिवर्तन करते हुए पुलिस लाइन्स मे रहे उपनिरीक्षक रामप्रताप सिंह को बदोसराय कोतवाली भेजने का निर्देश किया है इसी के साथ पुलिस लाइन्स मे रही उपनिरीक्षक आनंद गौतम को मोहम्मदपुर खाला भेजने के साथ महिला उपनिरीक्षक नीलिमा जायसवाल को एएचटीयू थाना भेजते हुए पुलिस लाइन्स मे रहे उपनिरीक्षक राजाराम को कोतवाली रामनगर मे तैनाती दी है इसी के साथ पुलिस लाइन्स मे रहे उपनिरीक्षक देव प्रकाश शुक्ल को जैदपुर कोतवाली मे तैनाती दी है जबकि लाइन्स मे ही रहे उपनिरीक्षक राम कृष्ण द्विवेदी को असंद्रा थाने मे तैनाती मिली है उपनिरीक्षक राम सुख पाण्डेय को लोनी कटरा थाने भेजा गया है पुलिस लाइन्स मे रहे उपनिरीक्षक रमेश सिंह को टिकैतनगर थाने मे तैनाती मिलने के साथ पुलिस लाइन्स मे रहे उपनिरीक्षक मनोज कुमार को थाना लोनी कटरा,उपनिरीक्षक सुभाष चंद्र दुबे को मोहम्मदपुर खाला भेजते हुए लाइन्स मे रहे उपनिरीक्षक विनय कुमार को चौकी प्रभारी क़स्बा जैदपुर कोतवाली जैदपुर बनाने के साथ उपनिरीक्षक सुदर्शन सिंह को चौकी प्रभारी मानपुर लखैचा थाना सतरिख व जिले के महत्वपूर्ण पद सर्विलांस प्रभारी रहे उपनिरीक्षक संजीव प्रकाश सिंह को चौकी इंचार्ज माती कोतवाली देवा भेजते हुए मसौली थाने के क़स्बा प्रभारी रहे राजकरन सिंह को हटाकर थाने मे तैनाती दी है वहीं उपनिरीक्षक राहुल शर्मा को कस्बा चौकी इंचार्ज मसौली बनाया है वहीं कोतवाली नगर मे रहे उपनिरीक्षक सत्येंद्र प्रकाश पाण्डेय को चौकी इंचार्ज भानमऊ थाना कोठी बनाकर नवीन तैनाती दी है कोतवाली नगर की सिविल लाइन चौकी इंचार्ज रहे मृदुल पाण्डेय को कोतवाली नगर भेजते हुए कोतवाली नगर मे ही रहे उपनिरीक्षक संजय कुमार यादव को चौकी इंचार्ज सिविल लाइन चौकी इंचार्ज थाना कोतवाली नगर बनाकर भेजा है वही मोहम्मदपुर खाला थाने मे रहे उपनिरीक्षक संजय कुमार को सफदरगंज थाने क़स्बा रसौली चौकी इंचार्ज बनाकर भेजा है

सफदरगंज थाने की सैदनपुर चौकी मे मानपुर लखैचा चौकी इंचार्ज थाना सतरिख रहे उपनिरीक्षक सत्यप्रकाश यादव को भेजा है वही सफदरगंज की पल्हरी चौकी इंचार्ज के पद पर रामसनेहीघाट कोतवाली मे रहे उपनिरीक्षक मो. राशिद खां को भेजा है

क़स्बा इंचार्ज जैदपुर से हटे उपनिरीक्षक राजेश कुमार गुप्ता को टिकैतनगर थाने भेजा है कोतवाली नगर मे रहे उपनिरीक्षक शिव कुमार को मसौली थाने भेजते हुए कोतवाली मे ही रहे रणजीत सिंह को सतरिख थाने भेजा है अभियोजन कार्यालय मे रहे उपनिरीक्षक संतराम को बड़ुपुर थाने भेजा गया है

क्षेत्राधिकारी कार्यालय सदर मे तैनात रही महिला उपनिरीक्षक नीलम सिंह को वन स्टॉफ रिपोर्टिंग चौकी चिकित्सालय भेजते हुए सतरिख थाने मे रही महिला उपनिरीक्षक उषा देवी पाल को लाइन हाजिर करते हुए बड़ुपुर मे रही महिला उपनिरीक्षक सुमन लता श्रीवास्तव को भी लाइन हाजिर किया है इसी के साथ उपनिरीक्षक लाल जी यादव को लोनी कटरा से कोतवाली मे तैनाती मिली है।

एक्सप्रेस खबरें...

डीएम की अध्यक्षता में उद्योग व व्यापार बंधु की बैठक सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । हरदोई। विवेकानंद सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में उद्योग बंधु व व्यापार बंधु की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का ससमय निस्तारण कराया जाये। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्राप्त सभी अवशेष निवेश प्रस्तावों को साकार करने के लिए गंभीरता से प्रयास किये जाएं। भूमि सम्बधी मामलों का त्वरित निस्तारण कराया जाये। उद्योगों की समस्याओ के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी, अन्य सम्बंधित अधिकारी तथा उद्योग व व्यापार प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

व्यावहारिक ज्ञान के लिए करायी जाएं एक्सपोजर विजिट :-डीएम

जन एक्सप्रेस । हरदोई। मिशन शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं को डाकघरों की एक्सपोजर विजिट करायी गयी। छात्राओं ने डाकघरों की कार्यप्रणाली को समझा। डाकघरों में उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। उन्होंने रजिस्ट्री व खाता खुलवाने की प्रक्रिया, किसान विकास पत्र, पीपीएफ, आधार संशोधन आदि को समझा। छात्राओं ने बताया कि एक्सपोजर विजिट से उनको काफ़ी जानकारी मिली। इस प्रकार का अनुभव भविष्य में उनके काम आएगा।डीएम मंगला प्रसाद सिंह ने बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समय समय पर ऐसी एक्सपोजर विजिट करायी जाएं ताकि छात्राओं का व्यावहारिक ज्ञान बढ़े। मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरूरानी ने निर्देश दिए हैं कि व्यापक कार्ययोजना के अनुरूप एक्सपोजर विजिट व कन्या शक्ति समूह से सम्बंधित अन्य कार्यक्रम सुनिश्चित किये जाएं।

विशेष अभियान दिवस को लेकर एसडीएम ने हिदायत दी

जन एक्सप्रेस । हरदोई। शाहाबाद। शुक्रवार को दोपहर दो बजे तहसील सभागार में ज्वाइंट मैजिस्ट्रेट सुश्री दीक्षा जोशी ने अहर्ता तिथि 1 जनवरी 2024 के आधार पर 29 अक्टूबर से 28 नवंबर तक चल रहे पुनरीक्षण के समबंध में विधानसभा 155 शाहाबाद के सुपरवाइज़र की समीक्षा बैठक की। इस मौके एसडीएम सुश्री दीक्षा जोशी ने अब तक किए गए कार्य की हकीकत जानी। खराब कार्य करने वाले बीएलो से संबंधित सुपरवाइज़र को हिदायत दी गई कि निर्वाचन कार्य मे किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। सभी सुपरवाइज़र अपने बीएलो के टच मे रहते हुए समय से समस्त कार्य पूर्ण कराये। एसडीएम ने सभी बीएलओ को 9 व 10 नवंबर को विशेष अभियान दिवस के बारे मे सख्त निर्देश दिए गए कि उक्त तिथि को सभी सुपरवाइज़र अपने बूथों का निरीक्षण करेंगे तथा अपने अपने बीएलो को शत प्रतिशत बूथ पर उपस्तिथि कराएंगे। अनुपस्थित बीएलओ की रिपोर्ट कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे। विशेष अभियान दिवस की तिथियों का व्यापक प्रचार प्रसार करेंगे जिससे ज्यादा से ज्यादा संख्या मे लोग अपने दावा और आपत्ति प्रस्तुत कर सके। बैठक में अनुपस्थित सुपरवाइज़र के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक मे नायब तहसीलदार संतोष कुशवाहा, खंड शिक्षा अधिकारी शाहाबाद के प्रतिनिधि रवि प्रकाश तथा निर्वाचन कार्य देख रहे वी0आर0सी0 तौकीर खान आदि मौजूद रहे।

आबकारी मंत्री ने दुर्घटना में प्रभावित परिवारों को सौंपा सहायता राशि का चेक

जन एक्सप्रेस । हरदोई। मल्लावां। विगत 6 नवम्बर को बिलग्राम से माधोगंज के मध्य रोशनपुर गाँव के पास हुई दुर्घटना में मृतकों के परिवारों के परिजनों को राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल, सांसद मिश्रिख अशोक रावत व विधायक बिलग्राम-मल्लावां आशीष सिंह आशू ने प्रधानमंत्री की ओर से 2 लाख व मुख्यमंत्री जी की ओर से 2 लाख अर्थात कुल 4 लाख की सहायता का चेक सौंपा। दो मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत 1-1 लाख की सहायता राशि दी गयी। इस अवसर पर माहौल काफ़ी भावुक हो गया। इसके साथ ही घायलों को प्रधानमंत्री की ओर से 50 हजार व मुख्यमंत्री की ओर से 50 हजार अर्थात कुल 1 लाख रूपये की सहायता राशि का चेक सौंपा गया।राज्य मंत्री ने कहा कि दुख की इस घड़ी में शासन व प्रशासन पूरी तरह से प्रभावित परिवारों के साथ है। पीड़ित परिवारों की हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने कहा कि सवारी गाड़ियों में ओवरलोडिंग के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाये। सांसद ने कहा कि वह मार्ग के चौड़ीकरण के लिए प्रयास करेंगे ताकि दुर्घटनाओं में कमी आ सके। विधायक बिलग्राम-मल्लावां ने कहा कि शासन व प्रशासन पूरी तरह से प्रभावित परिवारों के साथ है।डीएम मंगला प्रसाद सिंह ने सभी जनप्रतिनिधियों का आभार जताया और कहा कि जनपद में ओवरलोडिंग के मामले कार्रवाई की जा रही है। लोगों को भी जागरूक किया जा रहा है।

लकड़कट्टे ने परमिट से ज्यादा काट डाले पेड़

जन एक्सप्रेस । हरदोई। शाहाबाद। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के नरहाई गांव में बिरौरी रोड पर एक लकड़कट्टे ने 10 पेड़ों का परमिट बनवाकर बाग से 25 पेड़ गिरा दिए। यह सभी पेड़ सरकार द्वारा प्रतिबंधित पेड़ थे। जानकारी के अनुसार शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कटरा के रहने वाले लकड़कट्टे बबलू पुत्र नूरा ने नरहाई गांव में बिरौरी रोड पर आम और शीशम का एक बाग खरीदा था जिसमें तकरीबन 25 पेड़ थे। लकड़कट्टे बबलू द्वारा इस बाग के काटने के लिए मात्र दस पेड़ों का परमिट बनवाया गया और पूरा बाग काट लिया गया। बाग काटने में कोतवाली पुलिस के क्षेत्रीय हल्का इंचार्ज और वन दरोगा की मिली भगत बताई गई।

जनजातीय गौरव दिवस पर थारू बहुल गांवों में होंगी सभा

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा। इस दिन थारू बहुल 12 ग्राम पंचायतों में विशेष चौपाल, ग्राम सभा व प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजन की जिम्मेदारी पंचायती राज विभाग को सौंपी गई है। प्रत्येक ग्राम पंचायत में कार्यक्रम के आयोजन के लिए 10-10 हजार रुपये शासन से दिए जाएंगे। शासन की तरफ से 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा। इस दिन गैसड़ी व पचपेड़वा ब्लॉक की 12 थारू बहुल ग्राम पंचायतों में ग्राम सभा व प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इसमें जनजातीय लोगों को वनक्षेत्र अधिकार अधिनियम, पंचायत विकास सूचकांक व सतत विकास लक्ष्य सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी। जनजातीय लोगों को जागरूक करने के लिए शासन स्तर से विशेष तौर पर मास्टर ट्रेनर नियुक्त किए गए हैं। बलरामपुर के लिए पंचायती राज विभाग के डीपीएम संदीप कश्यप को मास्टर ट्रेनर के रूप में नियुक्त किया गया है। इन्हीं की निगरानी में 12 ग्राम पंचायतों में 15 नवंबर को सभा व प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। 12 ग्राम पंचायतों में सभा के आयोजन के लिए एक लाख 20 हजार रुपये शासन से मिलेंगे।

इन ग्राम पंचायतों में होगी सभा

बलरामपुर का गैसड़ी व पचपेड़वा ब्लॉक की कुछ ग्राम पंचायत थारू बहुल में आती हैं। 15 नवंबर को गैसड़ी ब्लॉक की ग्राम पंचायत नेवलगढ़, बेतहनिया कन्हईडीह, मुतेहरा तथा पचपेड़वा ब्लॉक की ग्राम पंचायत रजडेरवा थारू, विशुनपुर विश्राम, भगवानपुर कोडर, भुसहर ऊंचवा, भुसहर पुरई, चंदनपुर, कोहरगड्डी, सेमरहवा, इमिलिया कोडर में सभा व प्रशिक्षण का आयोजन किया जाना है।

भारत की एकता के अग्रदूत थे सरदार पटेल- पंकज चौधरी

जन एक्सप्रेस । बाराबंकी

भारत सरकार के वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि सरदार बल्लभ भाई पटेल देश की एकता के अग्रदूत थे।उनमें लोगों को एक जुट करने की अद्भुत क्षमता थी। आजादी के बाद 562 से अधिक रियासतों का भारत में विलय कराने वाले सरदार आधुनिक भारत के शिल्पी थे। पंकज चौधरी स्थानीय जीआईसी ऑडिटोरियम में द सरदार पटेल मिशन द्वारा सरदार पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश को एकता के सूत्र में पिरोने वाले सरदार पटेल उन लोगों के साथ भी तालमेल बिठा लेते थे जिनके साथ उनके वैचारिक मतभेद होते थे। बताया कि बारीक से बारीक चीजों को भी बहुत गहराई से देखना और परखना उनकी विशिष्टता थी। उन्होंने कहा कि गुजरात के केवड़िया में नर्मदा के तट पर सरदार पटेल की 182 मीटर व विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा बनवाकर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका सम्मान बढ़ाया है।कहा पीएम मोदी एक भारत श्रेष्ठ भारत के सपने को पूरा करने में जुटे है। भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय राय ने कहा कि आजादी से पहले भारत की राजनीति में सरदार की दृढ़ता और कार्यकुशलता ने उन्हें पहचान दिलाई तथा आजादी के बाद भारतीय राजनीति में उत्पन्न विपरीत परिस्थितियों को देश के अनुकूल बनाने की क्षमताओं ने सरदार पटेल का कद काफी बड़ा कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एमएलसी अवनीश सिंह पटेल ने सभी अतिथियों का आभार ज्ञापित किया।कार्यक्रम की शुरुआत सरदार पटेल के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन से हुई। प्रभारी मंत्री सुरेश राही सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए।संचालन सत्यप्रकाश पटेल ने किया।आयोजक व भाजपा नेता जंग बहादुर पटेल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य,प्रभारी मंत्री सुरेश राही, एससी - एसटी आयोग के प्रदेश अध्यक्ष बैजनाथ रावत, पूर्व सांसद उपेन्द्र सिंह रावत, विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा मौजूद रहे।

भाजपा नेता की हत्या में चार को उम्रकैद

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

- मामले में चार लोगों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई

हरैया के कुशमहवा मोड़ पर 18 अक्तूबर 2021 को भाजपा नेता कृष्ण प्रकाश शुक्ल की ट्रैक्टर से कुचलकर हत्या करने के मामले में शुक्रवार को जिला सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार झा ने फैसला सुनाया। मामले में चार लोगों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। जिला जज ने एक लाख 51 हजार 500 रुपये प्रति दोषी को अर्थदंड अदा करने का आदेश दिया। अर्थदंड में से चार लाख रुपये जिला जज ने मृतक की पत्नी को क्षतिपूर्ति के रूप में देने को कहा है। थाना हरैया के गांव बल्दीडीह कटकुइया निवासी नीरज कुमार शुक्ल ने मुकदमा दर्ज कराया था। कहा था कि 18 अक्तूबर की सुबह 11.30 बजे वह अपने चाचा भाजपा नेता कृष्ण प्रकाश शुक्ल और जोगेंद्र यादव के साथ बाजार से बाइक से गांव लौट रहे थे। तभी रास्ते में कुशमहवा मोड़ के पास गांव के ही राकेश यादव महंत ने ट्रैक्टर से उनकी बाइक को टक्कर मार दी, इससे तीनों गिर गए। तभी उमाकांत, राहुल, सतीश कुमार व जितेंद्र ने कृष्ण प्रकाश शुक्ल को पकड़कर गिरा दिया। इसके बाद राकेश यादव ने उन्हें ट्रैक्टर से कुचलकर मार डाला। इसके बाद आरोपी भाग निकले।

मां कात्यानी शक्तिपीठ पर होगा तुलसी नारायण विवाह उत्सव

जन एक्सप्रेस । हरदोई। शाहाबाद। दिलेर गंज स्थित मां कात्यानी शक्तिपीठ पर 12 नवंबर को दोपहर 3:00 बजे से श्री तुलसी नारायण विवाह उत्सव एवं रानी अहिल्याबाई होल्कर जी का त्रिशताब्दी समारोह आयोजित किया जा रहा है। इस आशय की सूचना देते हुए मां कात्यानी शक्तिपीठ के पीठाधीश्वर स्वामी आत्मानंद गिरि महाराज ने बताया विवाह उत्सव कार्यक्रम में भास्कर विज्ञान मिशन लखनऊ के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी भास्करानंद सरस्वती जी महाराज मौजूद रहेंगे।

उगते सूर्य क़ो अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुई छठ पूजा

जन एक्सप्रेस । हरदोई। सवायजपुर। डीसीएम श्रीराम शुगर मिल रूपापुर में लोक आस्था का महापर्व छठ शुक्रवार भोर में उगते हुए सूर्य देव को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हो गया। चार दिवसीय छठ पूजा के महापर्व की शुरुआत पांच नवंबर को नहाय खाय के साथ हुई थी। इसके बाद अगले दिन छह नवंबर को व्रती महिलाओं ने खरना की रस्म निभाई। छठ पूजा के लिए मिल परिसर में ही छठ पूजा स्थल पर आयोजन किया गया। यहाँ छठ पूजा के लिए विशेष इंतजाम किए गए। बृहस्पतिवार क़ो चीनी मिल के महाप्रबंधक प्रभात कुमार सिंह नें अपनी धर्मपत्नी संध्या सिंह के साथ शाम को छठ पूजा स्थल पर पहुंचकर बने जल कुंड में खड़े होकर अस्ताचल गामी सूर्य को अर्घ्य दिया। शुक्रवार सुबह उदय होते सूर्य को अर्घ्य देने के लिए सुबह चार बजे से ही पूजा स्थल घाट पर पहुंचकर पूजन किया। महाप्रबंधक प्रभात कुमार सिंह व उनकी पत्नी संध्या सिंह व व्रती महिलाओं की बड़ी संख्या में भीड़ पूजा । यहां पूजा-पाठ के लिए महिलाएं पारंपरिक वेषभूषा में अपने परिवार के साथ पहुंचीं। व्रती महिलाओं ने उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर छठ पूजा का व्रत संपन्न किया। इस दौरान छठी मैया के गीत गूंजते रहे। व्रती महिलाओं ने उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर छठ पूजा संपन्न की। इसी के साथ अपना व्रत खोला।

बलरामपुर चीनी मित्स लि0, बलरामपुर

संदर्भ संख्या: जी/विज्ञापन/45/915 दिनांक: 06, नवंबर, 2024

सूचना

बलरामपुर चीनी मिल का पेराई सत्र 2024-2025 दिनांक- 20.11.2024 से प्रारम्भ हो रहा है। अत: सभी मौसमी कर्मचारी दिनांक 19.11.2024 को समय कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी डियूटी समझ लें व आवास की व्यवस्था सुनिश्चित कर लें ।

कारखाना प्रबंधक

अगर मैंने किसी का दिल दुखाया हो तो माफी चाहूंगा : सीजेआई चंद्रचूड़

सीजेआई चंद्रचूड़ का आखिरी वर्किंग डे, 45 केस सुने, सिंघवी बोले, आपके यंग लुक का राज क्या, नए सीजेआई ने कहा, इसकी विदेशों तक चर्चा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सीजेआई चंद्रचूड़ 10 नवंबर 2024 को रिटायर हो जाएंगे, लेकिन उससे पहले 8 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट में उनका आखिरी वर्किंग डे था। सीजेआई चंद्रचूड़ की विदाई के लिए सेरेमोनियल बेंच बैठी। जिसकी लाइव स्ट्रीमिंग हुई। इसमें उनके साथ जस्टिस मनोज मिश्रा, जस्टिस जेबी पारदीवाला, वरिष्ठ वकीलों के अलावा 10 नवंबर से सीजेआई का पद संभालने वाले जस्टिस संजीव खन्ना भी शामिल हुए। जस्टिस खन्ना देश के 51वें सीजेआई होंगे। जस्टिस चंद्रचूड़ 13 मई 2016 को बतौर सिटिंग जज, इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस से सुप्रीम कोर्ट में प्रमोट किए गए थे। सीजेआई चंद्रचूड़ 1274 बेंचों का हिस्सा रहे। उन्होंने कुल 612 फैसले लिखे। सुप्रीम कोर्ट के मौजूदा जजों में सीजेआई चंद्रचूड़ ने सबसे ज्यादा फैसले लिखे हैं। सीजेआई चंद्रचूड़ के 2 साल के कार्यकाल के बड़े फैसलों में आर्टिकल 370, राम जन्मभूमि मंदिर, वन रैंक-वन पेंशन, मदरसा केस, सबरीमाला मंदिर विवाद, चुनावी बॉन्ड की वैधता और सीएए-एनआरसी जैसे फैसले शामिल हैं।

'जब मैं छोटा था, सुप्रीम कोर्ट आकर देखी थी कार्रवाई'

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने विदाई समारोह के मौके पर भावुक होते हुए कहा, रात को मैं सोच रहा था कि दोपहर दो बजे कोर्ट खाली होगा और मैं स्क्रीन पर खुद को देख रहा होउंगा। आप सभी की मौजूदगी से मैं अभिभूत हूं। सीजेआई ने कहा, जब मैं छोटा था, तो सुप्रीम कोर्ट में आकर यहां की कार्यवाही और कोर्ट में लगी दो तस्वीरों को देखता था। उन्होंने कहा, बॉम्बे हाईकोर्ट में भी न्यायमूर्ति चागला का बहुत प्रभाव था।

हमने कभी आपके सामने झिझक महसूस नहीं की। हम हमेशा इस बात से आश्वस्त रहे कि हमने अपने केस में आपके सामने अपनी बात पूरी तरह रख दी है। इस न्यायिक परिवार के कर्ता के तौर पर आपने हमेशा एक स्टैंडस्र लिया। आप 5 सी के लिए जाने जाएंगे- शांत, धैर्यवान, ठंडे दिमाग वाले, ना ही आलोचनात्मक और ना ही निंदा करने वाले।
-एआर वेंकटरमणी, अटॉर्नी जनरल

सुप्रीम कोर्ट के अपने 52 साल के कार्यकाल में मैंने इतने ज्यादा धीरज वाला जज नहीं देखा। आप देश के ऐसे समुदायों तक पहुंचे, जिनके बारे में पहले देखा-सुना नहीं गया था। आप उन्हें कोर्ट में लाए और बताया कि न्याय होता क्या है। आपके पिता तब सीजेआई थे, जब अदालतें अशांत-उत्तेजित हुआ करती थीं।
-कपिल सिब्बल, सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन प्रेसिडेंट

मेरा काम आसान और मुश्किल दोनों कर दिया है। आसान इसलिए क्योंकि कई रेवोल्यूशन हुए हैं, और मुश्किल इसलिए क्योंकि मैं उनकी बराबरी नहीं कर सकता, उनकी कमी हमेशा खलेगी। उनके यंग लुक की चर्चा सिर्फ यहां ही नहीं बल्कि विदेशों में भी होती है। ऑस्ट्रेलिया में बहुत से लोग मेरे पास आए थे और पूछा कि उनकी उम्र क्या है।
-संजीव खन्ना, जस्टिस

'हम सब यात्रियों की तरह, कुछ समय के लिए आते हैं'

उन्होंने आगे कहा, हम सभी यहां यात्रियों की तरह हैं, जो कुछ समय के लिए आते हैं, अपना काम करते हैं और फिर चले जाते हैं। कोर्ट के रूप में यह संस्थान हमेशा चलता रहेगा और इसमें विभिन्न विचारों वाले लोग आते रहेंगे। मुझे पूरा भरोसा है कि मेरे बाद न्यायमूर्ति खन्ना इस संस्थान को मजबूती और गरिमा के साथ आगे बढ़ाएंगे।

'जीवन को नया दृष्टिकोण देते हैं नए लोग'

सीजेआई ने यह भी बताया कि वह न्यायमूर्ति जे.बी.पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा के साथ बैठकर काम करने के अनुभव को बहुत याद करेंगे। उन्होंने कहा, यही कोर्ट है, जो मुझे आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। हम ऐसे लोगों से मिलते हैं, जिन्हें हम नहीं जानते थे और ये अनुभव जीवन को एक नया दृष्टिकोण देते हैं।

आप सभी का दिल से धन्यवाद : न्यायमूर्ति चंद्रचूड़

उन्होंने आगे कहा, मैं आज बहुत कुछ सीखा हूं। कोई भी मामला पहले के मामले जैसा नहीं होता। अगर कोर्ट में किसी कोई तकलीफ पहुंची हो तो मैं विनम्रतापूर्व माफी चाहता हूं। अंत में धन्यवाद देते हुए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, आप सभी का दिल से धन्यवाद।

प्रधानमंत्री को मेरी बातें देश तोड़ने वाली लगती हैं : राहुल

देश में इस समय दो विचारधाराएं, हम संविधान के रक्षक तो वे खत्म करने वाले

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। रांची

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को झारखंड के ईसाई बहुल सिमडेगा से विधानसभा चुनाव सभा की शुरुआत की। गांधी मैदान में 28 मिनट के भाषण में उन्होंने आदिवासी, अंबानी-अडाणी और संविधान का जिक्र किया। उन्होंने कहा- हम आदिवासियों, दलितों और पिछड़े की हक की बात करते हैं। इस पर मोदी जी कहते हैं कि राहुल गांधी देश तोड़ने वाली बात करता है। इस समय देश में दो विचारधाराएं हैं। हम संविधान की रक्षा कर रहे हैं, जबकि वे खत्म करना चाहते हैं। इसके बाद उन्होंने लोहरदगा में भी जनसभा की। झारखंड में दो चरणों 13 और 20 नवंबर को मतदान होगा। पहले फेज में 43 सीटें और दूसरे फेज में 38 सीटों पर वोट पड़ेगा। रिजल्ट 23 नवंबर को आएगा।

आदिवासी का मतलब समझाया

राहुल गांधी ने कहा कि हम लोग आपको आदिवासी कहते हैं और बीजेपी वाले वनवासी कहते हैं। अंग्रेज भी आपको वनवासी कहते थे। आदिवासी का मतलब है जो इस देश, धरती के पहले निवासी थे। जल, जंगल और जमीन पर आपका हक है। वनवासी का मतलब होता है आपका जल, जंगल और जमीन का कोई अधिकार नहीं है। आप जंगल में रहते हो इसलिए आपको अधिकार नहीं मिलेगा। वो चाहते हैं कि आपको शिक्षा न मिले।

अडाणी-अंबानी के बहाने मोदी सरकार पर हमला

उन्होंने बड़े लोगों की कर्ज माफी का जिक्र कर मोदी सरकार पर हमला बोला। कहा कि ये अडाणी-अंबानी की सरकार है। ये सिर्फ उनके फायदे के लिए काम करते हैं। हमारी योजना में सिर्फ गरीब लोगों की बातें होती है। देश में करीब 50प्रतिशत ओबीसी, 15प्रतिशत दलित, 8प्रतिशत आदिवासी और 15प्रतिशत अल्पसंख्यक वर्ग के लोग हैं। ये आबादी कुल 90प्रतिशत है। लेकिन आपको देश की बड़ी-बड़ी कंपनियों के मैनेजमेंट में ओबीसी, दलित और आदिवासी वर्ग का व्यक्ति नहीं मिलेगा। हिन्दुस्तान की सरकार को 90 अफसर चलाते हैं, देश के पूरे बजट का निर्णय यही अफसर लेते हैं। अगर इसमें से एक अफसर आदिवासी वर्ग का है, तो सरकार के 100 रुपए के खर्च में वो आदिवासी अफसर 10 पैसे का निर्णय लेता है।

नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान

बीजेपी-आरएसएस की विचारधारा ने एक राज्य (मणिपुर) को जला दिया। वहां आज तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नहीं गए। हमने भारत जोड़ो यात्रा निकाली और लोगों से कहा कि हम नफरत की बाजार में मोहब्बत की दुकान चलाएंगे। देश में एकता-भाईचारा को कायम करेंगे।

एक वोट, सात गारंटी

राहुल गांधी बोले- हम एससी-एसटी का आरक्षण बढ़ाएंगे। सबको हक मिलेगा। आपको 15 लाख रुपए तक की बीमा मिलेगा। हर व्यक्ति को हर महीने सात किलो राशन। युवाओं के लिए हर जिले में स्कूल-कॉलेज बनाए जाएंगे। हम एक मिलियन युवाओं को रोजगार देंगे।

संविधान बचाने की बात

आज देश में दो विचारधाराओं की लड़ाई चल रही है। एक तरफ- इंडिया गठबंधन, दूसरी तरफ- बीजेपी और आरएसएस। जहां इंडिया गठबंधन के लोग संविधान की रक्षा कर रहे हैं, वहीं बीजेपी-आरएसएस संविधान को खत्म करना चाहते हैं। संविधान सिर्फ एक किताब नहीं है। इसमें बिरसा मुंडा जी, अंबेडकर जी, फुले जी और महात्मा गांधी जी की सोच है। ये संविधान देश के आदिवासियों, दलितों, पिछड़ों, गरीबों की रक्षा करता है। इसलिए इंडिया गठबंधन चाहती है कि देश को संविधान के माध्यम से चलाया जाए। उन्होंने लोगों से वादा किया कि हमारी सरकार आएगी तो अग्निवीर योजना को खत्म कर देंगे।

एक्सप्रेस खबरें...

20 नवंबर को मतदान के दिन बंद रहेगा एनएसई, नहीं होगी शेयरों की खरीद-बिक्री

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने शुक्रवार को बताया कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान के कारण 20 नवम्बर को कारोबारी अवकाश घोषित किया गया है। उस दिन पूंजी बाजार और वायदा व विकल्प खंड में कोई कारोबार नहीं होगा। एनएसई ने कहा, एक्सचेंज बुधवार, 20 नवंबर, 2024 को महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों के कारण व्यापारिक अवकाश के रूप में अधिसूचित करता है। बीएसई की ओर से भी जल्द ही इसकी घोषणा किए जाने की उम्मीद है।

बीजापुर में सुरक्षाबल और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़, दो नक्सली ढेर, सर्च अभियान जारी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बीजापुर। उसूर ब्लॉक के बासागुड़ा उसूर व पामेड़ क्षेत्र में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिलने पर सुरक्षाबलों की संयुक्त पार्टी अभियान पर निकली थी। शुक्रवार की सुबह 11 बजे से यहां सुरक्षाबलों व नक्सलियों के बीच रुक-रुककर मुठभेड़ जारी है। इस मुठभेड़ में दो नक्सली ढेर हो चुके हैं। सर्च अभियान जारी है।

जीडीपी आंकड़े अब शाम 5.30 बजे के बजाय शाम 4 बजे जारी होंगे, सरकार ने लिया समय में बदलाव का फैसला

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली। सरकार जीडीपी के आंकड़े अब तय दिनों को शाम 5.30 बजे की बजाय शाम 4 बजे जारी करेगी। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में इसकी जानकारी दी। मौजूदा प्रथा के अनुसार, जीडीपी से जुड़ी जानकारी निर्धारित तिथियों पर शाम 5:30 बजे जारी की जाती हैं। बयान के अनुसार उपयोगकर्ताओं, मीडिया और जनता की जीडीपी डेटा तक आसानी से पहुंच बनाने के लिए रिलीज के दिन अधिक समय प्रदान करने के लिए नया समय तय किया गया है। बयान में कहा गया है, फ्नया रिलीज़ समय भारत में प्रमुख वित्तीय बाजारों के बंद होने के समय के आसपास का है। लेकिन इससे यह सुनिश्चित होगा कि जीडीपी डेटा प्रसार सक्रिय व्यापार में बाधा न डाले। वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) के लिए जीडीपी अनुमानों की अगली प्रेस विज्ञप्ति 29 नवंबर, 2024 को शाम 4:00 बजे प्रेस सूचना ब्यूरो की वेबसाइट और मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

सुप्रीम कोर्ट ने पलटा 1967 का फैसला

एएमयू अल्पसंख्यक संस्थान है या नहीं? अब नियमित पीठ करेगी फैसला

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अल्पसंख्यक दर्जे को लेकर दिए अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने साल 1967 में अजीज बाशा बनाम भारत गणराज्य मामले में दिए अपने ही फैसले को पलट दिया है। कोर्ट ने कहा है कि अगर कोई संस्थान कानून के तहत बना है तो भी वह अल्पसंख्यक संस्थान होने का दावा कर सकता है। अब अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय का अल्पसंख्यक दर्जा बरकरार रहेगा या नहीं, इसका फैसला नियमित पीठ करेगी। दरअसल सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की संवैधानिक पीठ ने 4-3 के बहुमत से यह आदेश दिया।

कोर्ट ने एक फरवरी को सुरक्षित रख लिया था फैसला

साल 2006 में इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय को अल्पसंख्यक संस्थान नहीं माना था। उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई। जिस पर सुनवाई के दौरान साल 2019 में सुप्रीम कोर्ट की तीन जजों की पीठ ने मामले को सात जजों की पीठ के पास भेज दिया था।



सुनवाई के दौरान सवाल उठा था कि क्या कोई विश्वविद्यालय, जिसका प्रशासन सरकार द्वारा किया जा रहा है, क्या वह अल्पसंख्यक संस्थान होने का दावा कर सकता है? इस मामले पर सुनवाई पूरी कर सुप्रीम कोर्ट की सात जजों की पीठ ने बीती 1 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था। अब अपने फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने साल 1967 के फैसले को पलटते हुए स्पष्ट कर दिया कि कानून द्वारा बनाए गए संस्थान को भी अल्पसंख्यक दर्जा मिल सकता है। हालांकि अंतिम फैसले के लिए पीठ ने मामले को नियमित पीठ के पास भेज दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया था एएमयू का अल्पसंख्यक दर्जा

साल 1967 में अजीज बाशा बनाम भारत गणराज्य मामले में सुप्रीम कोर्ट की पांच जजों की पीठ ने भी अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय का अल्पसंख्यक दर्जा खारिज कर दिया था। हालांकि साल 1981 में सरकार ने एएमयू एक्ट में संशोधन कर विश्वविद्यालय का अल्पसंख्यक संस्थान का दर्जा फिर से बरकरार कर दिया गया था। अपने 1967 के फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जो संस्थान कानून के मुताबिक स्थापित किया गया है, वह अल्पसंख्यक संस्थान होने का दावा नहीं कर सकता है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ में से खुद सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस जेडी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा ने संविधान के अनुच्छेद 30 के मुताबिक अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के अल्पसंख्यक संस्थान के दर्जे के कायम रखने के पक्ष में तर्क दिए। पीठ में शामिल जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा ने विपरीत तर्क दिए।

दिल्ली की हवाओं में लौटेगा दम, सरकार ने उठाया बड़ा कदम, हथियार का नाम है 'मिस्ट स्प्रे ड्रोन'

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली इस वक्त सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर है और गैस चेंबर बना हुआ है। अब ऐसे में दिल्ली सरकार भी ड्रोन तकनीक का सहारा ले रही है। ड्रोन के बारे में हम सभी जानते हैं। ड्रोन एक मानव रहित हवाई वाहन होता है। जिसको वीडियोग्राफी, कृषि, डिलीवरी आदि के काम के लिए बनाया गया है। लेकिन अब सरकार इसका इस्तेमाल प्रदूषण को कम करने के लिए करने जा रही है। इससे पहले दिल्ली सरकार राजधानी में आर्टिफिशियल रेन कराने की तैयारी में थी। लेकिन केंद्र से मंजूरी नहीं मिलने के बाद दिल्ली सरकार ने यह कदम उठाया है।

क्या है ड्रोन तकनीक

भारत ही नहीं दुनिया में ड्रोन तकनीक को अपनाया गया है। ड्रोन, जिसे मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) कहा जाता है। यह वाहन रिमोट कंट्रोल के जरिए संचालित किया जाता है। इसका इस्तेमाल निगरानी, सैन्य अभियान, डिलीवरी, कृषि, बचाव अभियान से लेकर वीडियो-फोटोग्राफी तक किया जाता है। बढ़ते वायु प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए दिल्ली सरकार ने शुक्रवार को शहर के प्रदूषण हॉटस्पॉट में से एक आनंद विहार में ड्रोन-आधारित धुंध छिड़काव% का परीक्षण किया।

सेंसर से लैस है ड्रोन

मंत्री गोपाल राय ने बताया कि वायु प्रदूषण स्रोतों की पहचान करने में ड्रोन मैपिंग तकनीक एक महत्वपूर्ण उपकरण है। सेंसर से लैस ड्रोन भीड़भाड़ वाले शहरी क्षेत्रों, औद्योगिक और उन क्षेत्रों तक पहुंचने में सक्षम हैं, जहां पारंपरिक तरीकों से निगरानी करना मुश्किल है। ड्रोन की तैनाती प्रदूषकों के फैलाव को बेहतर ढंग से समझने और नियमों का उल्लंघन करने वाले अनधिकृत औद्योगिक संचालन या निर्माण स्थलों जैसे महत्वपूर्ण हॉटस्पॉट की पहचान करने में सक्षम बनाती है।

रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भारत को बताया 'महान देश', बोले, इसे वैश्विक महाशक्ति कहा जाना चाहिए

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने एक बार फिर भारत की जमकर तारीफ की है और कहा कि भारत और रूस में सहयोग लगातार बढ़ रहा है। पुतिन ने भारत को महान देश बताया और कहा कि भारत की आर्थिक तरक्की और इसकी विशालता को ध्यान में रखते हुए इसे वैश्विक महाशक्तियों की सूची में शामिल किया जाना चाहिए। पुतिन ने रूस के सोची शहर में वालदाई डिस्कशन क्लब नामक कार्यक्रम में अपने संबोधन के दौरान ये बातें कही। पुतिन ने अपने संबोधन में कहा कि हम भारत के साथ अपने रिश्तों को विभिन्न क्षेत्रों में विकसित कर रहे हैं।

भाजपा बहुमत न मिलने पर एमएलए खरीदती है, संविधान नष्ट करने के प्रयास : तेजस्वी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

झारखंड विधानसभा की 81 सीटों पर आगामी 13 और 20 नवंबर को मतदान होने हैं। इससे पहले सत्ताधारी गठबंधन के अलावा विपक्षी पार्टियां भी जमकर चुनाव प्रचार कर रही हैं। ताजा घटनाक्रम में बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने चतरा में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) नेता तेजस्वी यादव ने विपक्षी दल भाजपा पर आरोप लगाया कि जब बीजेपी सरकार नहीं बना पाती है तो वह विधायकों को खरीद लेती है। तेजस्वी ने कहा कि बिहार में सत्ता पाने के लिए मुख्यमंत्री को ही ले लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी भारत के लोकतंत्र और संविधान को नष्ट करना चाहती है।

भाजपा प्रमुख विपक्षी दल, कांग्रेस तीसरे नंबर पर

गौरतलब है कि झारखंड की 81 सदस्यीय विधानसभा में फिलहाल 27 विधायकों वाला झारखंड मुक्ति मोर्चा सबसे बड़ा दल है। 24 विधायकों के साथ भाजपा प्रमुख विपक्षी दल है। इसके अलावा 18 विधायकों वाली कांग्रेस संख्याबल के लिहाज से तीसरी सबसे बड़ी पार्टी है। 81 विधायकों वाली विधानसभा में चार सीटें खाली हैं।

वर्ल्ड लीडर बनने की राह पर भारतीय जूता उद्योग

जब स्थानीय उद्योगों को सही मार्गदर्शन और समर्थन मिलता है, तो वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी महत्वपूर्ण योगदान कर सकते हैं

- 'मीट एट आगरा ' के 16वें संस्करण का उद्घाटन ताज नगरी के आगरा ट्रेड सेंटर में हुआ
- उद्योग के अनुभवी बोले,यदि उद्योगों का विकास होगा तो देश का समग्र विकास संभव

जन एक्सप्रेस । आगरा

फुटवियर कम्पोनेंट्स एंड मशीनरी की आधुनिक और रचनात्मकता दुनिया, किस तरह भारतीय जूता उद्योग अपनी नवीनतम तकनीक और क्वालिटी के दम पर वर्ल्ड लीडर बनाने की राह में आगे बढ़ रहा है कुछ ऐसी उत्साहजनक बातें के बीच एफमेक द्वारा 'मीट एट आगरा ' के 16वें संस्करण का शुक्रवार को उद्घाटन आगरा ट्रेड सेंटर पर हुआ। उद्घाटन मुख्य अतिथि लघु उद्योग निगम के चेयरमैन राकेश गर्ग, लेदर सेक्टर स्किल कॉउंसिल के चेयरमैन मुख्तारुल अमीन, प्रिंसिपल कमिश्नर इनकम टैक्स एस. नैयर अली नजमी, स्टेट जीएसटी के एडिशनल कमिश्नर मारुति शरण चौबे, जॉइंट कमिश्नर इंडस्ट्री अनुज कुमार, एमएसएमई के संयुक्त निदेशक आरके भारती और एफमेक अध्यक्ष पूरन डावर ने संयक्त रूप से किया। इस अवसर पर अपने संबोधन मुख्य अतिथि लघु उद्योग निगम के चेयरमैन राकेश गर्ग ने कहा कि कहा कि, हमारे देश में लघु उद्योग क्षेत्र हमेशा से आर्थिक विकास का महत्वपूर्ण हिस्सा रहा है। इस प्रकार के आयोजन न केवल उद्योगों को एक मंच प्रदान करते हैं, बल्कि नवाचार, विकास और कौशल निर्माण में भी सहायक होते हैं। लघु उद्योग निगम इस दिशा में सरकार की योजनाओं को लागू करने में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। हमें इस अवधारणा को समझना होगा कि यदि उद्योगों का विकास होगा तो देश का समग्र विकास संभव है। उद्योगों की समृद्धि सीधे तौर पर देश की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने में योगदान देती है। आगरा के लेदर क्लस्टर ने इस बात को लगातार साबित किया है कि जब स्थानीय उद्योगों को सही मार्गदर्शन और समर्थन मिलता है, तो वे न केवल अपनी सीमा तक बल्कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी महत्वपूर्ण योगदान कर सकते हैं। लेदर सेक्टर स्किल कॉउंसिल के चेयरमैन मुख्तारुल अमीन ने कहा कि मीट एट आगरा अपने आयोजन के उद्देश्य में लगातार सफलता पर रहा है। खुशी की बात है कि यह आयोजन जब शुरू हुआ था तब इसका स्वरुप रीजनल था फिर नेशनल हुआ आज यह फेयर इंटरनेशनल बन गया है।

पहले दिन आंकड़े जो आये सामने

5722
कुल विजिटर्स की सहभगिता

1740
रजिस्टर्ड बिजिनेस विजिटर्स

कंपोनेंट्स की दृष्टि से हमें जूता उद्योग को और मजबूत करना होगा : पूरन डावर

एफमेक अध्यक्ष पूरन डावर ने कहा कि कंपोनेंट्स की दृष्टि से हमें जूता उद्योग को और मजबूत करना होगा। मुझे लगता है कि इसके लिए हमें अपनी उत्पादन क्षमता और गुणवत्ता दोनों को बढ़ाना होगा। हालांकि, आज देश में बड़े पैमाने पर यह प्रयास हो रहे हैं, और आगरा भी इसमें पीछे नहीं है। यहां उत्पादन अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हो रहा है। उन्होंने आगे कहा, हमारे लिए यह जरूरी है कि हम आगे बढ़ें और भविष्य के लिए बड़ा लक्ष्य निर्धारित करें। तीन साल में 5 प्रतिशत या 10 प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य तो ठीक है, लेकिन असल में हमारा लक्ष्य कहीं बड़ा होना चाहिए- हमें इसे दुगना करने की दिशा में काम करना होगा। सिर्फ चमड़े के जूते बनाने तक सीमित नहीं रहना है। हमें स्पोर्ट्स शूज, स्नीकर, एथलेटिक शूज, और विशेष प्रकार के स्पोर्ट्स शूज जैसे फुटबॉल, गोल्फ, क्रिकेट आदि के विकल्प भी विकसित करने होंगे। साथ ही, सेफ्टी शूज और अन्य संबंधित उत्पादों की भी आज भारी मांग है। इस बदलाव को अपनाना और वैश्विक बाजार में अपनी पहचान बनाना हमारे लिए महत्वपूर्ण है।

एक्सीलेंस इन फुटवियर एक्सपोर्ट्स

गोपाल गुप्ता — गुप्ता एच.सी. ओवरसीज
अजित कलसी — मेट्रो एंड मेट्रो
गौतम मेहरा — लाइनर शूज

एक्सीलेंस इन फुटवियर कंपोनेंट्स

अमन गुप्ता — कैप्सटन रबर इंडिया
कपिल पलवर — डीएसएम सोल प्रोडक्ट्स

टर्नओवर के आधार पर इनको मिला एक्सीलेंस अवार्ड

उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गत वर्ष के टर्नओवर के आधार पर पांच समूहों को एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। जिन्होंने अपने कार्यक्षेत्र में विशेष उपलब्धियां हासिल की हैं, जिससे उद्योग में प्रतिस्पर्धात्मकता और गुणवत्ता को बढ़ावा मिला है।

मुख्य रूप से रहे मौजूद

इस मौके पर आयोजन समिति के चेयरमैन गोपाल गुप्ता, एफमेक के एफमेक के कन्वीनर कैप्टन ए.एस. राणा, महासचिव राजीव वासन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सहगल, एफमेक के सचिव ललित अरोड़ा, प्रदीप वासन, सुधीर गुप्ता, इफ्कोमा अध्यक्ष संजय गुप्ता, महासचिव दीपक मंनचदा, एफएएफएम के अध्यक्ष कुलदीप सिंह कोहली, ओपिंदर सिंह लवली, प्रदीप वासन, एफएएफएम के अध्यक्ष कुलदीप कोहली, महासचिव नकुल मनचंदा, रोमी मगन, आस्मा के अध्यक्ष उपेंद्र सिंह लवली आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

शाम तक आते रहे विजिटर्स

पहले दिन सुबह से लेकर देर शाम तक लगातार विज़िटर्स का आना जारी रहा, न सिर्फ फैक्ट्री ऑनर्स ने इस आयोजन में सिरकत की वल्कि भविष्य की उद्यमियों ने भी इस एग्जिविशन में हिस्सा लिया। ऐसा लग रहा था इस आयोजन में सहभागिता के मौके को इंडस्ट्री से जुड़ा कोई भी कारोबारी चूकना नहीं चाहता था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)